28:03:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 12 अंक ›› 084 epaper.rashtriyakhabar.com चैत्र, शुक्लपक्ष सप्तमी, विक्रम संवत 2080

## वासंतिक नवरात्र

सप्तमम् कालरात्रि

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा
वर्धन्मूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयन्करि॥

## चाणक्य नीति

न विप्रपादोदककर्दमानि न वेदशास्त्रध्वनिगर्जितानि।
स्वाहा-स्वधाकार-विवर्जितानि श्मशानतुल्यानि गृहाणि तानि॥

**भावार्थ :** जिन घरों में ब्राह्मणों के पांव धोने वाले जल से कीचड़ न हुआ हो, जहां वेद आदि शास्त्रों के पाठ न होते हों, जिसमें स्वाहा और स्वधा इन शब्दों का उच्चारण न होता हो, वे घर श्मशान के समान हैं।

## रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 31.00 °c | 18.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 18.02 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 05.46 बजे

## अक्षय तृतीया के दिन खुलेंगे यमुनोत्री धाम के कपाट

**खुशीमठ :** श्री यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया, शनिवार 22 अप्रैल को दिन में 12 बजकर 41 मिनट पर कर्क लग्न, अभिजीत मुहूर्त, कृतिका नक्षत्र में खुलेंगे। यमुना जयंती सोमवार, चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर मां यमुना के शीतकालीन प्रवास खुशीमठ (खरसाली) में मंदिर समिति यमनोत्री द्वारा मां यमुना की पूजा अर्चना के पश्चात, विधि विधान पंचाग गणना के पश्चात विद्वान आचार्यो- तीर्थपुरोहितों द्वारा कपाट खुलने की तिथि तथा समय निश्चित किया गया। इसके बाद मंदिर समिति के सचिव सुरेश उनियाल ने मंदिर समिति पदाधिकारियों तथा तीर्थ पुरोहितों की उपस्थिति में कपाट खुलने की तिथि और समय की विधिवत घोषणा की। मंदिर समिति के पूर्व सचिव कीर्तेश्वर उनियाल ने बताया कि इस अवसर पर मां यमुना जी की उत्सव डोली के धाम प्रस्थान का भी कार्यक्रम तय हुआ।

## बारूदी सुरंग की विस्फोट से एक जवान शहीद

**जगदलपुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में आज माओवादियों द्वारा बिछाये गए बारूदी सुरंग की विस्फोट से एक जवान शहीद हो गया। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि बीजापुर जिले के मिरतुर थाना क्षेत्र के तिमेनार में चल रहे सड़क निर्माण कार्य की सुरक्षा में निकली पुलिस पार्टी का जवान माओवादियों द्वारा लगाए गए प्रेशर आइईडी की चपेट में आने से शहीद हो गया है। श्री सुंदरराज पी ने बताया कि मिरतुर थाना क्षेत्र में स्थित छत्तीसगढ़ आर्म फोर्स कैम्प एटापाल और तिमेनार केम्प के बीच सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। जिसकी सुरक्षा देने तिमेनार कैम्प से छत्तीसगढ़ आर्म फोर्स का एक दल निकला था इसी दौरान सुबह एटेपाल केम्प से महज एक किलोमीटर दूरी पर सड़क से लगे टेकरी में माओवादियों द्वारा पूर्व से लगाये गए प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से छत्तीसगढ़ आर्म फोर्स 19 बटालियन के वाहिनी डी कम्पनी के एसीसटेंट सहायक प्लाटून कमांडर विजय यादव शहीद हो गया है। शहीद जवान को भैरमग थाने में गॉड ऑफ ऑनर दिए जाने की तैयारी की जा रही है ।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**राजनीति** › राहुल की सदस्यता जाने के बाद पीछे हटने को तैयार नहीं विपक्ष

# संसद के दोनों सदनों में इसी मुद्दे पर शोर

- काला कपड़ा पहनकर आये थे विरोधी सांसद
- राज्य सभा में कुछ विधेयक पारित किये जा सके
- बिड़ला और धनखड़ की बात का नहीं हुआ असर

**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली:** लोकसभा में अडानी मामले में संयुक्त संसदीय समिति के गठन की मांग को लेकर विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। पीठासीन अधिकारी रमा देवी ने एक बार स्थगन के बाद चार बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की विपक्ष के सदस्य हाथों तख्तियां लेकर आसन के समक्ष आकर नारेबाजी करने लगे। विपक्षी सदस्यों ने जेपीसी की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। पीठासीन अधिकारी ने हंगामे के बीच जरूरी काग़जात पटल पर रखवाए गए और सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की विपक्षी सदस्य हंगामा करते हुए आसान की ओर बढ़े। अध्यक्ष ने कहा कि वह सदन को गरिमापूर्ण ढंग से चलाना चाहते है और तत्काल सदन की कार्यवाही चार बजे तक स्थगित कर दी। सदन में विपक्षी सदस्य काले कपड़े पहनकर आये थे। इस दौरान विपक्षी सदस्यों की तरफ से आसन की ओर कुछ कागज फेंके गए। राज्यसभा ने सोमवार को विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच विनियोग विधेयक 2023 और जम्मू कश्मीर विनियोग विधेयक 2023 ध्वनिमत से लोकसभा को लौटा दिया और सदन की कार्यवाही दिनभर ›› पेज 2 भी देखें

विपक्ष का संसद भवन परिसर में धरना प्रदर्शन

नयी दिल्ली: कांग्रेस तथा विपक्षी दलों के सांसदों ने अडानी मामले में जेपीसी की मांग को लेकर सोमवार को संसद भवन परिसर में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति के सामने धरना दिया और प्रदर्शन किया तथा प्रवर्तन निदेशालय- ईडी एवं अन्य एजेंसियों के दुरुपयोग करने का सरकार पर आरोप लगाया। विपक्षी दलों के सांसद दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित होने की बाद संसद भवन परिसर में एकत्रित हुए और गांधीजी की मूर्ति के समक्ष हाथों में बैनर तथा तख्तियां लेकर धरने पर बैठ गए। बाद में इन नेताओं ने प्रदर्शन और मार्च भी किया। प्रदर्शनकारी सांसदों ने प्रदर्शन करते हुए मार्च भी निकाला जिसमें ह्यसत्यमेव जयतेह्व नारा लिखे एक बड़ा बैनर लेकर आगे बढ़े। इसके साथ ही कई सांसद हाथों पर तख्तियां लेकर मार्च में शामिल हुए। इससे पहले संसद की कार्यवाही शुरू होने से पूर्व विपक्षी दलों के सांसदों की राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खडगे के कक्ष में बैठक हुई जिसमें कांग्रेस के अलावा डीएमके, समाजवादी पार्टी, जनता दल-यू,मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी आरएसपी, आम आदमी पार्टी, नेशनल कांफ्रेंस, शिवसेना सहित अन्य दलों के नेता शामिल हुए।

ब्रिटेन के पास ही मौजूद हैं दुनिया का अस्वीकृत सबसे छोटा देश

# इस स्वतंत्र देश की आबादी मात्र 27 लोग हैं

- दूसरे विश्वयुद्ध के वक्त किला बनाया था
- अलग अलग राजाओं का यहां शासन रहा है
- पर्यटकों के लिए यह एक रोचक स्थान बना है

**राष्ट्रीय खबर**

**लंदन:** आम तौर पर पूछे जाने पर दुनिया के सबसे छोटे देश के तौर पर अधिसंख्या लोग वेटिकन सिटी का नाम लेते हैं, जहां पोप का निवास है। दुनिया में इसे एक पवित्र स्थान के तौर पर भी माना जाता है। लेकिन आंकड़ों के लिहाज से इससे छोटा भी एक देश दुनिया में मौजूद है। भले की दुनिया में इसे स्वतंत्र देश के तौर पर मान्यता नहीं मिली है। लेकिन ब्रिटेन के पास यह देश मौजूद है। इस देश को ह्यप्रिंसिपलिटी ऑफ सीलैंडह्व कहा जाता है। संक्षेप में इसे ह्यसीलैंडह्व कहते हैं। सीलैंड की रियासत को अभी तक दुनिया के 200 मान्यता प्राप्त देशों की सूची में मान्यता नहीं मिली है। सीलैंड इंग्लैंड के तट से 10 किमी दूर स्थित है। इसे सूक्ष्म राष्ट्र कहा जाता है। सबसे छोटे देश का कुल क्षेत्रफल 550 वर्ग मीटर है। यह इंग्लैंड के उत्तरी सागर में स्थित है। देश में अंग्रेजी भाषा बोली जाती है और मुद्रा जीलैंड डॉलर है। लेकिन यह करेंसी किसी भी विदेश में काम नहीं करती है। इस देश की जनसंख्या तो और भी हैरान करने वाली है। ये जानकर हमारा 150 करोड़ का देश हंसेगा। सीलैंड की आबादी सिर्फ 27 लोगों की है। जीलैंड की रियासत का अपना झंडा, राजधानी, पासपोर्ट, मुद्रा, राजा, रानी, लोग हैं।

यह वास्तव में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इस्तेमाल किया जाने वाला बंदरगाह है। इस डर से कि जर्मन सेना किसी भी क्षण इंग्लैंड पर आक्रमण कर सकती है, ब्रिटिश सेना ने इंग्लैंड के ›› पेज 2 भी देखें

## अडानी समूह में सरकारी निवेश की जांच क्यों नहीं : राहुल-प्रियंका

**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली:** कांग्रेसी नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि एलआईसी, भारतीय स्टेट बैंक एवं कर्मचारी भविष्य निधि जैसे संगठनों में जमा आम जनता का पैसा अडानी समूह की कंपनियों में सरकार ने क्यों लगाया है और जब इसकी जांच की मांग की जा रही है तो सरकार चुप्पी क्यों साध रही है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इस मामले में भ्रष्टाचार हुआ है और जब इस घोटाले की जेपीसी से जांच की मांग की जा रही है तो सरकार कोई जवाब नहीं दे रही है और घोटाले की जांच भी नहीं कराई जा रही है।

श्री गांधी ने कहा एलआईसी की पूंजी, अडानी को। एसबीआई की पूंजी,अडानी को। ईपीएफओ की पूंजी भी अडानी को। मोडानी के खुलासे के बाद भी, जनता के रिटायरमेंट का पैसा अडानी की कंपनियों में निवेश क्यों किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जी, न जांच, न जवाब। आखिर इतना डर क्यों।

श्रीमती वाड्रा ने कहा ''मोदी जी की निगरानी में एसबीआई का पैसा अडानी को, एलआईसी में लगा जनता का पैसा अडानी को, भविष्य निधि में जमा कर्मचारियों की मेहनत का पैसा अडानी को ,लेकिन भ्रष्टाचार और अडानी की फर्जी कंपनियों की जांच नहीं कराएंगे। प्रधानमंत्री जी दोस्त बचाओ मिशन पर हैं, हमें एकजुट होकर देश बचाना है।''

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जो पैसा अडानी समूह की कंपनियों में गलत तरीके से डाला गया है उसको लेकर सरकार से सवाल पूछे जा रहे हैं लेकिन न सवालों के जवाब दिए जा रहे हैं और ना आरोपों की जांच का काम किया जा रहा है। इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने भी सवाल किया कि आखिर अडानी की संपत्ति कुछ ही साल में 12 लाख करोड़ रुपये कैसे पहुंची है और जब इस बारे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सवाल किया तो उनकी आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है।

असम की विधानसभा और लोकसभा सीटों के परिसीमन की प्रक्रिया

## चुनाव आयोग की टीम गुवाहाटी पहुंची

- कांग्रेस को बैठक में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया
- यहां के हर सीट की सीमा रेखा नये सिरे से तय होगी

**भूपेन गोस्वामी**

**गुवाहाटी:** असम में निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन से पहले भारत निर्वाचन आयोग की पूरी टीम राजनीतिक दलों तथा नागरिक संस्थाओं समेत विभिन्न हितधारकों के साथ विचार-विमर्श करने के लिए राज्य के तीन दिवसीय दौरे पर गुवाहाटी पहुंची। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नितिन खाड़े ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और आयुक्त अनूप चंद्र पांडे तथा अरुण गोयल सोमवार को हितधारकों के साथ चर्चा की।भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने 27 मार्च को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी) को परिसीमन अभ्यास से संबंधित बैठक में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया, जो चल रही है। 55 से अधिक संगठनों और दस राष्ट्रीय और राज्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों ने आज गुवाहाटी में चुनाव आयोग से मुलाकात की।

जैसा कि चुनाव आयोग एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल के दृष्टिकोण को उच्च महत्व देता है, मुझे आयोग द्वारा एक बार फिर निमंत्रण देने और आपसे चल रहे परामर्श में शामिल होने का अनुरोध करने का निर्देश दिया जाता है। असम के संयुक्त सीईओ लखीनंदन सहारिया ने 27 मार्च को लिखे एक पत्र में कहा, 'इस संबंध में आज या कल दोपहर 1:00 बजे तक किसी भी समय की सुविधा होगी।उन्होंने आगे कहा कि बीएडी, असम में विधानसभा और संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी) और बोडोलैंड पीपुल्स कमेटी ने जनवरी 2023 में ईसीआई द्वारा दिल्ली में समय मांगा और दिया गया था। उन्होंने कहा, ह्यआपके अभ्यावेदन में दिए गए सभी बिंदुओं को ईसीआई द्वारा विधिवत नोट किया गया था।

सहारिया के अनुसार, आयोग ने इसके बाद राजनीतिक दलों, जन प्रतिनिधियों, नागरिक समाज संगठनों आदि सहित ›› पेज 2 भी देखें

## उत्तरकाशी में बिजली गिरने से 350 से ज्यादा मवेशियों की मौत

**देहरादून :** उत्तरकाशी के जंगल में अचानक आसमानी बिजली गिरने से ढेर सारी भेड़-बकरियों की मौत हो गई है। स्थानीय निवासियों को याद नहीं कि पिछली बार बिजली गिरने से इतने सारे जानवर कब मरे थे। उत्तराखंड के अलग-अलग हिस्सों में अक्सर आंधी-तूफान की आवाज सुनाई देती है। लेकिन यह घटना हैरान करने वाली है। कम से कम साढ़े तीन सौ बकरियां और भेड़ प्राकृतिक आपदा के शिकार हुए। घटना उत्तराखंड के उत्तरकाशी की है। स्थानीय प्रशासन इस मामले को देखेगा और सरकार को एक रिपोर्ट सौंपेगा। बारसू गांव निवासी संजीव रावत शनिवार की रात बारिश में 350 बकरियों और भेड़ों को लेकर ऋषिकेश से उत्तरकाशी लौट रहे थे। उनके साथ एक दोस्त भी था। उनलोगों के मुताबिक घने जंगल से गुजरते समय आसमान में बिजली चमकी और वहीं बिजली एक विशाल देवदार के पेड़ से टकराती है। उस समय संजीव मवेशियों से थोड़ा आगे चल रहे थे। उसके दोस्त ने बारिश से बचने के लिए दूसरे पेड़ के नीचे शरण ली। बकरियों और भेड़ों ने गरजते चीड़ के पेड़ को घेर लिया। बिजली की चपेट में आते ही सभी बकरियां और भेड़े मर गई। किसी तरह संजीव और उसका दोस्त बच गए। स्थानीय ग्रामीण जगमोहन रावत ने कहा कि उन्होंने खड़ूखाल गांव के पास जंगल में बिजली गिरने की आवाज भी सुनी पर समझ नहीं आया कि ऐसा हो गया। जगमोहन को याद नहीं कि आखिरी बार बिजली गिरने से इतने सारे जानवरों के मरने की खबर उन्होंने आखिरी बार कब सुनी थी।

**अनुसंधान** › हमारे सौरमंडल के गुरु ग्रह पर निर्भर है बाकी सब चीजें

# एक धक्का पड़ा तो पृथ्वी भी खत्म हो जाएगी

- गुरु और मंगल के बीच कभी था ऐसा ग्रह
- बाहरी जगत से भी कोई आया तो गड़बड़ी होगी
- कंप्यूटर मॉडल के जरिए भी इसकी परख की गयी

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** अंतरिक्ष अनुसंधान की दिशा में अब यह माना जा रहा है कि मंगल और गुरु ग्रह के बीच अगर कोई ग्रह होता तो वह पृथ्वी और यहां मौजूद जीवन के लिए भी खतरा होता। इसलिए शोधकताओं ने इस बात पर

संतोष व्यक्त किया है कि वर्तमान में हमारी सौरमंडल के इन दो ग्रहों के बीच ऐसा कुछ नहीं है। लेकिन वैज्ञानिकों ने यह चेतावनी भी दी है कि किसी दूसरे सौर मंडल का कोई ग्रह अगर इस रास्ते पर आ गया तब भी तबाही आ सकती है। एक वैज्ञानिक प्रयोग के दौरान इसे बेहतर तरीके से समझ लेने के बाद ही शोधकताओं ने यह टिप्पणी की है। इस बारे में एक वैज्ञानिक लेख प्लैनेटरी साइंस ›› पेज 2 भी देखें

### ग्रह का लंबे समय तक स्थिर रहना संभव है

प्रयोग के दौरान केन और उनके सहयोगियों ने उस काल्पनिक ग्रह के द्रव्यमान को छोटा कर दिया और इसे सीधे मंगल और बृहस्पति के बीच में रख दिया, तो उन्होंने देखा कि ग्रह का लंबे समय तक स्थिर रहना संभव है। लेकिन किसी भी दिशा में छोटे कदम से सब कुछ तहस नहस हो जाएगा। बृहस्पति जैसे ग्रह, अपने सितारों से दूर गैस के दिग्गज, केवल लगभग 10% समय में पाए जाते हैं, उनकी उपस्थिति यह तय कर सकती है कि पड़ोसी पृथ्वी या सुपर-अर्थ की कक्षाएँ स्थिर हैं या नहीं। इन परिणामों ने केन को सूर्य के चारों ओर ग्रहों को एक साथ रखने वाले नाजुक क्रम के लिए एक नया सम्मान दिया। हमारा सौर मंडल पहले की तुलना में अधिक सूक्ष्मता से ट्यून किया गया है। केन ने कहा कि यह सब जटिल घड़ी गियर्स की तरह काम करता है। इसमें जरा सी भी हेरफेर होने से सब कुछ नष्ट हो जाता है। पूरा सौरमंडल भी इसी तरह एक सटीक संतुलन के आधार पर टिका हुआ है।

## चिड़ियाघर से भागे जेब्रा ने शहर को काफी देर तक परेशान किया

- अधिकारियों ने पशु को बेहोश करने वाले इंजेक्शन का उपयोग करने से परहेज किया

**राष्ट्रीय खबर**



**सियोल:** दक्षिण कोरिया की राजधानी में गुरुवार को एक नर जेब्रा शहर की व्यस्त सड़कों और पीछे की गलियों में घंटों तक भागता रहा। बड़ी मुश्किल से उसे किसी तरह काबू कर वापस चिड़ियाघर लौटाया गया। सोशल मीडिया पर वीडियो में 3 साल के इस जेब्रो को सियोल के ग्वांगजिन जिले में भारी ट्रैफिक के बीच सरपट दौड़ते हुए, रिहायशी इलाकों में संकरी गलियों में टहलते हुए, और शहर के चारों ओर घूमते हुए जेब्रा क्रॉसिंग से गुजरते हुए दिखाया गया है। घटना की सूचना पाकर अग्निशामकों को घटनास्थल पर भेजा गया, बाद में स्तनपायी को एक गली में ले जाया गया, जहां उसे शांत किया गया और सियोल के पूर्व में उसके घर चिल्ड्रन ग्रैंड पार्क में वापस लाया गया। ग्वांगजिन-गु फायर स्टेशन के अनुसार, ›› पेज 2 भी देखें

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र राजनीति

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

शहर >> अपडेट

## केंद्र की विफलताओं को बतायेगी कांग्रेस

रांची: अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के संसद सदस्यता रद्द किये जाने पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी लगातार सड़कों पर उतर लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए आंदोलन कर रही है। इसी कड़ी में आज प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक पुराना विधानसभा सभागार में दिन के 2 बजे से हुई। बैठक में मुख्य रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे मौजूद रहे।बैठक को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी की लड़ाई हम हर कीमत पर जारी रखेंगे। भाजपा का विरोध करने वाला हर वर्ग आज प्रताडित है दुःखी है लेकिन हमने संविधान और लोकतंत्र दिया है तो हम इसकी रक्षा भी करेंगे चाहे इसके लिए हमें कोई भी कुबार्नी क्यों नहीं देनी पड़े।

सम्मान

### मुख्यमंत्री ने पुरस्कार वितरण समारोह में 130 विद्यार्थियों को किया सम्मानित

# मेधावी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन जरूरी : हेमंत

>> झारखंड खनिज संपदा ही नहीं बौद्धिक क्षमता में भी आगे

>> दो कॉफी टेबल बुक का किया लोकार्पण

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज राज्य सरकार ने आने वाली पीढ़ी के लिए एक नई योजना प्रारंभ की है। राज्य के मेधावी बच्चों को पुरस्कृत किया जा रहा है। हमारी सरकार की सोच है कि झारखंड के बच्चे चाहे यहां के सरकारी स्कूल में पढ़ाई कर रहे हों, सीबीएसई या आईसीएसई बोर्ड की पढ़ाई कर रहे हों। जो बच्चे शिक्षा को लेकर गंभीरता पूर्वक पढ़ाई करते हैं उनके उत्साह को मजबूती प्रदान करने एवं शिक्षा के प्रति उनकी जागरूकता को बढ़ाने के उद्देश्य से आपकी सरकार ने यह योजना शुरू की है ताकि बच्चे और होनहार बने। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुरस्कार वितरण योजना का उद्देश्य राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कर रहे बच्चों का उत्साहवर्धन करना है। शिक्षा विभाग ने इस कार्य को आज पूर्ण रूप दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में अच्छे स्कूल तथा शिक्षण संस्थानों में नामांकन के लिए पैसों की जरूरत एवं पढ़ाई के लिए लैपटॉप और मोबाइल आवश्यक है। इसके जरिए वे तकनीकी जरूरतें पूरी कर सकते हैं। राज्य सरकार मेधावी छात्र-छात्राओं को आज पुरस्कार के रुप में ये सब जरूरत की चीजें प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार इन बच्चों के अभिभावकों को भी सहयोग करने का प्रयास कर रही है। आज होनहार बच्चे सम्मानित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विदेश पढ़ाई करने गए कई बच्चों ने विदेशों में ही नौकरी पायी है। मुख्यमंत्री ने 130 छात्र-छात्राओं के बीच 1 करोड़ 32 लाख रुपए की नकद राशि, लैपटॉप और मोबाईल सम्मान स्वरूप प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों में बौद्धिक और शारीरिक विकास के लिए आयोजित खेलो झारखंड एवं समग्र शिक्षा अभियान के तहत आयोजित कला उत्सव की जानकारी और उपलब्धियों को समेटे कॉफी टेबल बुक का लोकर्पण किया। पुरस्कार वितरण समारोह में राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो द्वारा प्रेषित संदेश भी पढ़ा गया। पुरस्कार वितरण समारोह में राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, प्रधान सचिव मुख्यमंत्री वंदना डाडेल, जैक के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार महतो, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, विभागीय सचिव के रवि कुमार एवं पुरस्कृत होने वाले छात्र-छात्राएं एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

## इरफान अंसारी ने की इस्तीफा देने की पेशकश

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय स्तर के नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त हो जाने का मामला अब काफी तूल पकड़ता जा रहा है। पार्टी के नेता कार्यकर्ता और समर्थकों में काफी आक्रोश है। जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी ने इसे लेकर विरोध जताते हुए पार्टी के सभी विधायक और सांसद से इस्तीफा देने की पेशकश की है और कहा कि सबसे पहले वो अपना इस्तीफा देंगे। बता दें कि जब से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की संसद सदस्यता समाप्त हुई है, तब से ही पार्टी में काफी उबाल है। पूरे देश में पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन और आंदोलन तेज कर दिया गया है। पार्टी के कार्यकर्ता समर्थक चेतावनी पर उतर आए हैं। जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी ने इस प्रकरण पर कहा कि राहुल गांधी देश के गांधी और देश की आवाज है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश के गांधी हैं और सब कुछ देश के लिए न्योछावर कर दिया है। सिर्फ बोलने से सजा मिल जाती है। विधायक इरफान अंसारी में भाजपा से और देश के प्रधानमंत्री से राहुल गांधी से माफी मांगने की मांग की और कहा कि राहुल गांधी को बाइज्जत संसद में बैठाने का काम करें, अन्यथा पार्टी के सभी सांसद और विधायक इस्तीफा दे देंगे।

### केजरीवाल की तरह राहुल गांधी भी माफी मांग लेते तो नहीं मिलती सजा

# कानून सभी के लिए है एक: बाबूलाल

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सदस्यता रद्द होने को पूरी तरह से जायज बताया है। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार हो या फिर देश का कोई सामान्य नागरिक हो, कानून सभी के लिए बराबर होता है। उन्होंने कांग्रेस पर इस मामले को लेकर ड्रामा करने का आरोप लगाया।दरअसल, बाबूलाल मरांडी पलामू दौरे के क्रम में लातेहार जिले के प्रसिद्ध बेतला नेशनल पार्क पहुंचे थे। यहां राजा मेदनीराय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद कार्यकताओं से मिले और संगठन विस्तार पर चर्चा की। इसी दौरान बाबूलाल मरांडी ने कहा कि देश में सभी के लिए एक कानून है। इसी कानून के तहत राहुल गांधी की सदस्यता रद्द हुई है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की सदस्यता रद्द होना कोई नई बात नहीं है। इससे पहले भी 32 लोगों की सदस्यता इसी कानून के तहत रद्द हो गई है। परंतु आज तक कभी भी इतना ड्रामा कांग्रेसियों ने नहीं किया। कांग्रेसी चाहते हैं कि गांधी परिवार के लिए देश में अलग से कानून बनाया जाए, परंतु ऐसा कभी नहीं हो सकता। क्योंकि देश में कानून की नजर में सभी एक समान हैं।बाबूलाल मरांडी ने इस दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर भी जमकर चुटकी ली। उन्होंने राहुल गांधी पर बात करते हुए कहा कि किसी भी समुदाय या जाति को गाली देना कानूनन अपराध है। ऐसे में कोई भी व्यक्ति कोर्ट में जाकर दोषी व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज करा सकता है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वर्ष 2013 में जब तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार इसी कानून में बदलाव के लिए एक बिल लेकर आई थी, जिसमें प्रावधान था कि जनप्रतिनिधियों की सदस्यता तत्काल प्रभाव से रद्द नहीं होगी। परंतु उस समय तो राहुल गांधी ने इस बिल का खुलकर विरोध किया था और इसकी प्रति को सार्वजनिक रूप से फाड़ दिया था। परंतु आज जब इसी कानून के तहत उनकी सदस्यता चली गई तो पूरी कांग्रेस पार्टी अब ड्रामा कर रही है। इससे पहले बेतला पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने बाबूलाल मरांडी का जोरदार स्वागत किया।

## सीएम से मिले प्रदेश कांग्रेस प्रभारी

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं झारखंड कांग्रेस प्रभारी के बीच राज्य में चल रहे विकासात्मक कार्यों सहित कई अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। मौके पर मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री श्री बादल पत्रलेख एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर उपस्थित थे।

### जो भी लोग संविधान का सम्मान करते हैं उनमें आक्रोश देखा जा रहा है:अविनाश

राहुल गांधी की सदस्यता जाने को लेकर कांग्रेस पार्टी में उबाल है। झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि देश में जो भी लोग संविधान का सम्मान करते हैं उनमें आक्रोश देखा जा रहा है। अपने झारखंड आने को लेकर रांची में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि इसी बात को लेकर जितने भी कांग्रेस के प्रदेश स्तर के नेता हैं, उन सभी से चर्चा की जाएगी और अगर जरूरत पड़ी जितने भी जनप्रतिनिधि हैं, सभी राहुल गांधी के समर्थन में अपना इस्तीफा दे देंगे।राहुल गांधी की सदस्यता जाने को लेकर पूरे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता जगह-जगह विरोध जता रहे हैं। इसी कड़ी में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे सोमवार दोपहर 12 बजे के करीब रांची पहुंचे।

## ममता देवी को हाई कोर्ट से मिली जमानत

रांची/रामगढ़ : रामगढ़ के पूर्व विधायक ममता देवी को झारखंड हाई कोर्ट से राहत दी गई है। जस्टिस नवनीत कुमार की अदालत ने ममता देवी को जमानत दी। ममता देवी को एक मामले में जमानत मिली है। एक और मामले में सुनवाई 31 मार्च को होनी है। जबतक एक और मामले में जमानत नहीं मिल जाती है। तबतक ममता देवी जेल से बाहर नहीं निकल पायेंगी। उल्लेखनीय है कि गोला के आईपी एल में प्रदर्शन के दौरान गोलीकांड के दो अलग-अलग मामलों में पूर्व विधायक ममता देवी को सजा सुनाई गई थी। एक पर 13 दिसंबर 2023 में पांच साल की सजा और 4 जनवरी 2023 को हजारीबाग की विशेष अदालत ने ममता देवी को दो साल की सजा दी थी। साथ ही पांच हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया था। पूर्व विधायक ममता देवी को सजा मिलने के पश्चात उनकी विधायक की सदस्यता रद्द की गई थी।

## मूलनिवासियों का रखें ख्याल: राजेंद्र

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** सदान मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, प्रसाद ने गैर अनुसूचित जिलों से अनुसूचित जिलों में पदस्थापन प्रक्रिया से स्थानीय मूलनिवासी शिक्षकों के प्रभावित होने को लेकर मुख्यमंत्री को मेल भेजा है। प्रसाद ने अपने मेल में लिखा है । अनुसूचित क्षेत्र के मूलनिवासी शिक्षक हमसे मिला था और कुछ आवश्यक जानकारियां दी थी एवं मुझे एक ज्ञापन सौंपा था। प्रसाद ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का सही तरीके से व्याख्या नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण मूलवासी शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं और मूलनिवासी शिक्षकों की पदस्थापना में उपेक्षा हो रही है। पत्र में श्री प्रसाद मूलनिवासी शिक्षकों को कोई परेशानी नहीं होगी और इस विषय को गंभीरता से लेते हुए व्यक्तिगत रूप से आप हस्तक्षेप करेंगे एवं विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश देने की कृपा करेंगें। राजेन्द्र प्रसाद ने अपने पत्र में अनुसूचित जिलों से अनुसूचित जिलों में पदस्थापना प्रक्रिया से स्थानीय मूलनिवासी शिक्षकों के प्रभावित होने की बात कही है। श्री प्रसाद ने कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय में अवमाननावाद 612/2022 के पारित आदेश के आलोक में गैर अनुसूचित जिलों में कार्यरत शिक्षकों का अनुसूचित जिलों में जिसमें रांची दुमका, पाकुड़, जामताड़ा इत्यादि में पदस्थापन की कार्रवाई की जा रही है।

बैठक

### प्रमंडलीय बैठकों के जरिये मिशन 2024 की तैयारी

# हेमंत सरकार के खिलाफ हल्ला बोल 11 को: कर्मवीर

>> राज्य में मनमानी सत्ता को जनसत्ता में बदलने का संघर्ष पार्टी का जारी

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** प्रदेश भाजपा की दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल की बैठक सोमवार को नगड़ी (रांची) में संपन्न हुई। इसमें पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि मिशन 2024 को देखते हुए पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता जरूरी तैयारियों में लग जाएं। अगले वर्ष होनेवाले चुनाव बेहद अहम हैं। साथ ही उन्होंने प्रमंडल स्तरीय सभी विधानसभा क्षेत्रों में बूथ सशक्तिकरण अभियान को बेहतर करने को कहा। सभी पंचायतों में शक्ति केंद्रों के कार्यों और अगले टास्क को लेकर भी उन्होंने जरूरी निर्देश दिए। पूर्व मंत्री और विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि प्रदेश की जनता वर्तमान सरकार से आक्रोशित है। राज्य में मनमानी सत्ता को जनसत्ता में बदलने का संघर्ष पार्टी का जारी है। भाजपा ही जनसेवा और जनउद्धार को अपना कमान बनाए हुए है। ऐसे में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता मिलकर आगे बढ़ें। 11 अप्रैल को रांची में सभी जुटें। इस सरकार के खिलाफ जनाक्रोश दिखाने को सचिवालय घेराव किया जायेगा। बैठक में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी और पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, प्रदीप वर्मा, बालमुकूंद सहाय, विधायक नवीन जायसवाल, समरी लाल सहित कई अन्य नेता भी उपस्थित थे।गौरतलब है कि सोमवार की बैठक से पूर्व दुमका, बोकारो, पलामू और जमशेदपुर में भी प्रमंडल बैठक हुई। इन बैठकों में मिशन 2024 को देखते हुए जरूरी तैयारियां शुरू किए जाने पर मंथन का दौर शुरू है। इसे देखते संबंधित प्रमंडलों में निवास करने वाले पार्टी के सांसद, विधायक (पूर्व भी) और अन्य प्रमुख नेता शामिल हुए। इन बैठकों में पार्टी की सांगठनिक गतिविधियों को तेज किए जाने पर जोर दिया गया। सांगठनिक संरचनाओं को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान करने के अलग अलग पहलुओं पर भी चर्चा हुई है।

पेज एक का शेष

## संसद के दोनों सदनों .. ..

के लिए स्थगित कर दी गयी। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने भोजनावकाश के उपरांत सदन की कार्यवाही शुरु की तो कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के सदस्य नारेबाजी करते हुए अध्यक्ष के आसन के सामने आ गये। इस बीच वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने जम्मू कश्मीर (संख्यांक -2) विधेयक 2023 और जम्मू कश्मीर विधेयक 2023 पेश किया। सदन ने इन्हें नारेबाजी के बीच इन्हें ध्वनिमत से लोकसभा को लौटा दिया। इसके बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विनियोग (संख्यांक -2) विधेयक 2023 और विनियोग विधेयक 2023 सदन में रखा। इन्हें भी सदन ने विपक्ष की नारेबाजी के बीच ध्वनिमत से लौटा दिया। इसी दौरान तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन ने कुछ कहा जिसे सुना नहीं जा सका। इस बीच श्रीमती सीतारमण और श्री ब्रायन ने नोक झोक भी हुई जिसे शोर शराबे में नहीं सुना जा सके। इसके बाद नारेबाजी कर रहे कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के सदस्य के जवाब में सत्ता पक्ष के सदस्य भी नारेबाजी करने लगे। इस पर श्री धनखड़ ने कहा कि सदस्यों का यह व्यवहार ठीक नहीं है। उनके पास चर्चा के दौरान अपने मुद्दे उठाने और अपनी बात कहने का मौका है लेकिन वे उसे गंवा रहे हैं। इसके बाद उन्होंने सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करने की घोषणा कर दी। इससे पहले सुबह सदन में कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के भारी हंगामे और नारेबाजी के कारण आवश्यक दस्तावेज भी सदन पटल पर नहीं रखे जा सके और सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक स्थगित करनी पड़ी।

## इस स्वतंत्र देश की ...

तट के साथ समुद्री किले बनाने की योजना बनाई। उस योजना से समुद्र तट से 10 किमी गहराई में मूनशेल सी फोर्ट का निर्माण किया गया। वहां से दुश्मन के युद्धपोतों पर नजर रखी जाती थी। जरूरत पड़ने पर दुश्मन के जहाजों पर हमले करने का काम भी किया जाता था। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अंग्रेजों ने विभिन्न स्थानों पर ऐसे कई बंदरगाह बनाए। विश्व युद्ध के अंत में, इसे कई अन्य किलों के साथ ब्रिटिश सेना द्वारा परित्यक्त घोषित कर दिया गया था। 2 सितंबर, 1967 को ब्रिटिश नागरिक मेजर पैडेज रॉय बेट्स और उनका परिवार इस जगह का मालिक बन गया। तब उन्होंने इसे एक स्वतंत्र सूक्ष्म राज्य घोषित किया। अलग-अलग समय में अलग-अलग लोगों ने यहां शासन किया है। 9 अक्टूबर 2012 को रॉय बेट्स को यहां का राजा घोषित किया गया। और उसकी मृत्यु के बाद अब उसका पुत्र माइकल उसका शासक बना। दुनिया के किसी भी देश ने अभी तक सीलैंड को मान्यता नहीं दी है, लेकिन किसी ने भी उनका विरोध नहीं किया है। इसलिए इस ह्यसीलैंड की रियासतह्न को दुनिया भर में एक सूक्ष्म राष्ट्र के रूप में जाना जाता है। सोशल मीडिया के जरिए देश की तरह-तरह की तस्वीरें सामने आई हैं। सीलैंड का अपना रेडियो स्टेशन भी है। बहुत से लोग यहां आते हैं। महज 27 लोगों का यह देश वाकई हैरान करने वाला है।

## चुनाव आयोग की टीम .. ..

सभी हितधारकों को सुनने का फैसला किया। व्यापक हितधारकों तक पहुंचने और उनके लिए इसे आसान बनाने के लिए, आयोग ने 26 से 28 मार्च 2023 तक गुवाहाटी आने का फैसला किया और एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से एक खुला निमंत्रण जारी किया। अभी आयोग गुवाहाटी में 10 राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों के अलावा 50 से अधिक हितधारकों को सुनने की प्रक्रिया में है।केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय की ओर से भारत के निर्वाचन आयोग से आग्रह किया गया था कि असम के विधानसभा और संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन किया जाए। मंत्रालय के इस अनुरोध पर अब चुनाव आयोग ने असम के विधानसभा और संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन करने का निर्णय लिया है।इस परिसीमन में साल 2001 की जनगणना के आंकड़े को सम्मिचलित किया जाएगा। चुनाव आयोग को विधि मंत्रालय की ओर से यह पत्र 15 नवंबर, 2022 को लिखा गया था। चुनाव आयोग की ओर से असम की विधानसभा और संसदीय सीटों के परिसीमन की कवायद शुरू कर दी है।

## एक धक्का पड़ा तो .. ..

जर्नल में प्रकाशित किया गया है। इस पत्रिका में प्रकाशित परिणाम सौर मंडल के लिए अच्छे नहीं माने जा सकते हैं। यह बताया गया है कि अगर वाकई कोई ग्रह वहां पर होता और वह अपनी कोहनी से बृहस्पति ग्रह को हल्का धक्का भी देता तो वह एक मामूली धक्का पूरे सौरमंडल को अस्थिर करने के लिए पर्याप्त था। यह अच्छी बात है कि हमारे पास यह नहीं है। बताया गया है कि बृहस्पति ग्रह दूसरे सभी ग्रहों की तुलना में बहुत बड़ा है। इसका द्रव्यमान पृथ्वी से 318 गुना अधिक है, इसलिए इसका गुरुत्वाकर्षण प्रभाव गहरा है। यदि हमारे सौर मंडल में एक सुपर-अर्थ, एक गुजरता हुआ तारा, या कोई अन्य खगोलीय पिंड बृहस्पति को थोड़ा सा भी परेशान करता है, तो अन्य सभी ग्रह गहराई से प्रभावित होंगे। इस बारे में यूसी रिवरसाइड प्रयोग के अनुसार, मंगल और बृहस्पति के बीच घूमने वाला एक स्थलीय ग्रह पृथ्वी को सौर मंडल से बाहर धकेलने और इस ग्रह पर जीवन का सफाया करने में सक्षम होगा। यूसीआर खगोल वैज्ञानिक स्टीफन केन ने समझाया कि उनका प्रयोग ग्रह विज्ञान में दो उल्लेखनीय अंतरालों को दूर करने के लिए था। पहला हमारे सौर मंडल में स्थलीय और विशाल गैस ग्रहों के आकार के बीच का अंतर है। सबसे बड़ा स्थलीय ग्रह पृथ्वी है, और सबसे छोटा गैस विशाल नेपच्यून है, जो पृथ्वी से चार गुना चौड़ा और 17 गुना अधिक भारी है।

शायद वह अब पूरी तरह नष्ट हो चुका है। दरअसल वैज्ञानिक गणना के मुताबिक यह अंतराल हमारे सौर मंडल की वास्तुकला और पृथ्वी के विकास में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकते हैं। केन ने मंगल और बृहस्पति के बीच विभिन्न द्रव्यमानों की एक श्रृंखला के साथ एक ग्रह के गतिशील कंप्यूटर सिमुलेशन चलाए, और फिर अन्य सभी ग्रहों की कक्षाओं पर प्रभाव देखा। सुपर-अर्थ के द्रव्यमान और सटीक स्थान के आधार पर, इसकी उपस्थिति अंततः बुध और शुक्र के साथ-साथ पृथ्वी को सौर मंडल से बाहर निकाल सकती है। यह यूरेनस और नेपच्यून की कक्षाओं को भी अस्थिर कर सकता है, साथ ही उन्हें बाहरी अंतरिक्ष में भी फेंक सकता है। इसका सीधा अर्थ है कि सूर्य के ईर्दगिर्द स्थापित इस सौर मंडल का पूरी तरह नष्ट हो जाना ही है। गनीमत है कि अभी ऐसा कुछ नहीं है।

## चिड़ियाघर से भागे जेब्रा .. ..

अधिकारियों को पहली सूचना अपराह्न 3:43 बजे मिली। एक जेब्रा के बारे में जो खुले में घूम रहा है। स्टेशन के एक अधिकारी ने सीएनएन को बताया कि जैसे ही अग्निशमन अधिकारियों की एक टीम कथित स्थान पर पहुंची, उन्होंने जेब्रा को विपरीत दिशा में भागते हुए देखा, जिससे बाद उसका पीछा किया गया। अधिकारियों ने चिड़ियाघर के अधिकारियों के आने की प्रतीक्षा करने के लिए सुरक्षा बाड़, अग्निशमन ट्रकों और पुलिस कारों के साथ पीछे की गली से इसके भागने के मार्ग को अवरुद्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि चिड़ियाघर के अनुरोध पर अग्निशमन अधिकारियों ने पशु को बेहोश करने वाले इंजेक्शन का उपयोग करने से परहेज किया। चिड़ियाघर द्वारा भेजी गई एक टीम मांसपेशियों को आराम देने वाली दवाई के सात शॉट देने के लिए लगभग आधे घंटे बाद पहुंची जिसने अंततः जेब्रा को शांत कर दिया। अधिकारियों ने शाम करीब 6:00 बजे चिड़ियाघर के लिए बंधे वाहन पर उसे लाद दिया। इस सीरो नाम के जेब्रा के माता-पिता दोनों की पिछले साल बीमारी से मृत्यु हो गई थी। चिड़ियाघर के एक अधिकारी किम जे-यून ने बताया कि इसी विद्रोही आचरण के दौरान एक बार उसने पड़ोस के एक कंगारू से लड़ने की कोशिश की। इससे पहले 2005 में, छह हाथी भी उसी पार्क से भाग निकले, रेस्त्रां और एक स्कूल में घुस गए, जिससे एक महिला घायल हो गई। चिड़ियाघर अपनी वेबसाइट के अनुसार शेरों और जिराफों से लेकर डॉल्फि न और विदेशी पक्षियों तक की 350 प्रजातियों से बने लगभग 3,000 जानवरों का घर है।

# विरोधी दलों का सुपड़ा साफ कर कर्ज उतारने का प्रयास करूंगा : सम्राट चौधरी

## आने वाले दिनों में केवल भाजपा ही भाजपा दिखेगी : सम्राट चौधरी

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** बिहार प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में केवल भाजपा दिखेगी। उन्होंने पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर खुद को धन्य बताते हुए कार्यकताओं से मुखर होकर काम करने की अपील करते हुए कहा कि बूथ अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष में ज्यादा अंतर नहीं है। उपस्थित कार्यकताओं द्वारा मिले सम्मान से अभिभूत चौधरी ने घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश में विरोधी दलों को हाशिये पर पहुंचाकर आपके कर्ज को उतारने का प्रयास करूंगा।

चौधरी प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद आज पहली बार प्रदेश कार्यालय पहुंचे। इस मौके पर आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि निवर्तमान अध्यक्ष जायसवाल जी के आदेश पर आज मैं पदभार ग्रहण कर रहा हूं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा को इतना बड़ा दायित्व देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने आशा जताते हुए कहा कि बिहार के वरिष्ठ नेताओं की टीम का सहयोग मिलता रहेगा और राष्ट्रीय नेतृत्व का भी मार्गदर्शन मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि आज हमारे पास सबसे बड़ी ताकत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री की जोडी है तो राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा जी का नेतृत्व है। मै आज आश्वस्त करता हूं कि बिहार में आने वाले दिनों में केवल भाजपा ही भाजपा दिखेगी।

उन्होंने पुराने दिनों को याद करते हुए दावा किया कि नीतीश कुमार ने समता पार्टी नहीं बनाई हकीकत है कि मेरे पिता जी समता पार्टी बनाई और नीतीश कुमार ने उस पर अवैध कब्जा जमा लिया। उन्होंने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि यह अवैध कब्जा उखाड कर फेंक देंगे।

उन्होंने दावा किया कि नीतीश कुमार अब बुजुर्ग हो गए हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की जगह भाजपा के किसी मंडल अध्यक्ष को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठा दीजिए उससे अच्छा काम करेगा। उन्होनें कहा कि बिहार कुल का बजट 2 लाख 61 हजार करोड का बजट है और उसमें से मात्र 39 हजार करोड अपने से लाते हैं। शेष केंद्र से भेजा जाता है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में बिहार की तुलना में 13 गुना अधिक खर्च होगा। उन्होनें कहा कि सामाजिक समता के तौर 6 अप्रैल से पूरे बिहार में एक एक बूथ पर अपने बूथ अध्यक्ष के नेतृत्व में उनके घर पर झंडा फहराने का काम करेगे।

उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि हमसब को मिलकर बिहार में भाजपा को स्थापित करना है। उन्होंने महागठबंधन की सरकार से 10 लाख लोगों को रोजगार देने के वादे की भी याद दिलाई। उन्होंने कहा कि भाजपा की कृपा से लालू प्रसाद भी मुख्यमंत्री बने और नीतीश कुमार भी भाजपा की कृपा से मुख्यमंत्री बना है।

इससे पहले बिहार सह प्रभारी हररीश द्ववेदी ने कहा कि नव नियुक्त अध्यक्ष का अभिनंदन करते हुए दावा किया कि आपलोगों के कार्य से साफ है कि लोकसभा चुनाव में यहां से हम सभी अपनी मेहनत से 40 सीटें जीतेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग यह महसूस होने लगा है कि जिस प्रकार यूपी विकास के क्षेत्र में आगे बढ रहा है, गुजरात आगे बढ रहा है तो बिहार क्यों नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि बिहार के युवा संकल्प ले चुका है कि भाजपा की सरकार बनाकर बिहार को भी ओग ले जाना है।

बिहार प्रदेश के निर्वतमान अध्यक्ष डॉ संजय जायसवाल ने नव नियुक्त अध्यक्ष का अभिनंदन करते हुए कहा कि हम सभी का एक ही लक्ष्य है कि 2024 में 40 सीट जीतना और 2025 में पूर्ण बहुमत से बिहार में सरकार बनाना है। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा कृष्ण भाजपा का सारथी हो तो किसी भी महाभारत में हमें कोई हरा नहीं सकता है।

## केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात किया

**पटना :** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोजपा के सांसदों ने शिष्टाचार मुलाकात की। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री विश्व के लोकप्रिय नेता आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी से शिष्टाचार मुलाकात की साथ ही राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के सभी सांसद एवं विधान पार्षद ने भी मुलाकात कर उनका आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त किया। प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चंद्रवंशी ने बताया की केंद्रीय मंत्री श्री पारस के नेतृत्व में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व समस्तीपुर सांसद प्रिंस राज, खगड़िया सांसद चौधरी महबूब अली कैसर, वैशाली सांसद वीना देवी, नवादा सांसद चंदन कुमार, विधान पार्षद भूषण कुमार ने भी देश के यशश्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी से शिष्टाचार मुलाकात की।

## आनंदपुरी यूरो किड्स ने धूमधाम से वार्षिक समारोह मनाया



**पटना :** आनंदपुरी यूरो किड्स में आज प्ले ग्रुप के बच्चों ने वार्षिक समारोह में खूब जश्न मनाया। मोहन स्वीट्स तुलसी पथ, पश्चिमी बोरिंग केनाल रोड के पास स्थित यूरो किड्स की डायरेक्टर संध्या कुमारी ने बताया कि यहां वार्षिक समारोह को एनुअल ग्रेजुएशन डे के रुप में मनाया जाता है। प्ले ग्रुप के बच्चे अब यहां से निकल कर बेहतर पढाई के लिए उंचे कक्षा में जा रहे हैं, इसलिए ग्रेजुएशन डे कहा जाता है। कार्यक्रम के प्रारंभ में बच्चों ने गणेश वंदना के परफॉर्मेंस से अभिभावकों को मुग्ध कर दिया। फिर बम बम भोले और अन्य प्रस्तुतियों से नन्हें बच्चों का नृत्य और गायन देखते ही बना। डायरेक्टर संध्या कुमारी ने बताया कि यूरो किड्स में बिहेवियर एडुकेशन, ट्रेनिंग के साथ स्लो लर्नर के लर्निंग स्किल को विकसित किया जाता है। कार्यक्रम में बच्चों को सहयोग करने में सेंटर हेड अनीशा, टीचर हेना, रिमझिम एवं स्वीटी की सराहनीय भूमिका रही।

## रामपुर डुमरा श्रीकृष्ण अनुग्रह पुस्तकालय में मेधा सम्मान समारोह

राष्ट्रीय खबर

**मोकामा :** प्रखंड के रामपुर डुमरा स्थित श्रीकृष्ण अनुग्रह पुस्तकालय में विगत कई वर्षों से मेधा सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है,उसी क्रम में आज डॉ रामरेखा सिंह ने उक्त पुस्तकालय को यहां के बच्चों के अनुकूल बनाने और ई लर्निंग के लिए उपयुक्त बनाने की कोशिश की है। सीडीएस की परीक्षा पास करने वाले प्रकाश भारद्धाज को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि चिकित्सक व साहित्यकार डॉ रामरेखा सिंह ने इस मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि व्यक्तिगत निधि से पुस्तकालय को विकसित किया जा रहा है ताकि गांव के बच्चे इसका लाभ उठा सकें। समारोह की अध्यक्षता मुखिया विनीत कुमार ने किया, जबकि संचालन सेवानिवृत्त शिक्षक रामनारायण सिंह ने किया। समारोह को सफल बनाने में राहुल श्री, सुरेन्द्र वर्मा, सरपंच श्री राम सिंह, नरेश कुमार एवं रामविलास सिंह ने सराहनीय प्रयास किया।

## जिलाधिकारी ने दी सूचना

राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर :** जिलाधिकारी ने बताया कि बिहार राज्य अल्पसंख्यक वित्तीय निगम द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2020-2021 तथा 2021-2022 में निकाले गए आवेदन के आधार पर 83 लाभार्थियों का चयन किया गया था, जिसमें अब तक कुल 63 लाभार्थियों को ऋण की राशि उपलब्ध करा दी गयी है। शेष बचे वैसे लाभार्थी जिन्हें ऋण हेतु एकरारनामा उपलब्ध करा दिया गया है वो आगामी 31 मार्च 2023 तक स्वयं उपस्थित होकर उक्त एकरारनामा पुस्तिका को जमा करा दें ताकि उन्हें भी ऋण योजना का लाभ दिया जा सके। उक्त तिथि तक जमा नहीं किए जाने पर वैसे लाभार्थी का चयन रद्द कर दिया जाएगा तथा प्रतिक्षा सूची में शामिल अन्य लाभार्थी को लाभान्वित किए जाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## श्रीमदभगवत कथा सह श्रीरामकथा का प्रारंभ

राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर :** तारापुर विधानसभा क्षेत्र के टेटिया बंबर प्रखंड अंतर्गत भलगुड़ी गांव में नौ दिवसीय श्रीमदभगवत कथा सह श्रीरामकथा का प्रारंभ हुआ।

श्रीमदभगवत कथा सह श्रीरामकथा पाठ कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित उद्घाटन तारापुर विधायक राजीव सिंह द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तारापुर विधायक राजीव कुमार सिंह थे। उन्होने अपने संबोधन में कहा कि श्रीमद् भागवत कथा में साध्वी चंचला का कथा को गौर से सुने। क्षेत्र की सुख शांति के लिए ही इस क्षेत्र का विधायक बना हूं। जनता की कृपा सदैव हमारे प्रति बना हुआ है। भागवत कथा में आए हुए सभी लोगो को आभार प्रकट करता हूं। नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा को सुनकर साध्वी चंचला की प्रवचन को सुनने के बाद भक्तों के बीच सदगुण सत्य व्यवहार की प्राप्ति होगी। इस अवसर पर सैकड़ो स्रद्धालु उपस्थित थे।

## 6 व 14 मई को होगा सिंबायोसिस यूजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए टेस्ट

**पटना :** सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड यूनिवर्सिटी) ने ६ और १४ मई, २०२३ को होने वाली सिम्बायोसिस एंट्रेंस टेस्ट के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। एक से अधिक प्रयासों की सुविधा की वजह से इच्छुक उम्मीदवार प्रबंधन, कानून, इंजीनियरिंग, जनसंचार, अर्थशास्त्र, उदार कला, आईटी और कंप्यूटर अनुप्रयोग, अनुप्रयुक्त सांख्यिकी और डेटा विज्ञान में स्नातक कार्यक्रमों की पेशकश करने वाले एसआईयू के तहत १६ संस्थानों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। डॉ. रजनी गुप्ते, कुलपति - सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड यूनिवर्सिटी) ने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति २०२० हमारे देश के शैक्षिक परिदृश्य में एक परिवर्तनकारी बदलाव का प्रतीक है। यह एक दूरदर्शी नीति है जो हमें विकास, लचीलेपन और नए युग की शिक्षा में नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। सिम्बायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में, हम पहले से ही एनपी २०२० द्वारा निर्धारित लक्ष्यों के साथ संरेखित करने के लिए विभिन्न पहलों को लागू कर रहे हैं। हमारे विभिन्न कार्यक्रमों को हमारे छात्रों को एक समग्र और बहु-विषयक शिक्षा प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, यह सुनिश्चित करते हुए कि वे कौशल और ज्ञान से सुसज्जित हैं जो तेजी से विकसित हो रहे जॉब मार्केट में सफल होने के लिए आवश्यक है। परीक्षा(ओं) पंजीकरण शुल्क के साथ-साथ कार्यक्रम(मो) का पंजीकरण शुल्क गैर-वापसी योग्य और गैर-हस्तांतरणीय हैं। उम्मीदवार संबंधित शुल्क का भुगतान ऑनलाइन या डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से कर सकते हैं। इसके अलावा, सेट/स्लैट की समय अवधि १ घंटा है। एसआईटी ईईई के लिए, परीक्षण की अवधि २ घंटे है। गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंकन नहीं होगा।

## जदयू नेता कमाल परवेज अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ हम में हुए शामिल

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (से०) के संस्थापक संरक्षक बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के आवास पर आयोजित मिलन समारोह में हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिहार सरकार में मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन एवं पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव राजेश पांडेय हाथों हम पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

आज के आयोजित मिलन समारोह में कमाल पर्वेज को पार्टी में शामिल होने पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ० संतोष कुमार सुमन ने कहा कि कमाल पर्वेज पुराने राजनेता हैं। उनका राजनीतिक लंबा अनुभव रहा है। इनके आने से हमारी पार्टी और मजबूत होगी। हम इनके साथ आए सभी सदस्यों का हम पार्टी परिवार में तहे दिल से स्वागत करते हैं। आप सभी के आने से हमारी पार्टी की ताकत बढ़ी है। पार्टी के हर एक कार्यकर्ता हमारे लिए बराबर हैं। हम अपने समर्पित कार्यकताओं के साथ हर समय खड़े हैं। मैं विश्वास दिलाता हूं कि आप के सम्मान में कोई कमी नहीं होगी। हम पार्टी के द्वारा मिलन समारोह में हम के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव राजेश कुमार पांडेय, राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता श्याम सुंदर शरन, राष्ट्रीय प्रवक्ता पूजा सिंह, युवा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र शास्त्री, गीता पासवान, अनिल रजक, इरफान उल हक, अखिलेश कुमार, बिहार प्रदेश मीडिया प्रभारी श्रवण कुमार, संजय कुमार, सोनू, रविंदर यादव, उमेश पासवान, पंकज मालाकार, रणविजय पासवान मोहम्मद इलियास, मनोज कुशवाहा, संजय पाठक, सुमित कुशवाहा, मोहम्मद सद्दाम, राजा गुप्ता, उमेश कुमार दास, दिलीप यादव, हरेंद्र पासवान, मनोज कुमार, मोहम्मद समद, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद फैज अली अहमद, साकेत यादव आदि प्रमुख थे।

## सड़क हादसे में महिला की मौत, भड़के लोगों ने मंच सहित कई वाहनों को भो तोड़ा

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** शास्त्री नगर थाना क्षेत्र के बेलीरोड पर तेज रफ्तार वाहन ने साइकिल पर सवार होकर जा रहे पति पत्नी को धक्का मार दिया जिससे मौके पर ही पत्नी की मौत हो गई। मामला शास्त्री नगर थाना क्षेत्र के बेली रोड स्थित शेखपुरा मोड़ के पास की है। मृतका सोनी देवी बताई जाती है। परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस ने धक्का मारने वाले वाहन को पैसे लेकर भगा दिया। इसी बात को लेकर स्थानीय लोग भड़क गये और वहां जमकर हंगामा किया। आक्रोशित लोगों ने महिला की मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने बेली रोड स्थित फ्लाईओवर के पिलर नंबर-88 के पास मुआवजे को लेकर जमकर हंगामा किया। इस बीच उन लोगों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी किया। शास्त्री नगर थाना प्रभारी रामाशंकर सिंह ने बताया कि सोनी देवी के परिजनों को मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। घटना से आक्रोशित होकर लोगों ने भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के आगमन पर उनके स्वागत करने के लिए जो मंच बनाए गये थे उसे भी उस भीड़ ने तोड़फोड़ दिए। इतना ही नहीं उनके स्वागत में लगे बैनर-पोस्टर को भी लोगों ने फाड़ दिए। गुस्साई भीड़ ने वहां से गुजर रहे कई वाहनों में भी तोड़फोड़ किए। लोगों की नाराजगी इस बात से भी थी कि इनका कहना था कि एक्सीडेंट होने के बाद उक्त बाहन पकड़ा गया था लेकिन ट्रैफिक पुलिस ने पैसा लेकर उसे भगा दिया। इस संबंध में शास्त्री नगर थाना प्रभारी रामाशंकर सिंह ने बताया कि जिस वाहन से यह हादसा हुआ है, उसे भी जल्द ही चिन्हित कर लिया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि स्थानीय लोगों के द्वारा ट्रैफिक पुलिसकर्मी पर जो आरोप लगाये जा रहे हैं, उसकी भी जांच शुरू कर दी गई है।

## गौरवशाली 65 सालों के बाद प्रोटीनेक्स ब्रांड बिल्कुल नए रूप में आया

**पटना :** डैनोन इंडिया के प्रमुख ब्रांड, प्रोटीनेक्स ने इसे पूरी तरह से नया रूप देने की घोषणा की है। छह दशकों में पहली बार, यह धरोहर ब्रांड अब नए लोगो, बेहतर उत्पाद अनुभव, आधुनिक दृश्य पहचान और पुनरू प्रयोज्य पैकेजिंग जार के साथ एक नए अवतार में होगा। इसकी परिकल्पना ब्रांड की प्रासंगिकता को और मजबूत करने और विभिन्न प्रकार के स्वास्थ्य लाभों, अधिक गुणवत्ता और स्वाद के साथ ब्रांड प्रीमियम-नेस को बनाए रखते हुए अलग-अलग आयु वर्ग के साथ संबंध बनाने के लिए की गई है। डैनोन इंडिया के मार्केटिंग डायरेक्टर, श्रीराम पद्मनाभन ने कहा, बेहतर स्वास्थ्य के लिए आवश्यक पोषण हेतु भारतीय वयस्कों का भरोसेमंद ब्रांड प्रोटीनेक्स है। हालांकि, अभी भी स्वास्थ्य पर प्रोटीन और समग्र पोषण की भूमिका के बारे में जागरूकता की कमी है। प्रोटीनेक्स के नए अवतार के साथ, हम भारत को पोषण की अच्छी आदतें अपनाने और प्रोटीन के सेवन में सुधार करने के लिए प्रेरित करने की उम्मीद करते हैं। नए अभियान का उद्देश्य इस बदलाव को लाना है जो कई टचपॉइंट्स के माध्यम से अच्छी तरह से समर्थित होगा।

# महिलाओं का शोषण बंद करे सरकार : जय सिंह राठौर

## राष्ट्रीय मध्याह्न भोजन रसोईया फ्रन्ट के तत्वावधान में दो दिवसीय घेरा डालो डोरा डालो धरना आयोजित

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** राष्ट्रीय मध्याह्न भोजन रसोईया फ्रन्ट के तत्वावधान में दो दिवसीय 'घेरा डालो डोरा डालो' महाधरना' संरक्षक जय सिंह राठौर के नेतृत्व में गर्दनीबाग पटना में शुरू हुआ। जिसमें बिहार राज्य के प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में कार्यरत रसोईयों के अलावा संगठन के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर संगठन के संरक्षक जय सिंह राठौर ने कहा कि भारत सरकार रसोईयों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। आज इनकी स्थिति बंधुआ मजदूर से भी बदतर हो गई है। हमारी मांग है कि रसोईयों को एक साल का एकमुश्त वेतन दिया जाए। ऐसे में अगर रसोइयों की मांगों पर विचार नहीं हुआ तो संगठन व्यापक आन्दोलन के लिए बाध्य होगी और जिसकी सारी जवाबदेही सरकार की होगी। हमारी मांग है कि सरकार रसोईयों के साथ न्याय कर उनकी सभी मांगों को पूरा करे।

वहीं संगठन के संस्थापक-सह- राष्ट्रीय महासचिव रामकृपाल ने कहा कि वर्तमान समय में रसोईयों की हालत सही नहीं है। वर्तमान में मिलने वाला मानदेय 1650/- (एक हजार छः सौ पचास रुपये) इस भीषण महंगाई में ऊंट के मुह में जीरे के समान है।

हमारी मांग है कि सरकार रसोइयों को न्यूनतम मजदूरी कम से कम 10000/- रुपए प्रत्येक माह भुगतान करे तथा रसोईयों की सुरक्षित भविष्य की गारंटी दे।

रसोईयों के अलावा संगठन के बिहार प्रदेश प्रधान सचिव ओमप्रकाश राय, प्रदेश अध्यक्ष कंचन कुंवर, प्रदेश सचिव सुनैना सहनी राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ने भी संबोधित किया। प्रदर्शन को उमाशंकर प्रसाद, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मन्टू चौधरी, प्रदेश संयोजक उपेन्द्र कुमार, प्रदेश का० सदस्य राजेश कुमार, प्रदेश सचिव मो० शकील, प्रदेश का० सदस्य शंकर कुमार, प्रदेश प्रभारी नरेश रजक, प्रदेश का सदस्य अनीता देवी, प्रदेश का० सदस्य निर्मला देवी ने भी सम्बोधित किया, प्रदर्शन में बिहार के प्रत्येक जिले के जिला कार्यकारणी कमेटी के सदस्य तथा प्रखण्ड कमेटियों के सदस्यगण सहित हजारों रसोईयों ने भाग लिया।

## एक दिवसीय धरना के माध्यम से जिलाधिकारी को मांग पत्र सौंपा

राष्ट्रीय खबर

**मोतिहारी, पू.च :** एक दिवसीय धरना जिला संयोजक शबनम खातुन के अध्यक्षता में हुई। धरना का मुख्य उद्देश्य विभिन्न तरह की मांग रही।धरना के बाद अपनी मांगों के माध्यम से जिलाधिकारी के समक्ष मांग पत्र सौंपा गया। सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण का ढोल पीटा जा रहा है। महिलाएं अनेक तरीके के हिंसा झेल रही है। कही केन्द्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते लगातार बढ़ती बेलागाम मंहगाई और बेरोजगारी की मार सबसे ज्यादा महिलाओं पर पड रही है। इसके चलते विभिन्न तरह के रोग का शिकार होकर अकास्मिक मौत की शिकार हो रही है। जिला संयोजक शबनम खातुन ने एक दिवसीय धारना देकर विभिन्न मांगों को लेकर जिलाधिकारी समक्ष एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि निम्नलिखित मांगे बिहार में बिरधा विधवा पेंशन 3000 प्रतिमाह दिया जाए,रसोई गैस की कीमत बाजार के हवाले करना बंद किया जाएं 500 रुपए प्रति सिलेंडर निश्चित किया जाएं, मनरेगा से महिलाओं को बाहर करने की कोशिश बंद हो और 200 दिन काम 600 रुपए प्रति दिन न्युनतम मजदूरी दी जाए। बलात्कार, दहेज, उत्पीड़न ऑनर कीलिंग पर रोक लगाने के लिए मुकम्मल व्यवस्था की जाएं, बिजली बिल पर हो रही धांधली पर रोक लगाया जाएं, भूमिहीन महिलाओं को भूमि देकर आवास मुहैया किया जाएं, अंसवैधानिक तरीके से रद की गई राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाल की जाएं, महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए लघु एवं कुटीर उद्योग लगाया जाएं, स्नातक तक शिक्षा मुफ्त की जाएं, सभी सवय सहायता समूह के लिए रोजगार और उपाजन का प्रबंध किया जाएं। मोके पर फुलकुमारी देवी, खोदैजा खातुन, हसीना खातुन, नजमा खातुन,अजमेरी खातून सहित अन्य महिलाओं ने हिस्सा लिया।

शहर ›› अपडेट

## केसीसी लोनधारकों को देना होगा एलपीसी और आधार कार्ड

सुगौली, पू च : शहर के उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक शाखा सुगौली से किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ लेने वाले किसान अविलंब अपना आधार कार्ड एवं एलपीसी अपनी शाखा में जमा कराने को कहा गया है ।इसकी जानकारी देते हुए शाखा प्रबंधक निधि कुमारी ने बताया कि यदि खाताधारी किसान ये दोनों कागजात शाखा में जमा नहीं कराएंगे तो उनके खाता पर मिलने वाले ब्याज और सब्सिडी का लाभ नहीं मिल सकेगा ।उन्होंने बताया कि भारत सरकार के द्वारा दिए गए नए दिशा-निर्देश के अनुसार केसीसी,जेएलकेसीसी, केसीसीएएच एवं केसीसीएएफ के सभी ऋणधारक जिन्होंने अभी तक अपना आधार कार्ड एवं जमीन का एलपीसी बैंक शाखा में जमा नहीं किया है।

# परिवर्तनशील जलवायु में कृषि जल प्रबंधन पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** जलवायु परिवर्तन एवं जल की उपलब्धता का कृषि पर पड़ने वाले प्रभाव पर विचार-मंथन करने को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर में परिवर्तनशील जलवायु में कृषि जल प्रबंधन विषयक राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें सौ से ज्यादा वैज्ञानिकों एवं प्रगतिशील कृषकों ने भाग लिया। प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन प्रभाग के डॉ. सुरेश कुमार चौधरी व भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के उप महानिदेशक ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में जल के कृषि में उपयोग पर प्रकाश डाला। एवं, आधुनिक तकनीक जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, आईओटी, सेंसर आधारित सिंचाई पद्धति के बारे में बताया। जल की उपलब्धता दिनोंदिन कम होती जा रही है, इसलिए उन्होंने सिंचाई की आधुनिक तकनीक का उपयोग करने पर बल दिया। मुख्य अतिथि डॉ. आलोक कुमार सिक्का ने किसानों को संबोधित करते हुए बाढ़ एवं सुखाड़ प्रबंधन के बारे में बताया। उन्होंने जल का कम उपयोग कर अधिक फसल का उत्पादन कैसे कर सकते हैं इस पर भी चर्चा की साथ ही साथ सेंसर आधारित कृषि एवं सिंचाई के बारे में बताया। पहले सत्र के अध्यक्ष डॉ. मान सिंह, प्रोफेसर एवं पूर्व परियोजना निदेशक, जल प्रोद्योगिकी केंद्र, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली एवं उपाध्यक्ष डॉ. ए. सारंगी, निदेशक, भारतीय जल प्रबंधन संस्थान, भुवनेश्वर थे। द्वितीय सत्र में डॉ. पीके घोष, निदेशक, राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान, रायपुर ने अध्यक्षता की एवं डॉ. के. जी. मंडल, निदेशक, महात्मा गांधी समेकित कृषि अनुसंधान संस्थान, मोतिहारी उपाध्यक्ष के रूप में मौजूद थे। डॉ. मान सिंह ने अपने अभिभाषण में बताया कि देश में सक्षम जल प्रबंधन को दुरुस्त करने के लिए दस लाख करोड़ रुपये के निवेश की आवश्यकता है। डॉ. केजी मंडल ने बताया कि देश का करीब 411 लाख हेक्टेयर भूभाग जलाक्रांत की विभिन्न समस्याओं से ग्रस्त है। देश के कुल बाढ़ ग्रसित भूभाग का 17 प्रतिशत क्षेत्र बिहार में है। इस पर ध्यान देने की विशेष जरूरत है। डॉ. रामकर झा ने नदियों को जोड़ने पर विशेष बल दिया। साथ ही साथ उन्होंने नदियों की गाद की सफाई का बाढ़ प्रबंधन में इसके योगदान पर भी चर्चा की। परिचर्चा में कई वैज्ञानिको ने हिस्सा लिया।

## जदयू की राज्य व्यापी भीम चौपाल कार्यक्रम

हवेली खड़गपुर : बाबा साहब भीम राव आंबेडकर की 132 वीं जयंती के उपलक्ष्य में जदयू की राज्य व्यापी भीम चौपाल कार्यक्रम हेतु प्रखंड क्षेत्र के उच्च विद्यालय बैजलपुर में भीम चौपाल कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जदयू के हरिमोहन तुरी ने किया संचालन अर्जुन मांझी और जदयू पूर्व प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र मंडल संयुक्त रूप से कर रहे थे। वही ग्रामीण स्तर पर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी आमजनो तक पहुंचाने को लेकर चर्चा की गई। पार्टी कार्यकताओं को कार्य निर्वहन का भार दिया ' इस मौके पर तारापुर विधायक राजीव कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि नरेश प्रसाद सिंह, जदयू जिलाध्यक्ष नचिकेता मंडल, राजेंद्र मंडल, गोपाल शरण सिंह, रेखा सिंह चौहान, मनोज कुमार रघु, कृष्णमुरारी सिंह, अंतिम मंडल, धनंजय सिंह, विजय तांती, मगनदेव मंडल, पंकज झा, धर्मदेव कुमार, अशोक सिंह, गणेश मंडल, सूरज मंडल, छोटेलाल मिर्धा, शंकर सिंह, रंजन प्रसून, कारू कोड़ा, महेंद्र सिंह, मिल्टन यादव, रामशरण रजक, चंद्रशेखर दास, मुरारी दास, सिकंदर दास, शंभू यादव, रुस्तम कुमार, मनोज पासवान, सहित अन्य मोजूद थे।

## आस्था : पूर्ण भक्तिभाव से हुई मां दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा-अर्चना

सुगौली, पू.च : प्रखंड क्षेत्र के श्रीपुर चौक पर आयोजित वसंतिय दुर्गा पूजा की तैयारी पूरी कर ली गई है इसको लेकर युद्ध स्तर पर काम किया गया।पूजा आयोजन समिति द्वारा आकर्षक पूजा पंडाल एवं पूजा मंडप का निर्माण कराया गया है। जो आकर्षण का केन्द्र बिन्दु बना है ।वासंतिक नवरात्र के छठे दिन मां दुर्गा के छठा स्वरूप मां कात्यायनी की पूजा अर्चना किया गया। पूजा पंडाल में मां दुर्गा की जयकारे गुंजती रही ।इसके साथ हीं आसपास का माहौल भक्तिमय बन उठा है। वहीं लोग मां का पट खुलने का बेसब्री से इंतजार कर रहे है। दुर्गा पूजा को सफल बनाने में आयोजन समिति के सभी सदस्य जोर शोर से लगे है। इस मौके पर राम कथा का आयोजन भी किया गया है। जहां बड़े संख्या में श्रोता पहुंचकर कथा का आनंद ले रहे है। जहां कथा वाचक राधे कृपा साक्षी के प्रवचन सुनने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है ।दुर्गा पूजा की सफलता को लेकर आयोजन समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष बबलू तिवारी के अध्यक्षता में हुई ।पूजा की सफलता को लेकर आवश्यक चर्चा की गई। मौके पर उपस्थित सदस्यों ने अपना अपना विचार व्यक्त किया। वहीं दुर्गा पूजा को लेकर आयोजित कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में रणनीति तैयार किया गया। दुर्गा पूजा की तैयारी में आयोजन समिति के अध्यक्ष ने बबलू तिवारी,नवीन कुमार, दिलीप तिवारी,देवलाल यादव,रमेश तिवारी, डा अभय कुमार,संदीप तिवारी, संदेश यादव,मुन्ना ठाकुर, रामाशीष महतो, रमेश महतो, रामबाबू महतो,बजरंगी ठाकुर,कौशल सिंह,दिलीप शर्मा आदि जोर शोर से लगे है ।आयोजन समिति के अध्यक्ष बबलू तिवारी ने बताया कि दुर्गा पूजा की सफलता को लेकर जोर शोर से तैयारी चल रही है ।इस अवसर पर विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेल तमासे का आयोजन किया जा रहा है।

# रेलवे का अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी

अतिक्रमणकारियों पर चला रेल प्रशासन का बुलडोजर

राष्ट्रीय खबर

**सुगौली, पू.च :** सुगौली रक्सौल रेल मार्ग के निमार्णाधीन रेल अंडर ब्रिज सीतलपुर के पास रेलवे की जमीन पर से अतिक्रमण हटाने के लिए रेल अधिकारी पुलिस जवानो के साथ पहुंचे। सोमवार को सेंकड़ों की संख्या में महिला,पुरुष पुलिस बल के साथ दर्जनों अधिकारीयों में पीडब्ल्यू आई प्रमोद मंडल आई ओ डब्ल्यू दिनेश कुमार मंडल रकसौल रेलवे आरपीएफ संतोष कुमार मिश्रा, रेल थाना प्रभारी मिथलेश कुमार सिंह, एएसआई शम्भु प्रसाद, विरेन्द्र कुमार मांझी, हवलदार विनय प्रसाद, दंडाधिकारी सह अंचलाधिकारी धमेंद्र प्रसाद गुप्ता, राजस्व पदाधिकारी नेहा कुमारी, एसआई अनुज कुमार सिंह पुरे दल बल के साथ अतिक्रमण हटाने पहुंचे। जहां दर्जनों की संख्या में रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण कर घर बना लिया गया है। अधिकारी ने बताया कि पूर्व में ही अतिक्रमणकारियों को नोटिस दिया जा चुका है। बावजूद इसके अतिक्रमण हटाने की निर्धारित तिथि 27 मार्च को अतिक्रमणकारियों ने रेलवे की जमीन पर से अपना झुग्गी झोपड़ी और दुकान नहीं हटाया था। अतिक्रमण हटाने आई टीम के अधुरी तैयारी के कारण दोपहर तक कुछ भी नहीं हो सका। जेसीबी आने के बाद पूरी टीम फिर से सक्रिय हुई। रेल कार्स निरीक्षक दिनेश कुमार मंडल ने बताया कि एक सौ से उपर लोगो ने रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण कर अपनी झुग्गी झोपड़ी बना ली थी। जिसके बाद से इनलोगो को रेलवे की जमीन को खाली करने के लिए बार-बार नोटिस दिया गया था। एक सप्ताह पहले तक कई लोगो के घरो पर नोटिस भी चिपका दिया गया था। सोमवार को अतिक्रमण हटाने का काम पुरा नही होने की स्थिति में श्री मंडल ने बताया कि जिनके द्वारा अतिक्रमण हटाना बाकी रह गया है वे स्वयं अपना अतिक्रमण हटा ले अन्यथा बहुत ही जल्द विभागीय स्तर पर उनके झुग्गी, झोपड़ियों को तोड़ कर रेलवे की जमीन को अतिक्रमण मुक्त करा लिया जाएंगा। बताया गया कि नदी किनारे डुमरी गांव से शीतलपुर ढाला से उत्तर तक रेलवे की जमीन का अतिक्रमण किया गया था।

## शिक्षक संवाद के दौरान भाजपा प्रत्याशी को मत देने की बात पर बनी सहमति

राष्ट्रीय खबर

**डेहरी :** अनुमंडल के ड्रीम हाउस डालमियानगर में गया शिक्षक निर्वाचन 02 क्षेत्र से राजग के प्रत्याशी जीवन कुमार के समर्थन में डेहरी अनुमंडल के शिक्षको द्वारा शिक्षक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी शिक्षको ने परिवर्तन की आगाज का रूप देते हुए प्रत्याशी जीवन कुमार को अपनी आवाज के रुप में प्रथम वरीयता देते हुए मत प्रदान कर विजयी श्री की माला पहनाकर विधान परिषद में भेजने की बात कही।

सभा में बिहार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे, विधान पार्षद संतोष कुमार सिंह, विधान पार्षद निवेदिता सिंह, पूर्व विधायक सत्यनाराण यादव ने सभा को संबोधित करते हुए शिक्षक साथियों से अपील किया कि सभी लोग राजग के उम्मीदवार जीवन कुमार को प्रथम वरीयता देते हुए मत प्रदान कर भारी बहुमत से विजयी बनाये।

मौके पर शिक्षक वृन्द अमित राठोर, राजू सम्राट तथा मैक राम ,हरिनाथ तिवारी जी, सहित डेहरी अनुमंडल के सभी वित रहित, अतिथि शिक्षक, अनुमानित कालेज के सम्मानित वयाख्यता गण उपस्थित रहे।

## आग के लगने 3 घर राख, लगभग चार लाख की क्षति

फेनहारा : थाना क्षेत्र के थाना पश्चिम गांव में सोमवार के दोपहर में अचानक आग लगने से 3 गृह स्वामी का घर पूरी तरह से जल कर नष्ट हो गया है। घर में बंधे दो बकरी डेढ़ लाख रुपए सहित लगभग चार लाख की संपत्ति जल गया है। आग लगने के कारण का पता नहीं चल सका है आग पर अग्निशमन वाहन और ग्रामीणों के द्वारा काबू पाया गाया। अग्निपीड़ित सबिला खातून ने बताया कि मेरी बहन की अगले महीने में शादी है, जिसके के लिए घर मे रखे डेढ़ लाख रुपए और 2 बकरी, अनाज, बर्तन,फर्नीचर, कपड़ा गहना सहित लगभग ढाई लाख रुपये की समान जल गई है। वही दो अन्य सरफुदिन और सलामुद्दीन का भी घर जल गया है घर मे रखे अनाज बर्तन कपड़ा फर्नीचर सहित लगभग डेढ़ लाख की समाप्ति जल गया है। अंचलाधिकारी बिजेंद्र सिंह ने कहा कि राजस्व कर्मचारी को जाँच करने को कहा गया है जाँच रिपोर्ट आने के बाद मुआवजा दिया जाएगा।

# कृषि निवेश प्रोत्साहन नीति विषय पर जिलास्तरीय कार्यशाला का आयोजन

राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर :** बिहार कृषि निवेश प्रोत्साहन नीति योजनांतर्गत जिलास्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सोमवार को जिलाधिकारी नवीन कुमार की अध्यक्षता में प्रेक्षा गृह में आयोजित की गयी। कार्यशाला का उद्देश्य जिले में कृषि कार्य में निवेश, कृषि उत्पादों में गुणात्मक सुधार के साथ साथ उसे रोजगारोन्मुखी बनाकर उसमें आगे बढ़ने, कृषि को उद्योग के रूप में करने तथा कृषि को और भी उन्नत ढंग से करने सहित किसानों के लिए कृषि कार्यों में निवेश कर खुद को और जिले को कैसे आगे बढ़ाना है और आय के स्त्रोत को कैसे विकसित करना है विषय पर विस्तृत को लेकर चर्चा हुई। कार्यशाला का उद्घाटन जिलाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस मौके पर महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, परियोजना निदेशक आत्मा, जिला कृषि पदाधिकारी, डीडीएम नाबार्ड सहित अन्य पदाधिकारी एवं सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

कार्यशाला में उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि कृषि अब उद्योग के रूप में विकसित हो रही है, बस किसान अपना कॉन्सेप्ट क्लियर रखें, बिहार में अब हर तरह की खेती की जा सकती है। फसलों से अतिरिक्त आय के लिए प्रोसेसिंग प्लांट लगा कर भी उसे उद्योग का रूप दे सकते हैं। उद्योग के मामले में मुंगेर जिला बिहार में तीसरे स्थान पर काबिज है। किसानों के साथ साथ जिले के बड़े बड़े पूंजीपति, चैंबर के बड़े व्यापारी भी इस ओर पहल करें और प्रोसेसिंग प्लांट के माध्यम से छोटे बड़े उद्योग लगा कर खुद के साथ स्थानीय बरोजगार लोगों को भी लाभान्वित कर सकते हैं। सरकार एवं जिला प्रशासन हर तरह से आपके सहयोग के लिए आपके साथ है। किसान अब परंपरागत खेती से बाहर निकलें और नयी तकनीक के साथ कृषि को उद्योग के रूप में लें। कृषि के साथ साथ मत्स्य पालन, पशुपालन में भी लोग निवेश कर खुद को आर्थिक रूप से सबल बना सकते हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में अब सभी प्रकार की कृषि संबंधित तकनीक एवं सुविधाएं उपलब्ध है। आप सभी उसका लाभ उठाएं, स्वयं को आर्थिक रूप से संबल करें एवं अन्य किसानों को भी प्रेरित करें। बिहार कृषि औद्योगिक 2016 की नीति के तहत किसान भाईयों को अब हर प्रकार की सुविधा मुहैया करायी जा रही है। बिहार कृषि निवेश प्रोत्साहन नीति के माध्यम से आप सबों को कृषि संबंधित उद्योग एवं रोजगार के लिए खुला अवसर दिया जा रहा है। कृषि कार्य हेतु उद्योग एवं जमीन की खरीददारी पर भी सरकार अनुदान दे रही है। उन्होंने कहा कि कृषि निवेश के तहत विभिन्न क्षेत्रों यथा मक्का, मखाना, चावल, शहद, सब्जी एवं फल बीज, औषधीय एवं सुगंधित पौधे के क्षेत्रों में निवेश किया जाना है। निवेश की राशि 25 लाख से 5 करोड़ रहने पर इस योजना का लाभ लिया जा सकता है। इस योजना के तहत 15 प्रतिशत अनुदान की व्यवस्था के साथ ही अन्य योजना के अनुदान भी अनुमान्य होगा। लेकिन किसी भी परिस्थिति में व्यक्तिगत निवेशक को 50 प्रतिशत से अधिक अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।

उपस्थित कुछ किसानों ने अपनी समस्याएं भी रखी जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि आप अपनी हर तरह की परेशानी या समस्याओं से संबंधित पदाधिकारी से सम्पर्क कर उसका निराकरण प्राप्त कर सकते हैं। जरूरत हो तो सीधे तौर पर मुझे अवगत कराएं, उसका हर हाल में समाधान किया जाएगा साथ ही उस पर त्वरित कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसान भाई जिले की तरक्की में अपना योगदान देने के लिए आगे आएं और अपने ही कृषि उत्पाद से अच्छी खासी कमाई कर अपने रोजगार को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पाद का प्रोसेसिंग कर उसका स्वरूप बदलने मात्र से उस उत्पादन की कीमत दोगुणी हो जाती है। इस लिए अपने उत्पादन को बरबाद न कर उससे लाभ कमाएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि आप अपने रोजगार से संबंधित प्रोजेक्ट रिपोर्ट विभाग में सब्मिट करें उस पर कार्रवाई कर आपको संबंधित उद्योग के तहत निवेश के लिए एक मुस्त राशि उपलब्ध करायी जाएगी। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पाद को अपना हथियार बनाएं और उसी के माध्यम से नए उद्योगों को बढ़ावा दें। कृषि संबंधित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए पास के गांव और जिलों से भी आप अनाज उठा कर उससे अपने उत्पादन की क्षमता को बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से जिले भर के किसानों और निवेशकों को इस याजेना से अवगत कराना तथा इस ओर पहल कर जिले में तरह तरह के छोटे बड़े उद्योग लगाकर स्वयं के साथ साथ जिले को आर्थिक रूप से सबल बनाना है।

एक महिला किसान जो मशरूम की खेती को अपना रोजगार बना कर आगे बढ़ रही हैं, उन्होंने कहा कि इसे बाजार में सही रूप से प्रसारित करने के लिए थोड़ी परेशानी हो रही है।

## पदाधिकारी के साथ जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

**मोतिहारी पू.च. :** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बाल विवाह के रोकथाम, 03- सारण स्नातक/ शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र एवं रामनवमी पर्व के मद्देनजर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी ,अंचलाधिकारी , थानाध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि बाल विवाह रोकने के लिए ग्रामपंचायत, प्रखंड, शहरी क्षेत्रों में वार्ड स्तर पर जनप्रतिनिधि, शादी से जुड़े पुरोहित, मौलवी ,पादरी इत्यादि के साथ बैठक कर विभिन्न स्तरों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि दिनांक 31 मार्च 2023 को मतदान समाप्ति के पश्चात पोल्ड बॉक्स सुरक्षित रूप से मतगणना केंद्र, छपरा पहुंचाना सुनिश्चित करेंगे। जिलेभर में रामनवमी पर्व अवसर पर विधि व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित करने हेतु उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गर्मी के दिनों में एईएस/ चमकी बुखार की संभावनाओं पर रोकथाम हेतु जीविका, आशा, एएनएम, आगनबाड़ी, विकासमित्रों के साथ बैठक कर आवश्यक जागरूकता फैलाई जाए ।आपदा से संबंधित बाढ़ पूर्व तैयारी हेतु उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि तटबंधों का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित किया जाए । कम्युनिकेशन प्लान के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सात निश्चय अंतर्गत नल जल योजना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए धरातल तक गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित किया जाए । इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, डीपीओ आईसीडीएस, जिला शिक्षा पदाधिकारी, एडीएसएस, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थानाध्यक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

# जमुई सेंट्रल का-ऑपरेटिव बैंक के 13 पदों पर 15 ने भरे पर्चे

## धरहरा के मानगढ़ पैक्स अध्यक्ष अरविंद कुमार ने निदेशक पद के लिए कराया नामांकन

राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर :** जमुई सेंट्रल का-ऑपरेटिव बैंक की नई कार्यकारिणी के लिए सोमवार को 13 पदों के लिए कुल 15 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया । सोमवार को कुल 15 उम्मीदवारों ने निवार्ची पदाधिकारी सह सदर एसडी एम यतेंद्र कुमार पाल के समक्ष नामांकन का पर्चा दाखिल किया। नामांकन की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से तीन बजे तक चली। इस दौरान किला परिसर गाड़ियों से पट गया। वहीं, नामांकन के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। सभी पदों के लिए स्कूटनी 1 अप्रैल को ,जबकि नाम वापसी की अंतिम तिथि 5 अप्रैल निर्धारित की गई है। 12 अप्रैल को चुनाव होना है। मुंगेर जमुई सेंट्रल का-ऑपरेटिव बैंक की नामांकन प्रक्रिया के तहत अध्यक्ष पद के लिए लखीसराय की मिंटू देवी, उ रैन के सुबोध कुमार वहीं, उपाध्यक्ष के लिए जमुई के श्रीकांत यादव , निदेशक पद के लिए पिछड़ा वर्ग से धरहरा प्रखंड के मानगढ़ पैक्स अध्यक्ष अरविंद कुमार जमुई के बु ल्लू कुमार , घोसैठ के अमरेश कुमार सहित कुल 12 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया । वही पिछड़ा वर्ग से निदेशक पद के लिए नामांकन कराने के बाद धरहरा प्रखंड के मानगढ़ पैक्स अध्यक्ष अरविंद कुमार ने पत्रकारों को बताया कि चुनाव जीतने के बाद किसानों की समस्याओं का समाधान करेंगे। किसान के लिए किसान क्रेडिट कार्ड, खाद बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराएंगे। इसके अलावा पैक्स के द्वारा धान व गेहूं क्रय समर्थन मूल्य का लाभ किसानों को दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि पैक्स अध्यक्षों को बैंकों में होने वाली परेशानियों से निजात दिलाना उनकी प्राथमिकता सूची में है ।बताते चलें कि 4 जिले मुंगेर ,लखीसराय ,शेखपुरा जमुई के पैक्स अध्यक्ष व्यापार मंडल व प्रखंड स्तरीय समिति के द्वारा जिला केंद्रीय सहकारी बैंक मुंगेर के निदेशक मंडल के चुनाव की घोषणा हो चुकी है ।चारों जिलों के पैक्स अध्यक्ष चुनाव की तैयारी कर रहे हैं। चुनाव में खड़ा होने के लिए सभी अपना-अपना ताल ठोक रहे हैं। इधर प्रशासन भी चुनाव की तैयारी में जुटे हुए हैं ।सहकारिता विभाग के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार कुल 13 पद का चुनाव होगा। नामांकन की अंतिम तिथि 28 मार्च है। मतदान 12 अप्रैल को 7:00 बजे से 4:30 बजे तक होगी ।उसी दिन मतगणना भी होगी। चार जिला में 388 मतदाता ग्रुप ए में है। वही ग्रुप बी में 20 मतदाता ,ग्रुप सी में 12 मतदाता व ग्रुप डी में 10 मतदाता अपना मतदान करेंगे। जमुई जिले में 153 मतदाता है ।वही मुंगेर जिले में 101 मतदाता मतदान करेंगे। लखीसराय जिले में 80 मतदाता मतदान करेंगे। शेखपुरा जिले में 54 मतदाता मतदान करेंगे। सबसे कम शेखपुरा जिले में मतदाता है ।कुल ग्रुप ए में 388 मतदाता मतदान करेंगे।

## कोतराहा पावर हाउस के जाली में मिला नेपाली व्यक्ति का शव

बगहा : वाल्मीकिनगर थाना के कोतराहां स्थित हाइड्रल पावर हाउस से उत्तर नहर में रविवार को नहर में जल स्राव बंद होने के बाद अज्ञात व्यक्ति का शव दिखने से यह खबर आग की तरह फैल गई। प्रथम दृष्टया मृतक व्यक्ति का शव 3 से 4 दिन पुराना लग रहा है। गंडक नहर के जल शक्ति गृह में कचरा नहीं जाने के लिए नहर पर दो जगह जाली लगाई गई है। और दोनों जाली के बीच व्यक्ति का शव पाया जाना संदेहास्पद लग रहा है। सूचना पर वाल्मीकिनगर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर अनुमंडलिये अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। खबर भेजे जाने के समय नेपाल के भैरहवा से कुछ लोग आये हुए थे। जो शव रिसीव के लिए आवेदन प्रक्रिया में जुटे हुए थे। मामले में वालमीकिनगर थाना के एएसआई मिथिलेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। मौत के कारणों का वास्तविक खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद हो पाएगा।

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र झारखंड

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर ›› अपडेट

### सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की हुई मौत

**मगनपुर**:रा.उ.प.संख्या- 23 के बोकारो/रामगढ़ मार्ग में धमनाटाँड़ के समीप ऑटो संख्या जेएच -24 एच 6550 और बाईक जेएच-02 एन 0809 के बीच सीधी टक्कर हो जाने से शिवलाल महतो(38 वर्ष) एवं अमृत महतो(42 वर्ष) घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोला ले जाया गया, जहाँ उनकी प्राथमिक चिकित्सा के उपरांत घायल शिवलाल महतो को बेहतर ईलाज हेतू रिम्स(राँची) रेफर कर दिया गया , जहाँ ईलाज के दर्म्यान उसकी मौत हो गई।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स ››

### बाल बाल बची बोर्ड एग्जाम देने जा रही छात्रा खुशी कुमारी

**पतरातू**: बताते चलें कि पतरातू प्रखंड के किरिगढा निवासी सुजीत कुमार सिंह की पुत्री खुशी कुमारी बोर्ड का एग्जाम देने अपने चचेरे भाई दीपक कुमार सिंह के साथ घुटवा जा रही थी लेकिन ब्लॉक मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रही अल्टो कार से टक्कर हो गई टक्कर होने के बाद खुशी कुमारी और दीपक कुमार सिंह बेहोश होकर जमीन में गिर पड़े तथा लोगों की मदद से आनन-फानन में खुशी कुमारी एवं दीपक कुमार सिंह को साईं नर्सिंग होम ले जाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने खुशी कुमारी और दीपक कुमार सिंह का प्राथमिक उपचार किया। उपचार के बाद खुशी कुमारी को होस आते ही कहने लगी कि मुझे बोर्ड एग्जाम देने जाना है। डॉक्टरों ने इलाज के बाद स्थिति को देखते हुए उसे बोर्ड एग्जाम देने के लिए भेज दिया और शाम को दोबारा इलाज के लिए बुलाया। इधर दीपक कुमार अभी भी इलाज रत है। दुर्घटना होने के बाद दुर्घटना स्थल पर सैकड़ों लोग जमा हो गए और माँग करने लगे कि हाई स्कूल पतरातू से लेकर ब्लॉक चौक तक आए दिन दुर्घटनाएं होने की संभावना बनी रहती है और आए दिन किसी ने किसी के साथ दुर्घटनाएं होती ही रहती है।

## संक्षिप्त ›› अपडेट्स

### गजराज का आतंक, महिला को कुचल कर दी दर्दनाक मौत, एक युवक घायल

**मगनपुर**: झारखंड में हाथियों का आतंक बदस्तूर जारी है। एक बार फिर गजराज के गुस्से का शिकार एक निर्दोष महिला हो गयी। बता दें रामगढ़ जिला के गोला में जंगली हाथियों के झुंड एक महिला को कुचल कुचल कर मार डाला जबकि एक युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया है। वहीं घटना के बाद वन विभाग की ओर से खानापूर्ति करते हुए मृतक महिला के परिजनों को 15000 मुआवजा के रूप में दिया गया है। बता दें हाथियों के झुंड ने आज सुबह 5:00 बजे के लगभग खोखा की एक महिला पूनम देवी पति चंद्रनाथ महतो को जंगली हाथियों ने कुचल कर मार डाला। वहीं हाथियों के झुंड ने पुराना सिरका के रहने वाले 28 वर्षीय युवक रोशन लाल महतो को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया है। बताया गया कि हाथियों के झुंड ने महुआ चुनने गई महिला पूनम देवी को पटक पटक कर कुचल कर मार डाला। गांव के लोगों को सूचना मिलने के बाद इसकी जानकारी वन विभाग को दी गई। वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर महिला के शव को हटाया। वही तत्काल सहयोग के रूप में मृतक परिवार के परिजनों को 15 हजार रुपए की राशि दी गई। वही गांव वालों ने बताया कि अभी भी सिरका गांव के जंगल में 3 जंगली हाथी मौजूद हैं। जो कभी भी गांव की ओर आकर उत्पात मचा सकते हैं। वन विभाग की टीम को हाथियों को भगाने के लिए तत्काल कार्रवाई आरंभ करना चाहिए। गांव के लोग हाथियों के उत्पात से डरे और सहमे हुए हैं।

**निर्देश** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इंटेक वेल निर्माण का उपायुक्त को दिया निर्देश

# कोनार नदी पर होगा पेयजलापूर्ति योजना का निर्माण

- मंत्री योगेन्द्र साव ने सीएम से किया था अनुरोध
- ग्रामिणों ने मंत्री को सुनाई थी पीड़ा

**राष्ट्रीय खबर**

**बेरमो/गोमिया:** गोमिया प्रखंड अंतर्गत पलिहारी गुरुडीह, गोमिया व ससबेडा पूर्वी पंचायत के ग्रामीण 1960 के दशक से पेयजल की समस्या झेल रहे हैं। वर्ष 1975 ई. में इन पंचायतों में पेयजलापूर्ति के लिए पहला इंटक वेल का निर्माण कोनार नदी पर किया गया था। तब जाकर पेयजल की समस्या से ग्रामीणों को राहत मिली थी। समय बीतता गया और 90 के दशक में फिर से वही पेयजल की विकराल समस्या उत्पन्न हो गई। इंटक वेल और पानी टंकी का निर्माण जनसंख्या के जिस अनुपात में किया गया था। 90 के दशक में जनसंख्या काफी बढ़ चुकी थी और फिर से इन क्षेत्रों में पानी के लिए हाहाकार मच गया। पानी के लिए इन उक्त पंचायतों के ग्रामीणों ने निरंतर खूब कठिनाइयों का सामना किया। वर्ष 2010 में बोकारो नदी पर एक नया पेयजलापूर्ति योजना (इंटेक वेल) का निर्माण किया गया। इस योजना से क्षेत्र के 6 पंचायतों क्रमशः गोमिया, पलिहारी गुरुडीह, खंभरा, ससबेडा पूर्वी, ससबेडा पश्चिमी और आंशिक रूप से स्वांग दक्षिणी को जोड़ा गया। क्षमता से अधिक इस पेयजलापूर्ति योजना से ग्रामीणों के बीच सुचारू रूप से पेयजल का सप्लाई नहीं होता था। इस कारण पेयजल की विकराल समस्या निरंतर बरकरार थी। ग्रामीण दूरदराज के क्षेत्रों से पानी लाते थे। गर्मी के दिनों में यह समस्या ओर भी बढ़ जाती थी। इसे लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने इस समस्या का पूर्ण रूप से समाधान के लिए निरंतर प्रयास किया। किंतु इसपर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। फिलहाल बीते दिनों क्षेत्र में पेयजल की समस्या को लेकर पलिहारी गुरुडीह पंचायत सचिवालय में ग्रामीणों की बैठक हुई थी। उस बैठक में राज्य समन्वय समिति सदस्य सह राज्य मंत्री योगेंद्र प्रसाद भी मौजूद थे। ग्रामीणों की व्यथा सुनने के बाद योगेंद्र प्रसाद ने इस समस्या को लेकर 21 मार्च को राज्य के सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात कर एक आवेदन दिया। सीएम हेमंत सोरेन ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए उसी आवेदन पर बोकारो जिला उपायुक्त को डीएमएफटी मद से कोनार नदी में एक नया इंटेक वेल निर्माण के लिए अग्रेतर कार्यवाही का निर्देश दिया है। अब जल्द ही कोनार नदी में तीनों पंचायतों में सुचारू रूप से पेयजलापूर्ति के लिए एक नया इंटक वेल का निर्माण होगा। इस बात की खबर सुनकर उक्त तीनों पंचायत के ग्रामीणों के बीच खुशी की लहर है। ग्रामीणों ने सीएम हेमंत सोरेन और योगेंद्र प्रसाद को आभार व्यक्त किया है। 26 मार्च को पलिहारी गुरुडीह पंचायत के कोठीटांड चौक पर तीनों पंचायत के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान खुशहाली में मिठाइयां बांटी गई। मौके पर मुख्य रूप से खंभरा मुखिया बंटी उरांव, गोमिया मुखिया बलराम रजक, ससबेडा पूर्वी मुखिया पूर्व मुखिया चंद्रदीप पासवान, पंसस सुशीला देवी, वार्ड सदस्य उज्जवल स्वर्णकार, यास्मीन परवीन, महिला समूह की रेखा देवी, ललिता देवी,सुनीता देवी आदि लोग मौजूद थे।

### सीसीएल मुख्यालय से एसडीओसीएम को मिला 4 नया डंपर

**बेरमो** : सीसीएल ढोरी क्षेत्र के एसडीओसीएम में 2 नए डंपर का उद्घाटन ढोरी क्षेत्र के महाप्रबंधक मनोज कुमार अग्रवाल द्वारा किया। श्री अग्रवाल ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में सभी के सहयोग से 42? लाख टन कोयला उत्पादन करेंगे। बताते चलें कि?? सीसीएल मुख्यालय से एसडीओसीएम को कुल 4 नया डंपर मिला हैं।? जिसमे 2 का उद्घाटन किया गया, 2 डंपर 2 दिन के बाद किया जाएगा। मौके पर पीओ अरविंद झा, चीफ मैनेजर शैलेश प्रसाद, सेल ऑफिसर राजेश गुप्ता, आउटसोर्सिंग इंचार्ज डीके सिन्हा, एसओएक्स यू के पासवान, सहित यूनियन ?प्रतिनिधि गिरजा शंकर पांडेय, मुरारी सिंह,जवाहर लाल यादव, पवन सिंह, युधिष्ठिर सिंह, बैजनाथ महतो, आदि मुख्य रूप से उपस्थिति थे।

### चार दिवसीय चैती छठ के दूसरे दिन खरना संपन्न, अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य आज

**बेरमो** : बोकारो जिले के बेरमो कोयलांचल में शुरू हुए चार दिवसीय चैती छठ महापर्व के दूसरे दिन रविवार को खरना की विधि संपन्न हुई। चैती छठ महापर्व को लेकर कार्तिक छठ से संख्या में कमी भले हो लेकिन लोगों के उत्साह में कोई कमी नहीं है। छठ व्रतियों ने अपने आसपास के जल स्रोतों में स्नान किया और पूरी शुद्धता और परंपरा के अनुसार खरना का प्रसाद भगवान सूर्य को अर्पित करते हुए उसे खुद भी ग्रहण किया। जिसके बाद खीर भोजन की परंपरा संपन्न हुई। अब 27 मार्च को शाम में पहला अर्घ्य और 28 मार्च को अहले सुबह दूसरा अर्घ्य के साथ यह चैती छठ महापर्व संपन्न होगा। जिले के विभिन्न घाटों में लोगों की भीड़ छठ पूजा को लेकर उमड़ती है। बेरमो मे आस्था का महापर्व चार दिवसीय चैती छठ को लेकर बाजार में चहल पहल बढ़ गई है। चारो ओर छठ के गीतों से गूंजने लगे है। छठव्रती के घरों में छठ गीत बजने लगे है। छठ को लेकर छठ घाट में साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है।

बजट सत्र के कारण कुछ दिनों के लिए लोगों की समस्याओं से रही दूर

# अब फिर से उनके समस्याओं का करूंगी समाधान : अम्बा

**राष्ट्रीय खबर**

**पतरातू :** पिछले एक महीना से चल रहे झारखंड विधानसभा बजट सत्र के कारण पतरातू पीटीपीएस विधायक आवासीय कार्यालय में विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा प्रत्येक सोमवार को लगाया जाने वाला जनता दरबार स्थगित था जो इस सोमवार से पुनः जनता की समस्याओं को निराकरण हेतु जनता दरबार लगाया गया। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से आए विभिन्न समस्याओं का निराकरण किया गया। विधायक ने कहा कि प्राथमिकता है। प्रत्येक सोमवार को जनता दरबार लगाने का सिर्फ एक ही कारण है कि जनता को अपनी समस्याओं को लेकर कहीं भटकना ना पड़े इसलिए प्रत्येक सोमवार को आवासीय कार्यालय में जन समस्या निवारण हेतु जनता दरबार लगाएंगे और जो कार्य अतिशीघ्र होने लायक है उसे त्वरित कार्रवाई कर निष्पादन करने का काम करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह, मुखिया तिलेश्वर साव, रंजीत यादव एवं दर्जनों ग्रामीण उपस्थित हुए।

जारंगडीह टाटा ब्लॉक कॉलोनी सिफटिंग को लेकर संयुक्त मोर्चा का पीट मिटिंग

# कोलियरी के अस्तित्व को बचाना है तो सीसीएल कर्मियों को देना होगा साथ - फ्रांसिस

**राष्ट्रीय खबर**

**बेरमो :** पिछले लंबे समय से जारंगडीह कोलियरी की विस्तारीकरण का मुद्दा गरमाया हुआ है। अब तो स्थिति ऐसी हो गई है कि अगर जल्द ही कोलियरी का विस्तारीकरण नही हुआ तो कोलियरी बंद हो जायेगा और जारंगडीह पुरी तरह खत्म हो जायेगा। इस परिस्थिति से निपटने और जारंगडीह परियोजना को बचाने को लेकर संयुक्त मोर्चा सीसीएल प्रबंधन को हर सम्भव सहयोग कर रही है। इस मुद्दे की निष्पादन को लेकर बीते दिनों टाटा ब्लॉक कॉलोनी वासियों के बीच संयुक्त मोर्चा वार्ता कर सहमति बनाने के प्रयास करने के साथ-साथ सोमवार के अहले सुबह संयुक्त मोर्चा द्वारा जारंगडीह खुले खदान कार्यालय परिसर में पीट मिटिंग मोर्चा के वरीय नेता एसबी सिंह दिनकर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमे जारंगडीह कोलियरी में कार्यरत कामगारों से अवहान किया गया कि जब कोलियरी बचेगा तभी आप यहां काम कर पायेगे। इसलिए टाटा ब्लॉक कॉलोनी विस्थापन के मुद्दे पर वे भी संयुक्त मोर्चा का साथ दे और कॉलोनी वासियों को समझने बुझाने में उसकी मदद करे। ज्ञात हो कि सीसीएल टाटा ब्लॉक सिफटिंग के एवज में जारंगडीह मांझी टोला मे जमीन देने के साथ साथ प्रत्येक आवास धारियों को 40 40 हजार रुपये देने की घोषणा की है मगर कॉलोनी वासियों का कहना है कि मांझी टोला के बदले जारंगडीह मिडिल स्कूल के पिछे के जमीन पर उन्हें बसाया जाये। दुसरी तरह उन लोगों का कहना है कि 40 40 हजार मे कैसे घर बनेगा इस लिए सीसीएल घर बना कर लोगो को बसाये। जबकि जग जाहिर है कि मार्च माह के बाद उपरोक्त फंड लौट जायेगा जिसके बाद यह मामला पुरी तरह फंस जायेगा। इधर संयुक्त मोर्चा सीसीएल प्रबंधन और सिफटिंग एरिया वासियों के बीच सहमति बनाने की जी तोड़ मेहनत कर रही है।

### सुकरीगढ़ा में यज्ञ की शुरूवात भव्य कलश यात्रा से हुई

**रजरप्पा** : चितरपुर प्रखंड के सुकरीगढ़ा लारी में सोमवार को श्री श्री 1008 शिव परिवार सह पंचमुखी हनुमान प्राण प्रतिष्ठा पंच दिवसीय वैदिक महायज्ञ का आयोजन किया गया। महायज्ञ की शुरूवात भव्य कलश यात्रा के साथ हूवा जिसमे यज्ञाचार्य पं राजेश कुमार पांडेय के द्वारा मंत्रोउच्चारण के साथ ग्रामीण महिलाओं ने कलश लेकर पंशाला गढ़ा से जल उठाकर धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो कि जयकारे लगते हुए पुनः यज्ञ मंडप पहुंचा, तथा विधिवत पूजा अर्चना के साथ कलश स्थापित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष गोविंद प्रसाद, कोसाध्याक जितेंद्र प्रसाद, सचिव अयोध्या प्रसाद सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

**राष्ट्रीय खबर**

**रामगढ़ :** आगामी रामनवमी पर्व को लेकर उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के साथ आगामी रामनवमी पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने रामनवमी पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर सभी अधिकारियों एवं शांति समिति के सदस्यों को पर्व के दौरान ध्यान देने योग्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी वही उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण कर असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाई करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु यह बहुत जरूरी है कि सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान दिया जाए। सभी अधिकारी सुनिश्चित करें कि किसी भी क्षेत्र में कहीं भी कोई अफवाह सामने आने पर उस पर त्वरित कार्य एवं अफवाह फैलाने वाले के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए वहीं उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से भी किसी प्रकार की अफवाह सामने आने पर त्वरित इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों/थाना अथवा जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06553 222005 देने की अपील की शांति समिति की बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी रामनवमी पूजा समिति के सदस्यों को निर्धारित रूट से ही जुलूस निकालने का निर्देश दिया ।

# नीलांबर पीतांबर का 165वां शहादत दिवस मनाया जायेगा

**राष्ट्रीय खबर**

**तेनुघाट :** 28 मार्च दिन मंगलवार को तेनुघाट में अमर शहीद नीलांबर पीतांबर का 165 वां सहादत दिवस मनाया जयेगा। इसको लेकर जोरो से तैयारी की जा रही है। खरवार भोक्ता संघ के जिला अध्यक्ष सोहन गंझु, सचिव रामचंदर गंझू एवं हीरा लाल भोगता प्रवक्ता सह केंद्रीय सदस्य ने बताया कि ने बताया कि 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारी थे उनकी कथाएं के अनंत गाथाएं हैं,जो संक्षिप्त रूप से वर्णण नहीं किया जा सकता। उनकी शहादत से आज लोग शिक्षा ले रहे हैं उनकी कुर्बानियों आज बेकार नही जानी चाहिये। लोगों को उनके आदर्शों पर चलने की आवश्यकता है यदि उनके आदर्शो पर चले तो आज हम खरवार भोगता समाज का उत्थान निश्चित है। उनकी आदर्शों पर चलने की आवश्यता है। इस मौके पर पेटरवार प्रखंड अध्यक्ष सेवा गंझू, संरक्षक लालमोहन गंझू,भोला भोगता जिला अध्यक्ष युवा संघ, बैजनाथ गंझ सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### मेगा लीगल कैम्प का आयोजन किया गया

**बेरमो** : बेरमो प्रखंड कार्यालय में मेगा लीगल कैम्प का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि तेनुघाट कोर्ट के सिविल जज राजेश रंजन कुमार, विशिष्ट अतिथि ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट सह सिविल जज सुश्री स्वेता सोनी, बेरमो सीओ मनोज कुमार, बीडीओ मधु कुमारी आदि ने दीप प्रज्वलित कर कैम्प का उद्घाटन किया। यहां महिलाओ को शोषण व प्रताड़ना से बचाव हेतु कानूनी सहायता तथा महिला सशक्तिकरण की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि राजेश रंजन कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को डायन कहकर प्रताड़ित किया जा रहा है। जो कानूनन अपराध है। इस तरह से समाज मे महिलाओं के साथ शोषण व प्रताड़ित होने पर कानून का सहारा ले। सिविल जज सुश्री स्वेता सोनी ने कहा कि अपराध को नियंत्रण के लिए सशक्त कानून बनाया गया है। अपराध पर चुप न रहे। यहां दिव्यांगों के बीच व्हीलचेयर, ट्राई साईकिल, बैशाखी, कान की मशीन, बैंड स्टिक तथा पेंशन, जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री आवास व सावित्री बाई फुले योजना के लाभुकों को प्रशस्ति पत्र दिया गया। कार्यक्रम का संचालन जनसेवक अनामिका गुप्ता ने किया। कैम्प के दौरान प्रखंड परिसर में ग्रामीण विकास,कृषि व पशु, स्वास्थ्य, महिला बाल विकास परियोजना, शिक्षा,पेयजल स्वास्थ्य ,मनरेगा विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर कार्यो की जानकारी दी। मौके पर प्रखंड पशु पालन पदाधिकारी डॉ अजय कुमार, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष रंजीत महतो,अधिवक्ता मनोज चौबे, बीएलवी बंटी मिश्रा,मुखिया देवंती देवी, पर्यवेक्षका प्रियंका कुमारी,मधु सिंह, प्रभारी प्रखंड पंचायती राज्य पदाधिकारी धीरेंद्र रजक, पंचायत सचिव भुनेश्वर तुरी, समीर हांसदा, बीटीएम स्वतंत्र प्रकाश गौतम, बीपीओ विशाल प्रकाश, स्मृति सिंह आदि मौजूद थे।

**जागरूकता** विभिन्न बीमारियों के रोकथाम एवं स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक किया जाय

# स्वास्थ्य मेला का आयोजन, सैकड़ों लोग हुए लाभान्वित

- बिमारियों के जांच तथा दवा वितरण व परामर्श के लिए कुल 23 स्टॉल लगाये गए थे

**राष्ट्रीय खबर**

**तेनुघाट :** तेनुघाट मुख्यालय के विभिन्न प्रखंडो में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के तत्वाधान में सोमवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में गोमिया प्रखंड के डाक बंगला परिसर में भी स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य मेले का उदघाटन गोमिया विधायक डॉ लम्बोदर महतो की धर्मपत्नी सह समाजसेविका श्रीमती कौशल्या देवी,जिप सदस्य सुरेन्द्र राज, बीडीओ कपिल कुमार,सीओ संदीप अनुराग टोपनो एवं प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ जितेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर बीडीओ कपिल कुमार ने कहा कि इस स्वास्थ्य मेले का मुख्य उद्देश्य यह है कि इसके माध्यम से विभिन्न बीमारियों के रोकथाम एवं स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक किया जाय। साथ ही सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाया जाए। सीओ संदीप अनुराग टोपनो ने स्वास्थ्य से संबंधित योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी,साथ ही इन योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक संख्या में लोगों को लेने का अपील भी की। वहीं चिकित्सा पदाधिकारी डॉ जितेंद्र कुमार ने बताया कि ऐसे स्वास्थ्य मेला के आयोजन से मरीजों को एक हीं स्थान पर सभी बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सकों से इलाज कराने व बीमारी से संबंधित जांच कराने का लाभ मिलता है। मरीज को अलग-अलग बीमारी के लिए विभिन्न अस्पतालों का चक्कर नहीं लगाना पडेगा। सरकार की यह अच्छी पहल है। प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला में पंजीकरण, हेल्पडेस्क, आयुष्मान भारत योजना,कोविड 19 टीकाकरण,बीपी सुगर जांच,परिवार नियोजन, शिशु स्वास्थ्य,एचआईवी, टीबी,कैसर जांच,पेथोलोजी जांच सहित अन्य बिमारियों के जांच तथा दवा वितरण व परामर्श के लिए कुल 23 स्टॉल लगाये गए थे।मौके पर विभिन्न बिमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ रंजन कुमार, डॉ निशा किड़ों, डॉ कुमारी पूनम सिंह, डॉ पी गोस्वामी, डॉ एमके सिन्हा,डॉ प्रियंका, डॉ रुपम प्रिया, डॉ अम्बेडकर परमाणिक,स्वास्थ्य कर्मी हीरालाल रवानी,नरेंद्र प्रसाद,गणेश प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### कोतो के लाइफ लाइन स्थित शिव मंदिर का समाजसेवियों ने जीर्णोद्धार कार्य करवाया शुरू

**पतरातू** : चैती नवरात्र के षष्ठी पूजा के दिन सोमवार को ग्राम पंचायत कोतो के लाईफ लाईन स्थित शिव मंदिर का जीर्णोद्धार का कार्य प्रखर समाजसेवियों द्वारा प्रारंभ करवाया गया। गौरतलब है कि जब से बनाया गया है यह शिव मंदिर मरम्मती के अभाव में जर्जर हो चुका है। मौके पर मुख्य रूप उपस्थित वरीय समाजसेवी जय प्रकाश सिंह ननकी ने कहा कि इस शिव मंदिर के प्रति स्थानीय पंचायत के अलावे आस पास के क्षेत्र के निवासियों में इस मंदिर के प्रति गहरी आस्था है। लेकिन दुर्भाग्यवश किसी का भी ध्यान इस ओर नहीं जा रहा था। इसके जीर्णोद्धार में पंचायत के अलावे आस पास क्षेत्र के ग्रामीण तथा समाजसेवीगण भी अपना बहुमूल्य सहयोग कर रहे हैं।

संपादकीय

# चुनाव से पहले चुनाव आयोग की परीक्षा

देश में पहले कर्नाटक और उसके बाद कई राज्यों के विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इस चुनाव से पहले ही पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के एक वकील ने चुनाव आयोग से आम आदमी पार्टी (आप) को दिल्ली और पंजाब में ह्यराज्य पार्टीह्न का दर्जा प्राप्त करने और राज्य की पार्टी बनने की योग्यता के मद्देनजर राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा देने का आग्रह किया है। गोवा और गुजरात में पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में उनके प्रदर्शन के आधार पर। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार और चुनाव आयुक्तों अनूप चंद्र पांडे और अरुण गोयल को शनिवार को लिखे पत्र में हेमंत कुमार ने मांग की कि कर्नाटक विधानसभा के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से पहले आप को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिया जाना चाहिए। और पंजाब में जालंधर लोकसभा सीट के लिए उपचुनाव। उन्होंने कहा कि 24 मई को विधानसभा का कार्यकाल समाप्त होते ही कर्नाटक चुनाव की घोषणा की जाएगी। इस एक मांग से भी चुनाव आयोग की निष्पक्षता की

दोबारा परख हो जाएगा। वैसे इनदिनों अपने फैसलों और चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा के साथ साथ चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के मुद्दे पर यह आयोग अपनी निष्पक्षता की साख को दांव पर लगा चुका है। इसी वजह से सुप्रीम कोर्ट ने भी चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पर सवाल उठाये हैं। इस बार अधिवक्ता ने बताया कि 23 सितंबर, 2021 को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, आप केवल दिल्ली और पंजाब में एक राज्य की पार्टी थी। हालाँकि, यह मार्च 2022 में गोवा में एक राज्य पार्टी बनने के योग्य है क्योंकि इसने विधानसभा चुनावों में डाले गए कुल वैध मतों का 6% से अधिक मतदान किया और इसके दो उम्मीदवार विधायक के रूप में चुने गए। इसके बाद, गुजरात में भी आप ने दिसंबर 2022 में राज्य की पार्टी बनने के लिए अर्हता प्राप्त की, क्योंकि इसे कुल वैध मतों का 12% से अधिक मिला। यह मतदान प्रतिशत न्यूनतम आवश्यक से दोगुना है और इसके पांच उम्मीदवार विधायक के तौर पर चुने गए हैं। हेमंत ने ईसीआई को बताया कि अगस्त 2022 में, उसने आप के संयोजक को लिखा था कि उसे गोवा में एक राज्य पार्टी के रूप में मान्यता दी गई थी और इस आशय की एक अधिसूचना नियत समय में जारी की जाएगी। हालाँकि, अधिसूचना अभी तक भारत के राजपत्र में प्रकाशित नहीं हुई थी। उन्होंने यह भी कहा कि ईसीआई ने अभी तक गुजरात में चुनाव प्रतीक (आरक्षण और आवंटन) आदेश, 1968 के पैराग्राफ 6ए (i) के तहत आप को राज्य पार्टी का दर्जा देने के लिए कोई आदेश या अधिसूचना जारी नहीं की है, इसके कारणों को सबसे अच्छी तरह से जाना जाता है। एक बार ऐसा हो जाने के बाद, पार्टी चुनाव चिह्न (आरक्षण और आवंटन) आदेश, 1968 के अनुच्छेद 6बी (3) के तहत एक राष्ट्रीय पार्टी बनने के योग्य हो जाएगी। पत्र में यह भी कहा गया है कि मणिपुर, मेघालय, नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश में राज्य पार्टी बनने के बाद ईसीआई ने जून 2019 में नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) को इसी तरह की मान्यता प्रदान की थी। चुनाव आयोग इस पर क्या फैसला लेता है, इस पर सभी की नजर रहेगी क्योंकि अब तक अधिसूचना जारी क्यों नहीं की गयी, इस पर पहले से ही सवाल खड़े हो चुके हैं। दरअसल चुनाव आयोग का भाजपा के पक्ष में काम करने के कई फैसले उसकी निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर चुके हैं। कई चुनाव कार्यक्रमों में भी भाजपा को फायदा पहुंचाने का आयोग का फैसला सभी के सामने है। दूसरी तरफ यह स्पष्ट होता जा रहा है कि जहां पर इस सबसे नई आम आदमी पार्टी का संगठन मजबूत हुआ है, वहां से वह भाजपा के मुकाबले अधिक बेहतर विकल्प के तौर पर उभरी है। दिल्ली के नगर निगम का चुनाव इसका उदाहरण है। खबर है कि अरविंद केजरीवाल अपने गृह राज्य हरियाणा में भी पार्टी को चुनावी मैदान में उतारने की तैयारियों में जुटे हैं। इसके अलावा कर्नाटक और मध्यप्रदेश में भी उन्होंने जनसभाओं का आयोजन कर अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है। वर्तमान में सिर्फ शिक्षा और स्वास्थ्य के जरिए दिल्ली की जनता के बीच अपना भरोसा कायम कर चुके केजरीवाल ने पार्टी के गठन के पहले एक बड़ी बात कही थी। उस वक्त उन्होंने कहा था कि, राजनीति कैसे की जाती है, इन दलों को अब हमलोग सीखायेंगे। केजरीवाल की उस वक्त कही गयी बात का वजन अब भाजपा महसूस कर रही है जबकि उस दौर में केजरीवाल के निशाने पर कांग्रेस ही थी। राहुल गांधी की सदस्यता के मुद्दे पर केजरीवाल का बयान भी भाजपा के लिए सहज नहीं है। इसलिए अब चुनाव आयोग इस सबसे नई पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा देती है अथवा नहीं, यह देखने वाली बात होगी।

# दस्तक देता कृत्रिम बुध्दिमत्ता का नया दौर!

बहुत जल्द आने वाला दौर खुल जा सिमसिम से कम नहीं होगा। तब अली बाबा और चालीस चोर एक गुफा में रखे खजाने तक पहुँचने खातिर दरवाजा खोलने और बन्द करने के लिए सिमसिम बोला करते थे। आज इशारे, बोली या चेहरे के संकेतों से बहुत कुछ कर गुजरने की क्षमता हासिल होती जा रही है। इसमें दो राय नहीं कि 21वीं सदी का यह दौर एआई यानी आटीर्फीसियल इण्टेलीजेन्स या कृत्रिम बुध्दिमत्ता का है। इसकी शुरूआत 1950 के दशक में हुई। लेकिन निर्णायक मुकाम तक पहुंचने में थोड़ा वक्त लगा। इसका मतलब ये नहीं कि यह एकाएक पैराशूट से आ गिरा और दुनिया में छा गया। एआई 1970 के दशक में लोकप्रिय होने लगा था जब जापान इसका अगुवा बना। 1981 आते-आते सुपर कम्प्यूटर के विकास की 10 वर्षीय रूपरेखा तथा 5वीं जेनरेशन की शुरूआत ने रफ्तार दी।

ऋतुपर्ण दवे
पत्रकार

जापान के बाद ब्रिटेन भी चेता उसने एल्बी प्रोजेक्ट तो यूरोपीय संघ ने भी एस्पिरिट की शुरूआत की। अधिक गति देने या तकनीकी रूप से विकसित करने के लिए 1983 में कुछ निजी संस्थानों ने एआई के विकास खातिर माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी संघ बना डाला। सच तो यही है कि एआई की कहां-कहां और कैसी दखल होगी जिसकी न तो कोई सीमा है और न अंत। हर दिन नए-नए फीचरों के साथ करिश्माई तकनीक पहले से बेहतर विकल्पों के साथ परिवर्तनों, सुधार या विकसित होकर सामने होती है। दुनिया सबसे पहले इसके सहज रूप रोबोट से रू-ब-रू हुई जो सबकी पहुंच में नहीं रहा। लेकिन इस तकनीक ने घर-घर दस्तक देकर अपनी निर्भरता खूब बढ़ाई। अब साल भर में मोबाइल, टीवी, गैजेट्स आउटडेटेड लगने लगते हैं। आगे क्या होगा अकल्पनीय है। सच है कि कृत्रिम बुध्दि की दौड़ इंसानी बुध्दि पर भारी दिखने लगी है।

एआई ने व्यापार के पूरे तौर तरीके बदल दिए। हरेक उद्योग, व्यापार इसके बिना अधूरा और अनुपयोगी है। स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि या फिर नागरिक शासन प्रणाली सबमें जबरदस्त दखल बेइन्तिहा है। आसमान में सैटेलाइट, उड़ता हवाई जहाज, पटरी पर दौड़ती रेल-मेट्रो सभी कृत्रिम मेधा के नियंत्रण में है। घर में साफ-सफाई से लेकर खाना बनाना, टीवी ऑन-ऑफ करना, चैनल बदलना, एसी चालू-बंद करने जैसे सारे काम एआई आधारित होते जा रहे हैं। कल सुरक्षा व्यवस्थाएँ भी मानव रहित तकनीक पर आधारित होकर अधिक चाक चौबंद होना तय है। भारत में डीआरडीओ सहित कई स्टार्टअप पर काम चल रहा है। स्वचलित स्वायत्तता के एआई वाले दौर में कल्पना से भी बेहतर उपकरण होंगे जो ज्यादा प्रभावी, आक्रामक तथा सटीक यानी चूक रहित होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन भी देश की आत्मनिर्भता में एआई को लेकर सकारात्मक है। 21वीं सदी का भारत टेक्नोलॉजी में मजबूत बन रहा है। प्रधानमंत्री आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से समाज की बड़ी-बड़ी समस्याओं का हल खोजने के पक्षधर हैं। वो प्रौद्योगिकी आधारित जीवन सुगमता यानी 'ईज ऑफ लिविंग यूजिंग टेक्नोलॉजी' पर मंशा जता चुके हैं। उन्होंने वन नेशन-वन राशन-कार्ड, जेएएम यानी जनधन-आधार-मोबाइल की त्रिवेणी, डिजी लॉकर, आरोग्य सेतु और को-विन ऐप, रेलवे आरक्षण, आयकर प्रणाली से जुड़ी शिकायतों के 'फेसलेस' निपटान और सामान्य सेवा केंद्रों के उदाहरण दिए। एआई से जनसंवाद भी आसान हुआ और लोगों को जल्द समाधान भी मिलने लगा। अब सच्चाई यही है कि जन शिकायतों और निपटारे के बीच इंसान नहीं सिर्फ निष्पक्ष तकनीक है।

हां तकनीक का मतलब सिर्फ यह भी नहीं कि लोग इण्टरनेट और डिजिटल टेक्नालॉजी तक सीमित रहें। अब एआई सपोर्टेड ऐसी मशीनें आएंगी जो इंसानी भावनाओं को भी पहचानेंगी। आगे रोबोट और ड्रोन युध्द के मैदान और अस्पतालों के ऑपरेशन थियेटर में काम करते दिखें तो हैरानी नहीं होगी। एआई पढ़ाने से लेकर भाषण, एंकरिंग से लेकर किचेन व घरों की साफ-सफाई और तमाम कामों में सक्षम हो रही है। इसके फायदे और भविष्य सबको समझ आने लगे हैं। कृषि क्षेत्र में कीटनाशकों तथा उर्वरकों का दुरुपयोग रोकने व पशु-पक्षियों से फसल बचाव की क्रान्ति की शुरूआत हो चुकी है। शायद ही कोई क्षेत्र बचे जो इससे अछूता रहे। खेल के मैदानों में एक-एक मूवमेण्ट और माइक्रो सेकेण्ड तक हुई गतिविधियों की रिकॉर्डिंग से साफ-सुथरे फैसलों का दौर सामने है। कॉर्पोरेट सेक्टर, रियल स्टेट, विनिर्माण या मशीनों का संचालन यानी सब कुछ एआई आश्रित होकर कामियाब हो रहे हैं।

एआई की बैंकों, वित्तीय संस्थानों के डेटा को व्यवस्थित, सुरक्षित और प्रबंधित करने के साथ तमाम स्मार्ट और डिजिटल कार्डों के सफल संचालन के साथ समुद्र के गहरे गर्भ में खनिज, पेट्रोल, ईंधन की पतासाजी और खुदाई में भूमिका जबरदस्त है। सबने देखा दिल्ली की चालक रहित मेट्रो या दुनिया में बिना ड्राइवर की ऑटोपायलट कार के भविष्य की शुरूआत और टेसला को लेकर उत्साह।

एआई तकनीक से जल्द ही चौक-चौराहों पर बिना पुलिस के अचूक स्मार्ट पुलिसिंग की पहरेदारी दिखेगी। अनेकों खूबियों से लैस 360 डिग्री घूमने में सक्षम कैमरे जो हरेक गतिविधियों को भांपने, पहचानने में दक्ष तथा कंट्रोल रूम में तैनात टीम को चुटकियों में सूचना साझा कर मौके पर पहुंचाने में मददगार होंगे। वहीं सड़क दुर्घटनाओं को रोकने खातिर वरदान बन हरेक वाहन में ऐसी सेंसर प्रणाली विकसित भी हो सकेगी जो खुद-ब-खुद सामने वाली गाड़ी की स्थिति, संभावित चूक या गड़बड़ी को रीड कर स्वतः नियंत्रित हो जाए तो भी आश्चर्य नहीं होना चाहिए। इस पर भारत में भी काम चालू है। नागपुर में हैदराबाद की एक संस्था के साथ प्रोजेक्ट 'इंटेलिजेंट सॉल्यूशंस फॉर रोड सेफ्टी थ्रू टेक्नोलॉजी एंड इंजीनियरिंग' यानी आईआरएएसटीई तकनीक वाहन चलाते समय संभावित दुर्घटना वाले परिदृश्यों को पहचानेगी और एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम यानी एडीएएस की मदद से ड्राइवरों को सचेत करेगी। भारतीय सड़कों खातिर लेन रोडनेट यानी एलआरनेट से लेन के निशान, टूटे डिवाइडर, दरारें, गड्ढे यानी आगे खतरे की पहले ही जानकारी ड्राइवर को हो जाएगी। ग्लोबल पोजीशनिंग सिस्टम यानी जीपीएस का उदाहरण सामने है जो हमें आसमान से धरती की अनजान जगह पर बिना किसी से पूछे सुरक्षित रास्ते से पहुंचाता है। लोकेशन शेयर करने पर मूवमेण्ट की जानकारी देने जैसा सारा कुछ एआई की ही देन है।

नजरिया

# इंसानों की नहीं पशुओं की अधिक चिंता ?

देश भर में बेलगाम आवारा पशुओं के कारण रोजाना सैकड़ों हादसे हो रहे हैं। कहीं सड़कों पर पशुओं की वाहनों से टक्कर के कारण बड़ी दुर्घटनायें हो रही हैं। कहीं बिगड़ैल सांड लोगों को अपने कोप का शिकार बना रहे हैं। पूरे देश का किसान कहीं आवारा पशुओं द्वारा उनकी फसल तबाह किये जाने से दुखी है तो कहीं नील गाय (रोज ) उसकी फसल तबाह कर रही है। हिमाचल व उत्तराखंड जैसे राज्यों में बंदरों के प्रकोप से किसान व फल उत्पादक परेशान हैं। तमाम किसानों ने तो इन जानवरों से दुखी होकर अपना मुख्य व्यवसाय खेती ही त्याग दिया है। दूसरी ओर आवारा कुत्ते आये दिन अनेक लोगों को अपनी क्रूरता का शिकार बना रहे हैं। झारखण्ड,आसाम व केरल जैसे कई राज्यों में हाथियों के झुण्ड कभी किसी की फसल तबाह कर देते हैं कभी लोगों के मकान ढहा देते हैं कभी फलदार दरख़्त गिरा देते हैं तो कभी किसी की जान ले लेते हैं। हाथियों की दहशत से तो कई जगह लोग इनके प्रकोप से बचने के लिये इनकी पूजा भी करते हैं। निश्चित रूप से ऐसे बेलगाम जंगली व आवारा पशुओं की क्रूरता से पहुंचने वाली पीड़ा को वही किसान,आम लोग या उनके परिवार समझ सकते हैं जो ऐसे पशुओं के प्रकोप से पीड़ित व प्रभावित हैं। ऐसे प्रभावित लोगों के समर्थन व हमदर्दी में कभी कोई आवाज नहीं उठती जबकि आवारा पशुओं व गली के कुत्तों तक के समर्थन में उठने वाले स्वर काफी बुलंद होते हैं। अनेक गैर सरकारी संगठन (एन जी ओ) इन्हीं पशुओं से प्रेम करने का पाठ भी पढ़ाते हैं। जबकि सच तो यह है कि जो लोग अपने घरों में पक्षियों द्वारा घोंसले बनाया जाना पसंद नहीं करते,जिन्हें चिड़ियों की चहचहाना नहीं भाता बल्कि उन्हें चिड़ियों की बीट,उनके द्वारा अपने मकान में घोंसले हेतु इकट्ठे किये जाने वाली सामग्री खर-पतवार से नफरत है वह लोग गलियों के आवारा कुत्तों से प्यार करने का पाठ पढ़ाते हैं। और स्वयं को 'संभ्रांत ' एवं पशु प्रेमी के रूप में पेश करते हैं । इन्हीं कुत्ता व आवारा पशु प्रेमियों ने यदि पक्षियों से प्रेम किया होता तो आज गौरैया जैसा हर परिवार का प्रिय पक्षी विलुप्त होने की कगार पर न पहुँचता। प्रायः देखा जाता है कि कुछ लोग बिस्कुट या रोटी आदि लेकर गलियों के कुत्तों को खिलाने निकल पड़ते हैं।



तनवीर जाफरी
पत्रकार

**जंगली व आवारा पशुओं की क्रूरता से पहुंचने वाली पीड़ा को वही किसान,आम लोग या उनके परिवार समझ सकते हैं जो ऐसे पशुओं के प्रकोप से पीड़ित व प्रभावित हैं।**

पशुओं से प्रेम करना निःसंदेह बहुत अच्छी बात है। कोई भी कोमल सहृदयी व्यक्ति पशु पक्षियों व पेड़ पौधों यानी कि प्रकृति से प्रेम भाव अवश्य रखेगा। गत दिनों हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने भी चरखी दादरी में आयोजित राज्य स्तरीय पशुधन प्रदर्शनी मेले में अपने सम्बोधन में कहा है कि -'पशुओं के साथ कदापि हिंसात्मक व्यवहार न करने,पशुओं के साथ प्रेमवत रवैया अपनाने पर जोर दिया और कहा कि पशुओं में भी संवेदनाएं होती हैं।' परन्तु इंसान तो पशुओं से भी संवेदनशील होता है ? अतः प्रत्येक प्रकृति व पशु पक्षी प्रेमी का सर्वप्रथम मानव प्रेमी होना भी तो जरूरी जरूरी है? इंसानों से भेद ,बैर या नफरत अथवा उपेक्षा की शर्त पर बेलगाम आवारा पशुओं की हिमायत करना यह आखिर मानवता की कौन सी श्रेणी है ? राह चलते किसी व्यक्ति को पीछे से सांड़ आकर सींग मारकर घायल कर दे या जान ले ले ,या किसी बड़ी दुर्घटना का कारक बन जाये इसमें इंसान का आखिर क्या दोष है ? रास्ता चलते लोगों को यहां तक कि छोटे छोटे बच्चों को कुत्ते काट लेते हैं,प्रायः स्कूटर,बाइक या साइकिल सवार के पीछे कुत्ते भोंकते हुये दौड़ने लगते हैं।

# उचित विश्राम

प्रेरक-प्रसंग

दिन का समय था। मिर्जा गालिब ने शेरवानी उठाई और मस्जिद की ओर चल दिये। मार्ग में एक सायेदार वृक्ष देखा। वे सुस्ताने के लिए बैठ गये। शेरवानी एक टहनी पर लटका दी। थके-मांदे तो थे ही, झपकी आ गयी। उधर एक रात का शरीफ अर्थात चोर आया। उसने देखा कि मुसाफिर बेखबर सोया पड़ा है, इसलिए शेरवानी उतारकर चलता बना।

मिर्जा की नींद खुली तो क्या देखते हैं कि कोई रात का शरीफ दिन में ही उनकी शेरवानी उड़ा ले गया। वे मुस्कुराये और बेसाख्ता उनके मुँह से निकल। गया

न लुटता दिन को तो कब रात में, मैं बेखबर सोता, रहा खटका न चोरी का दुआ देता हूँ, रहजन को।



अर्थात ईश्वर! तू चोर की उम्र लंबी कर, उसने मुझे दिन में लूट ही लिया है। अब कम-से-कम रात को तो पैर फैलाकर सोऊँगा। मिर्जा गालिब ने अपने नुकसान की चिंता नहीं की, बल्कि संतोष व्यक्त किया कि रात को आराम से विश्राम कर सकेंगे। जीवन में लाभ-हानि तो होते ही रहते हैं, वह सब अपनी जगह है, लेकिन विश्राम करना अर्थात रात के समय सोना या कठिन परिश्रम के बाद थोड़ा विश्राम लेना। अपनी जगह रात्रि या थकावट के बाद की घड़ियां बनाई ही विश्राम के लिए हैं। इसलिए यदि उन्नति करनी है, तो मेहनत के साथ-साथ उचित निद्रा व विश्राम का भी आनंद लें। व्यर्थ की चिंताएं न करके अपने विश्राम के अधिकार को न खोएं।

जानकारी

# गीता भवन

इस खूबसूरत भवन की दीवारों को रामायण और महाभारत के चित्रों से बड़ी संजीदगी से सजाया गया है जो काफी शानदार दिखयी देता है गीता भवन के अनादर ऋषिकेश टूरिस्ट प्लेस में पर्यटकों को रुकने के लिए सभी सुबिधाओ के साथ यहाँ सैकड़ो कमरे बनाये गए है ।

**वशिस्ट गुफा आश्रम**

ऋषिकेश से 22 किलोमीटर दूर बद्रीनाथ और केदारनाथ रोड पर स्थित 3 हजार साल पुरानी वशिस्ट गुफा घूमने के लिए जा सकते है जहाँ पर शिव के दर्शन करने के लिए यात्री जाते है ।

यही वो स्थान है जहाँ पर ऋषि बशिष्ट जी ने कई बर्षो तक इस गुफा में अनन्य प्रेम भक्ति से भगवान शिव की तपस्या करी थी ।

**नीलकंठ महादेव मंदिर**

स्वर्ग आश्रम की पहाड़ी पर स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर लगभग 5500 मीटर ऊंची पहाड़ी पर स्थित है यह मंदिर पूरे ऋषिकेश में सबसे

खास जगह है । मंदिर के चारो तरफ जीवन्त लगने बाली मूर्ती रूप में हिन्दू देवी देवताओं की कई प्रतिमाये है जिनके दर्शन करने के लिए श्रद्धालु ऋषिकेश टूरिस्ट प्लेस में इस महादेव मंदिर में अवश्य जाते है । ऐसी मान्यता है की समुद्र मंथन के बाद निकला विष को भगवान शिव ने पिया था उसके बाद उनका पूरा शरीर नीला पड़ गया था जिसकी वजह से मंदिर में शिव की विशाल प्रतिमा नीले रंग की है और इस इस मंदिर का नाम नीलकंठ पड़ा ।

# 5G : Airtel ने Jio को पछाड़ा

साइबर दुनिया

नई दिल्ली: भारत में पिछले साल अक्टूबर में 5G मोबाइल इंटरनेट सेवाओं की शुरूआत हुई थी। देश में 5G रोलआउट के मामले में जियो (Jio) और एयरटेल (Airtel) सबसे आगे हैं। दोनों कंपनियां तेजी से भारत के शहरों तक हाईस्?पीड इंटरनेट सर्विस पहुंचाने का दम भर रही हैं। अब एयरटेल ने कहा है कि उसकी 5G सर्विस 'एयरटेल 5जी प्लस' देश के कुल 500 शहरों में उपलब्ध है। कंपनी ने अपने 5G नेटवर्क में 235 नए शहरों को जोड़ा है, जिसे अबतक का सबसे बड़ा 5Gरोलआउट बताया जा रहा है। एयरटेल का दावा है कि उसकी 5G प्लस सर्विस अब भारत के हर बड़े शहर में उपलब्ध है और इस मामले में वह रिलायंस जियो से आगे निकल गई है।

पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, एक बयान में कंपनी ने कहा है कि भारती एयरटेल की हाईस्पीड 5G सर्विस देश के 500 शहरों के कस्टमर्स के लिए उपलब्ध है। एयरटेल ने अपने नेटवर्क में 235 और शहरों को जोड़ा है। कंपनी ने कहा है कि वह रोजाना अपने 5G नेटवर्क पर 30 से 40 शहरों को जोड़ रही है, यानी इतने शहरों में रोज 5G रोलआउट किया जा रहा है।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, एयरटेल में मुख्य तकनीकी अधिकारी रणदीप सेखों ने कहा कि 5G सर्विसेज की पेशकश करने वाली पहली कंपनी एयरटेल थी, इस सर्विस को अक्टूबर 2022 में शुरू किया गया था। सितंबर 2023 तक हमारे 5G नेटवर्क का विस्तार पूरे शहरी भारत तक हो जाएगा। दूसरी ओर, इस वर्ष टेलीकॉम कंपनियां टैरिफ में भी बढ़ोतरी करने की योजना बना रही हैं। एयरटेल भी मोबाइल के कॉल और डेटा रेट्स बढ़ाने की तैयारी कर रही है। कंपनी ने पिछले महीने आठ सर्कल में 28 दिन के मोबाइल सर्विस प्लान का न्यूनतम रिचार्ज लगभग 57 प्रतिशत बढ़ाकर 155 रुपये किया था। कंपनी के चेयरमैन Sunil Bharti Mitta' ने बताया था कि टेलीकॉम बिजनेस में इनवेस्टमेंट पर रिटर्न बहुत कम है और इस वर्ष टैरिफ बढ़ाया जा सकता है।

टॉप ट्वीट

"एलआईसी की पूंजी, अडानी को। एसबीआई की पूंजी,अडानी को। ईपीएफओ की पूंजी भी अडानी को। 'मोडानी' के खुलासे के बाद भी, जनता के रिटायरमेंट का पैसा अडानी की कंपनियों में निवेश क्यों किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जी, न जांच, न जवाब। आख़िर इतना डर क्यों।"

राहुल गांधी
कांग्रेस नेता

"मां और बेटा हम हर समय मिलते हैं, लंच, डिनर, फिल्में, छुट्टियां, एक दूसरे के साथ अपने विचार शेयर करते हैं। लेकिन सबसे खास समय वह होता है जब हम एक साथ जिम में समय बिताते हैं 'मदरसनबॉन्ड ,बेस्टमोटिवेशन ,जिमपैशन "

पिंकी रौशन
बॉलिवुड अभिनेत्री

संपादक के नाम पत्र

**यूपी के विकास की चमक ने देश में वाहवाही लूटी**

यूपी के विकास की बात से यूपी ही नही देश मे भी चर्चा का विषय बन गया है ।छह वर्षो के कार्यकाल में योगी ने विकासलक्षी कार्यो से जनता की परेशानियों को ही दूर नही कियाहै,बल्कि लोगो के स्वावलंबन की प्रक्रिया में बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है ।योगी की देश मे राजनैतिक गलियारों में प्रशंसा हो रही है ,वही सामाजिक स्तर भी वंचित नही है ।यूपी में योगी के नेतृत्व में विकास हुआ है ।वही कानून व्यवस्था का सुचारू रूप से पालन हो रहा है ।यूपी में माफियो के लिए कोई जगह नही है ।यूपी की कायापलट करने में योगी ने अपनी ताकत लगा दी है ।यूपी महिला शशक्तिकरण करने और स्वावलंबन में सबसे अग्रणी राज्य की श्रेणी में आता है ।जहाँ बेरोजगारी की त्रासदी से छुटकारा दिलाने के लिए दो करोड़ युवाओ को सक्षम बनाए है वही यूपी के पिछले छह वर्षो में बीस लाख युवाओ को लाभान्वित किया है ।यूपी का कोई जनपद नही,वहां यूपी में युवाओ को नौकरी नही मिली है ।पिछली सरकारों की बात करने और सुनने के लिए कोई तैयार नही है ।जिल्लत की जिंदगी देने वाली पूर्व की सरकारों में सुबह से शाम तक उपद्रवियों का ही बोलबाला था ।आज योगी के राज में माफिया नही,महोत्सव बन चुके है ।योगी के नेतृत्व में यूपी उत्तम प्रदेश बन गया है ।शहरो की सड़कें और इंफ्रास्ट्रक्चर की बदलती तस्वीरों ने यूपी को मालामाल कर दिया है ।माफियो का अब नामोनिशान नही है ।बहन,बेटियों के लिए भयमुक्त वातावरण है ।योगी आदित्यनाथ ने छह वर्ष की उपलब्धि गिनाते हुए डबल इंजन सरकार के मायने बताते हुए कहा कि आज यूपी के विकास में बड़ा योगदान रहा है ।प्रदेश में कानून व्यवस्था बरकरार है ।महिलाओ को बाहर निकलने में परेशानी होती थी ।आज बिटिया देररात तक घर से बाहर कही भी घूम सकती है । यूपी माफियागिरी से मुक्त हुआ है ।जिसका श्रेय वर्तमान योगी आदित्यनाथ की सरकार को जाता है ।

कांतिलाल मांडोत

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर ›› अपडेट

### चैती छठ पर डूबते सूर्य को व्रतियों ने दिया अर्घ्य

बेरमो: फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के करगली गेट, हिंदुस्तान पुल फुसरो, जारंगडीह, बोकारो थर्मल, तेनुघाट, चंद्रपुरा के दामोदर नदी के तट पर छठ व्रतियों ने डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर भगवान सूर्यदेव की? पूजा की। मंगलवार को सुबह छठ व्रती उगते हुए सूरज को अर्घ्य वर्ग देंगे। इसी के साथ चार दिवसीय छठ पर्व का समापन हो जाएगा।

## सिटी अपडेट्स ››

### गाड़ीसाडम ग्राम वासियों ने किया विधायक का अभूतपूर्व स्वागत

दारू : दारू बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत दारू प्रखंड क्षेत्र स्थित कबीलासी पंचायत अवस्थित ग्राम गाड़ी साडम में अयोजित श्री श्री 1008 आदि शक्ति जगत जननी मां दुर्गा नव दिवसीय महायज्ञ में शामिल होने हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल यहां पहुंचे तो संपूर्ण ग्राम वासियों ने एकजुट होकर पारंपारिक वाद्य यंत्र ढाक वादन के साथ नारा-जयकारा लगाते हुए ग्राम प्रवेश कराया। ग्राम भ्रमण करते हुए विधायक मनीष जायसवाल यज्ञ मंडप पहुंचे जहां ग्रामीण महिलाओं ने पारंपरिक गीत के साथ उनका अभिनंदन किया। विधायक मनीष जायसवाल ने आगामी रामनवमी को लेकर ग्रामीणों को पारंपारिक हथियार लाठी और तलवार भेंट किया एवं ग्रामीणों को वचन देते हुए कहा की एक सनातनी होने के नाते आपके नवनिर्मित मंदिर परिसर में हर संभव सहयोग अवश्य करूंगा। विधायक श्री जायसवाल ने ग्रामीणों के अभूतपूर्व स्वागत के लिए उनका आभार भी व्यक्त किया साथ ही आदि शक्ति मां दुर्गा से क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। मौके पर विषेशरूप से दारू विधायक प्रतिनिधि बालदेव बाबू, स्थानीय यज्ञ समिति के अध्यक्ष चेतलाल महतो, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## संक्षिप्त ›› अपडेट्स

### पूर्व विधायक ने चौपारण में किया इलेक्ट्रिक दुकान का उदघाटन

चौपारण : चौपारण ग्रामीण बैंक के समीप पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने फीता काटकर इलेक्ट्रिक दुकान का उदघाटन किया। संचालक तरुण कुमार व मनीष कुमार ने अतिथियो को बुके देकर स्वागत किया। पूर्व विधायक ने कहा कि आत्मनिर्भर की और बढ़ रहा है चौपारण। इलेक्ट्रिक दुकान भी इसी का एक उदहारण है। पूर्व विधायक ने संचालकों को भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ईमानदारी पूर्वक कार्य करें आपके व्यापार में बढ़ोतरी होगा। संचालकों ने बताया कि हौलसेल दर पर बिजली के सभी सामग्री हमारे यहां उपलब्ध है। मौके पर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह, ताजपुर के पूर्व मुखिया शौकत खान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामस्वरूप, भाजपा नेता अशोक केशरी, दिलीप केशरी, विजय गुप्ता, दिलीप राणा, हेमराज साहु, कैलाश राणा, वृजनंदन सिंह, तरुण कुमार ,मनिष कुमार, आर्यन कुमार ,सर्वेश कुमार सिंह ,अनुज सिंह, राजकुमार यादव, मिथुन पांडेय, किशुन साहु, राजकुमार यादव, रामवृक्ष चंद्रवंशी, गणेश स्वर्णकार।

### सीमेंट कंक्रीट पोल के नए प्लांट भरत प्रिकास्ट का सदर विधायक ने किया उद्घाटन

हजारीबाग : हजारीबाग के सदर प्रखंड स्थित इंडस्ट्रियल एरिया डेमोटांड़ में कंक्रीट पोल के नए प्लांट भारत प्रीकास्ट का बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने फीता काटकर, नारियल फोड़कर और प्लांट का स्विच ऑन कर विधिवत उद्घाटन किया। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि बड़े जगहों पर बाउंड्री करने के लिए कम खर्च में यह कंक्रीट पोल बेहद कारगर है। उन्होंने इस नए प्लांट के संचालक सुमित कुमार साहू और उनके परिवार से मिलकर बधाई दी एवं नए प्लांट के उज्जवल भविष्य की कामना भी की।

**बैठक** बड़कागांव थाना में विभिन्न अखाड़ों के साथ शांति समिति की बैठक

# रामनवमी पर्व भाई चारगी पूर्वक मनाए : अंबा

›› पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि रामनवमी महापर्व नशा मुक्त शांति तरीके से मनाए

राष्ट्रीय खबर

बड़कागांव : रामनवमी पर्व एवं विजयदशमी का त्यौहार शांति व भाईचारगी पूर्वक मनाने को लेकर बड़कागांव थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता विधायक अंबा प्रसाद ने की। जबकि संचालन थाना प्रभारी विनोद तिर्की ने किया। अपने अध्यक्षीय भाषण में विधायक अमर प्रसाद ने कहा कि गत वर्ष जिस तरह से आप लोगों ने रामनवमी मनाया उस तरफ से इस बार भी भाई चारगी के साथ धूमधाम से रामनवमी मनाए पर्व ।बिजली पानी रोड की समस्या का समाधान करेंगे ।दोनों समुदाय मिलकर रामनवमी पर्व एवं ईद को मनाकर एकता व भाईचारे का परिचय दें। न्यायपालिका से ऊपर हम लोग नहीं हैं। हम अनुशासित रहे। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि रामनवमी महापर्व नशा मुक्त शांति तरीके से मनाए। समाजसेवी सोनू इराकी ने कहा कि रामनवमी पर्व राम भक्त धूमधाम से मनाएं ।उन सभी का स्वागत करते हैं। अंजुमन कमेटी की ओर से 30 वर्षों से स्वागत किया जाता है। इस बार भी स्वागत किया जाएगा। रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष बिदेश्वर कुमार दांगी उर्फ बिंदु दांगी ने जुलूस मार्गो में बिजली, पानी की समस्या को रखा। मौके पर जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, प्रमुख फुलवा देवी, उप प्रमुख बच्चन देव कुमार,प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र पांडेय, इंस्पेक्टर नीरज सिंह ,बिजली विभाग के एसडीओ सत्यदेव कुमार, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत मेहता, पूर्वी मुखिया विमला देवी, काँड़तरी पंचायत के मुखिया पारसनाथ महतो, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम ,मुखिया प्रतिनिधि चंदनपुरी ,पंचायत समिति सदस्य प्रभु राम, बादम के मुखिया के प्रतिनिधि सह मुखिया दीपक दास, उप मुखिया शमशेर आलम ,हरली रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष रामसुंदर महतो,प्रशासनिक विभाग के विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो ,शिव शंकर कुमार उर्फ शिबू, भाजपा नेता पूनम साव, रामधनी महतो, मोहम्मद परवेज, मोहम्मद सादिक, पिंटू गुप्ता ,रामसेवक सोनी, पूर्व उप मुखिया नरसिंह प्रसाद घनश्याम कुमार आजाद राम, पूर्व मुखिया भिखन प्रसाद दांगी, पूर्व उप प्रमुख राम प्रसाद महतो, विशाल ठाकुर, पंकज कुमार, प्रभु राम, मेवालाल नाग समेत दोनों समुदाय के लोग उपस्थित थे। बैठक में महोदय में जुलूस निकालने की मांग रखी गई। इस संबंध में प्रशासनिक पदाधिकारियों ने कहा कि न्यायालय के नियमों का पालन करें।

## आरोग्यम हॉस्पिटल में सर्पदंश का सफल इलाज कर बालक का बचाई जान

राष्ट्रीय खबर

हजारीबाग : हजारीबाग शहर के एकलौते सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एचजेबी आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ हीरालाल ने अपने चिकित्सीय दक्षता के बदौलत एक विषधर सर्पदंश के शिकार हुए बालक की जान बचाई। हजारीबाग जिले के बरही अनुमंडल स्थित कोईली ग्राम निवासी मोहम्मद रिजवान के नाबालिग पुत्र अयान राजा को विषधर सांप रसैल वाईपर (सियरचंदा) ने दंश मार दिया। जिसके बाद सर्पदंश का शिकार हुआ बालक पूरी तरह बेहोश हो गया और उसके शरीर में सूजन होने लगा। घर वालों ने आरोग्यम हॉस्पिटल पर भरोसा जताया। यहां सर्पदंश से पीड़ित बच्चे को भर्ती कर आरोग्यं हॉस्पिटल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ हीरालाल ने इलाज शुरू किया और अपने चिकित्सीय दक्षता के बदौलत उसकी जान बचाई। डॉ हीरालाल के मुताबिक सर्पदंश से पीड़ित बच्चे को कुल 30 वायल एंटी वेनम लगाया गया एवं करीब एक सप्ताह के इलाज के बाद बच्चे को पूरी तरह ठीक कर उसे हॉस्पिटल से रिलीज कर दिया गया। सर्पदंश पीड़ित बच्चे की जान बचाने पर उसके परिजनों ने आरोग्यम हॉस्पिटल और चिकित्सक डॉ हीरालाल के प्रति आभार जताया एवं धन्यवाद दिया। डॉ हीरालाल ने बताया कि सर्पदंश के पीड़ित को तत्काल अस्पताल पहुंचाने पर उसकी जीवन रक्षा हो सकती है।

प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचला अधिकारी

## स्वास्थ्य मेला का किया गया आयोजन

›› जनप्रतिनिधि ने मिलकर दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ

राष्ट्रीय खबर

दारू : दारू प्रखंड अंतर्गत पेटो उपस्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमरेश कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुशील कुमार राय, अंचलाधिकारी नीतू कुमारी, हरली पंचायत मुखिया फरजाना खातून, जिनंगा पंचायत मुखिया पिंकी देवी, सहित ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने कहा कि सरकारी तंत्र में विशेष सुविधा के तहत मेले का आयोजन एक जागरूकता अभियान है। इस प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला में टीकाकरण, टीबी, मातृ स्वास्थ्य, किशोर एवं किशोरी स्वास्थ्य, मलेरिया, टाइफाइड, दवा वितरण केंद्र सहित अन्य सोलह स्टाल लगाए गए हैं जिसमें लोगों को सभी बीमारियों के प्रति जानकारियां दी जा रहीं है। साथ ही जांच एवं इलाज भी किया जा रहा है।वही प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य मेला का आयोजन एक जागरूकता अभियान है इसके साथ साथ उन्होंने प्रखंड के लोगों से अपील किया कि पेटो उप स्वास्थ्य केंद्र में आप कई तरह की बीमारियों का इलाज मुफ्त करा सकते हैं। मौके पर महिला चिकित्सा पदाधिकारी पूनम सहित अस्पताल कर्मी व ग्रामीण मौजूद थे।

# रामनवमी मनाने को लेकर जागरूकता रथ हुआ रवाना

राष्ट्रीय खबर

हजारीबाग : मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव पर आयोजित रामनवमी पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संचालन को लेकर श्री श्री चैत्र रामनवमी महावीर झंडा महासमिति प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में मालवीय मार्ग स्थित महासमिति कार्यालय से अध्यक्ष कुणाल यादव की उपस्थिति में दिन सोमवार को पूर्व महासमिति अध्यक्ष सुनील केजरीवाल एवं पवन लाल अग्रवाल ने नशामुक्त जागरूकता रथ को भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया। यह रथ हजारीबाग के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को ऑडियो व पोस्टर बैनर के माध्यम से रामनवमी नशा मुक्त होकर भक्तिमय वातावरण में मनाने को प्रेरित करेगी। पूर्व महा समिति अध्यक्ष सुनील केसरी ने अपने संबोधन में कहा कि कुछ वर्षों से रामनवमी में नशा के कारण काफी विकृतियां आ गई। नशामुक्त जागरूकता रथ के माध्यम से इसे दुर करने का सकारात्मक पहल किया गया है। समाज में इससे काफी अच्छा संदेश जाऐगा व लोग नशामुक्त होकर रामनवमी का त्यौहार मनाएंगे। पवन लाल अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि आज तेजी से युवा नशे की गिरफ्त में जा रहे हैं। अमानुषिक प्रवृत्ति के लोग हमारी नस्लों को बर्बाद करने में लगे हुए हैं। ऐसे में नशे की लत से उन्हें बचना हम सबकी नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि रामनवमी पर्व में नशा काफी प्रभावित करता है। यह जागरूकता रथ में लगे ऑडियो व पोस्टर बैनर के माध्यम से रामनवमी नशा मुक्त होकर भक्तिमय वातावरण में मनाने को लेकर प्रेरित करेगा। नशा कितना हानिकारक है यह जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को बताया भी जायेगा। इस अवसर पर महासमिति अध्यक्ष कुणाल यादव ने समस्त रामभक्तो रामनवमी का त्योहार मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जन्मोत्सव नशा मुक्त होकर हर्षोल्लास एवं भक्तिमय होकर मनाने का अपील की।

## दो दिवसीय हरिनाम संकीर्तन शुरू

राष्ट्रीय खबर

पोटका : सान ग्राम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन का शुरू सुबह 10 बजे हुआ। हरिनाम संकीर्तन का उद्घाटन फीता काट के तथा धूप दीप प्रज्वलित करके माताजी आश्रम हाता के सुनील कुमार दे,सुधांशु शेखर मिश्र और कमल कांति घोष ने संयुक्त रूप से किया। इस अबसर पर सुनील कुमार दे ने सभी हरिनाम संकीर्तन आयोजक समिति और कीर्तन मंडलियों से कहा,,हरिनाम संकीर्तन मनोरंजन का साधन नहीं, यह भक्ति और भाव का वस्तु हैं।

यह कोई सांस्कृतिक अनुष्ठान नहीं बल्कि एक धार्मिक अनुष्ठान है, भक्ति कार्ज्य क्रम हैं इसलिए इसकी गरिमा और धारा को नष्ट न करें।आजकल हरिनाम संकीर्तन में अश्लील नाच और गाना हो रहा है, इससे चैतन्य महाप्रभु का अपमान हो रहा है इसलिए हरिनाम में यह सब नहीं होना चाहिए इसपर ध्यान देने की जरूरत है। सुधांशु मिश्र ने कहा,, भाषा,संस्कृति और धर्म ही हमारा पहचान है इसलिए इसे बचा के रखना चाहिए। निवारण मंडल ने धन्यवाद देते हुए हरिनाम संकीर्तन को शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न करने के लिए ग्रामीणों से अपील की।

इस हरिनाम संकीर्तन में बुरुडीह, रायपुर,हेंसलबिल, बागमुंडी,पुरुलिया, बांकुरा,मगदमपुर आदि के कीर्तन मंडली भाग ले रहे हैं।इस अबसर पर सुनील कुमार दे,कमल कांति घोष,सुधांशु मिश्र के अलावे राजकुमार साहू,तपन मंडल,निवारण मंडल,महानंद मंडल,पीयूष मंडल,जयदेव मंडल,देवदुलाल मिश्र,शम्भू नाथ मिश्र, बसुमती मिश्र,श्यामा पद मंडल,तोड़ित मंडल,गौरी शंकर मंडल,रोहित मंडल,गोविंद मंडल,दशरथ दे,बुलु रानी मंडल,माधुरी कुंडु, दिलीप कुंडु,संध्या रानी मोदक,रीता मिश्रा, रीता दे के अलावे ग्रामवासियों ने उपस्थित थे। हरिनाम संकीर्तन का समापन 29 मार्च को होगा।

**शुभारंभ** उपायुक्त ने हंस फाउंडेशन द्वारा संचालित पांच मोबाइल मेडिकल यूनिट का किया शुभारंभ

# सुदूर दुर्गम क्षेत्र के लोगों को मिलेगा लाभ

›› कहा कि एक हेल्थ सेंटर अब आपके दरवाजे पर आ रहा है

पार्थो चक्रवर्ती

जमशेदपुर : जिले की उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने हंस फाउण्डेशन की ओर से संचालित पांच मोबाइल मेडिकल यूनिट का शुभारंभ किया ।

इस मौके पर समाहरणालय परिसर से उन्होने हरी झंडी दिखाकर मोबाइल यूनिट को प्रखंडों के लिए रवाना किया। वर्तमान में 7 प्रखंडों जिनमें धालभूम अनुमंडल में पटमदा व बोड़ाम, पोटका, गोलमुरी-सह-जुगसलाई तथा घाटशिला अनुमंडल में घाटशिला तथा धालभूमगढ़ व गुड़बांदा में लोगों को चिकित्सीय जांच, इलाज व दवाओं की निःशुल्क सुविधा मुहैया करायी जाएगी। इस मेडिकल वैन में मेडिकल अफसर के अलावा फार्मासिस्ट, लैब तकनीशियन और एएनएम की टीम रहेगी, जो प्रतिदिन मरीजों की जांच, इलाज के साथ-साथ दवाइयां उपलब्ध कराएगी। आवश्यकतानुसार, गंभीर मरीजों को सदर अस्पतालमें रेफर करने का भी कार्य यह टीम करेगी। उपायुक्त ने इस मौके पर हंस फाउंडेशन का धन्यवाद करते हुए कहा कि खासकर दूर दराज, दुर्गम व पहाड़ी क्षेत्र में बसे लोगों तक स्वास्थ्य सुविधायें पहुंचाने में यह मेडिकल यूनिट काफी उपयोगी होगी। पीएचसी/ सीएचसी सेंटर आने में लोगों को जहां दिक्कत हो रही या संसाधनों के अभाव में जहां स्वास्थ्य सुविधायें सुचारू रूप से नहीं दी जा रही वहां ये वाहन जाएगा।

उन्होने कहा कि एक हेल्थ सेंटर अब आपके दरवाजे पर आ रहा है। एएनसी जांच के लिए जहां महिलाओं को ह्यवीएचएसएनडी दिवस का इंतजार करना पड़ता था वो समस्या अब नहीं रहेगी, वाहन में पर्याप्त सुविधा है जिससे खासकर गर्भवती महिलाओं को पूरी तरह से जांच में सहूलियत होगी।

वाहन में लगे टीवी का उपयोग टेलीमेडिसिन सेवायें देने में कर सकते हैं । रेफ्रिजेरेशन यूनिट है, किसी को ब्लड की जरूरत हो तो ब्लड भी चढ़ा सकते हैं । ग्रामीण क्षेत्रों में यह मेडिकल कैंप की तरह होगा, जहां लोगों को एक ही जगह विभिन्न तरह के रोगों की जांच की सुविधा मिलेगी।

## न्यूज फटाफट

### मौलाना अबरार कैसर की मदरसा जामिया हबीबिया में सम्मानपूर्वक वापसी

जमशेदपुर : जुगसलाई के मदरसा जामिया हबीबिया महबूब सुभानी के संरक्षक मो.मुस्तफा व मुबारक अली ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि यह जमशेदपुर के सभी मुसलमानों विशेषकर जुगसलाई के बुजुर्गों व दोस्तों के लिए प्रसन्नता की बात है कि मौलाना अबरार कैसर फैजी ने हमारे प्रयास और लोगों की लगातार कोशिश से पद मदरसा जामिया हबीबिया महबूब सुभानी के अपने पूर्व पदों की जिम्मेदारी पुनः स्वीकार कर लिया है। विदित हो कि कुछ दिन पूर्व कुछ बेबुनियाद बातों और कुछ भम के कारण आपस में मतभेद हो गया था जो अल्लाह के करम से आपसी मशविरे के बाद पूर्ण रूप से समाप्त हो गया हैं। संरक्षक दिव्य ने कहा कि अल्लाह हम लोगों को आपस मे एकता व अखण्डता के साथ जीवन बिताने की क्षमता बख्शे और रमजानुल मुबारक की तमाम समन्नता से समस्त मुसलमानों को मालामाल फरमाए और इस रमजान के अवसर पर मदरसा जामिया हबीबिया अपने जकात व अतियात की राशि से सहयोग करें।

### तीन दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

हजारीबाग: विद्या विकास समिति ,झारखंड द्वारा आयोजित तीन दिवसीय विद्यालयी आचार्य कार्यशाला का आयोजन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली ,हजारीबाग में आज प्रारंभ हो गया। कार्यशाला का उद्घाटन विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार एवं विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं माता सरस्वती वंदना के साथ किया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र ने कार्यक्रम की प्रस्तावना बतलाते हुए कहा हमारा लक्ष्य है- भैया- बहनों का सर्वांगीण विकास हो उन्हें सभी विषयों की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा आचार्यों द्वारा दी जाए। विद्यालय शिक्षा ,व्यवहार एवं संस्कार का केंद्र होता है। हमारा लक्ष्य यह विद्यालय नगर का आदर्श विद्यालय बने। मौके पर उन्होंने विद्या भारती के चार आधार स्तंभ भैया-बहन ,आचार्य ,अभिभावक एवं समिति पर विस्तार से व्याख्यान दिया। उन्होंने विभिन्न विभागों के साथ शैक्षिक एवं सह शैक्षिक विकास पर भी महत्वपूर्ण मार्ग दर्शन आचार्यों को दिए ।कक्षा अध्यापन, टी एल एम के साथ पूरे सत्र की कार्य योजना, समय सारणी ,पाठ योजना, संस्कृति महोत्सव एवं अभिभावक संपर्क आदि पर भी विस्तृत जानकारी दी। गौरतलब है कि यह कार्यशाला आज 27 मार्च को प्रारंभ हुआ एवं 29 मार्च 2023 को कार्यशाला का समापन होगा। तीनों दिन तक कार्यशाला में आचार्य बंधु-भगिनी भैया -बहनों के सर्वांगीण विकास हेतु पूरे वर्ष भर की योजना बनाएंगे एवं उसकी सफलता हेतु योजना के क्रियान्वयन पर चर्चा होगी।। कार्यशाला में अतिथियों का परिचय विद्यालय के आचार्य अनिल कुमार धन्यवाद ज्ञापन नरेंद्र कुमार सिन्हा एवं मंच संचालन निशा शर्मा दीदी जी ने किया। मौके पर विद्यालय के समस्त आचार्य बंधु-भगिनी उपस्थित थे।

### रामनवमी को लेकर युवाओं ने किया स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन

इचाक : इचाक आदर्श युवा संगठन के कार्यकताओं ने रामनवमी को लेकर स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन ग्राम मोक्तमा में सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में किया गया। जिसकी शुरूआत मोकतमा शिव मंदिर प्रांगण से लेकर गांव के हर एक गली मोहल्ला मैं झाड़ू कुदाल लेकर सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।आदर्श युवा संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार ने कहा की ग्राम मुक्तमा के युवा हर सामाजिक काम में अपना सक्रियता दिखाते हैं। इस तरह का दर्जनों काम युवा की टोली हमेशा मिलजुल कर करते हैं, जो समाज के लिए एक बहुत ही अच्छा संदेश है। सुरेंद्र कुमार ने कहा की दिन मंगलवार को भव्य रूप से मंगला जुलूस निकाला जाएगा। सफाई कार्यक्रम में सफाई कार्यक्रम में शुभम कुमार रवि कुमार जितेंद्र राम मंटू कुमार विकास कुमार शिवकुमार, अनिल राम, गुड्डू कुमार, दीपक कुमार, सूरज कुमार, हरीश कुमार सतनारायण राम, बिट्टू कुमार इत्यादि दर्जनों युवा मौजूद थे।

### जेएसएलपीएस से समन्वय मिशन अंत्योदय सर्वे 2022/23 का ग्राम सभा का आयोजन

बड़कागांव : बड़कागांव जेएसएलपीएस से समन्वय मिशन अंत्योदय सर्वे 2022/23 का ग्राम सभा सांढ़ पंचायत भवन होरम मॉड में किया गया। इसकी अध्यक्षता मुखिया सुलेखा कुमारी व संचालन रोजगार सेवक संदीप कुशवाहा ने किया। इस दौरान विभिन्न योजनाओं का चयन ग्राम सभा में हुआ,जिसमें अपना गांव की जनसंख्या, शिक्षा संबंधित, स्कूल की जनसंख्या,पैरामीटर का मूल मापदंड,सुशासन कृषि और भूमी विश्वास - ईधन और चाल,पशुपालन, मछली पालन,जल और पर्यावरण स्वच्छता,सार्वजनिक वितरण प्रणाली, मनोरंजन और खेल शिक्षा / व्यावसायिक शिक्ष स्वास्थ्य एवं पोषण, मातृ एवं बाल विकास और परिवार,कमानोर वर्गो का कल्याण गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम,खादी ग्राम एवं कुटीर उधोग, सामाजिक वानिकी, लघु उद्योग बिन्दुओं पर चर्चा कर सत्यापन हुआ। मौके पर मुखिया सुलेखा कुमारी, पूर्व मुखिया भीखन महतो,रोजगार सेवक संदीप कुशवाहा, जल सहिया नेहा कुमारी,अजय कुमार ममता कुमारी फूलों कुमारी टिकेश्वर कुमार गीता कुमारी यशोदा देवी मनीषा देवी कौशल्या देवी के अलावा अन्य लोगों उपस्थित थे।

### 28 अखाड़ों को भेंट किया लाठी और तलवार:मनीष

दारू : दारू हजारीबाग के ऐतिहासिक रामनवमी के अवसर पर बेहतरीन कला- कौशल प्रदर्शन हेतु विधायक मनीष जायसवाल का पारंपरिक शस्त्र वितरण अभियान जारी है। पिछले वर्ष की भांति वर्तमान वर्ष भी विधायक मनीष जायसवाल ने अखाड़ा धारियों के बीच पारंपारिक वस्त्र कला कौशल प्रदर्शन को जीवंत रखने के लिए पारंपरिक हथियार लाठी और तलवार भेंट कर रहें हैं। पारंपरिक हथियार वितरण के दुसरे दिन विधायक मनीष जायसवाल ने दारू प्रखंड क्षेत्र के बक्शीडीह, दारु, हरली और रामदेव खरिका ग्राम में प्रखंड क्षेत्र के कुल 18 अखाड़ा धारियों को पारंपारिक शस्त्र भेंट किया। इस दौरान सभी जगहों पर गाजे-बाजे और ढोल- ताशे के साथ महावीरी पताका लहराते हुए और नारा -जयकारा लगाते हुए पारंपारिक तरीके से विधायक मनीष जायसवाल का भव्य स्वागत किया गया। विधायक मनीष जायसवाल के स्वागत में जय श्रीराम के नारे से पुरे क्षेत्र में गुंजायमान होने लगा। सड़क से लेकर सदन पटल पर सनातन परंपरा के रक्षार्थ आवाज बुलंद करने पर सदन के अंदर कुर्ता फाड़ने जैसे विरोध प्रदर्शन का दारू वासियों ने पुरजोर स्वागत किया और विधायक मनीष जायसवाल का कहीं पगड़ी पहनाकर, कहीं अंग- वस्त्र भेंट कर और कहीं फूल माला पहनाकर स्वागत और अभिनंदन करते हुए सम्मान दिया गया। विधायक मनीष जायसवाल ने पारंपारिक शस्त्र का सदुपयोग करते हुए रामनवमी के शोभायात्रा में कला- कौशल का प्रदर्शन कर भावी पीढ़ी के लिए शस्त्र परिचालन कौशल को संरक्षित करने और सौहार्दपूर्ण वातावरण में बिना किसी विवाद के नशा मुक्त होकर रामनवमी संपन्न कराने में सहयोग करने का सभी से अपील भी किया।

राष्ट्रीय ख़बर प्रदेश हमारी नज़र

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## प्रदेश ›› अपडेट

### खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**गुवा :** गुवा अयस्क खान, बोकारो स्टील प्लांट स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड प्रबंधन द्वारा सीएसआर के अंतर्गत आज सोमवार को जोजोगुटू गांव में दो दिवसीय फुटबाल एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल का शुभारंभ मुख्य अतिथि विपिन कुमार गिरी एजीएम जियोलॉजी सह सीएस आर पदाधिकारी तनवीर जाफर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त एवं किक मारकर किया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स ››

### शोभायात्रा निकालने का लिया निर्णय

**गुवा :** मां काली मंदिर रामनवमी कमिटी, महावीर मंडली मेघाहातुबुरु की बैठक राजेश बनर्जी की अध्यक्षता एवं किरीबुरु मुखिया मंगल सिंह गिलुवा की मौजूदगी में मंदिर प्रांगण में रविवार की रात हुई। बैठक में रामनवमी के अवसर पर शांतिपूर्ण तरीके से भव्य शोभा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि शोभा यात्रा के दौरान डीजे का इस्तेमाल नहीं कर पारम्परिक बैंड के जरिये शोभा यात्रा निकाली जायेगी। इसमें स्थानीय के अलावे बाहरी कलाकारों की टोली पारम्परिक हथियारों के साथ हैरतअंगेज करतब दिखायेगी। किरीबुरु एवं मेघाहातुबुरु के विभिन्न अखाड़ों के लोग अपने-अपने झंडे लेकर मेघाहातुबुरु स्थित मां काली मंदिर पहुंचेंगे। यहां से एक साथ सभी शोभायात्रा निकाल कर दोनों शहरों का भ्रमण करेंगे। शोभायात्रा के दौरान कोई भी ऐसा शब्द या नारा नहीं लगायेगा जिससे किसी दूसरे धर्म व समुदाय के लोगों को ठेस पहुंचे। ऐसे भी किरीबुरु एवं मेघाहातुबुरु के सभी धर्मों के लोग आपसी एकता व भाईचारे के लिए जाने जाते हैं। कमिटी के सदस्य हुड़दंग करने वाले लोगों पर विशेष नजर रखते हुये उन्हें हिदायत देने व शांत रखने का कार्य करेंगे।

### थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**हेरहंज :** थाना परिसर में रामनवमी पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता बालूमाथ पुलिस निरीक्षक शशि रंजन कुमार ने किया।बैठक में श्री कुमार ने कहा झारखंड सरकार की गाइड लाइन का पालन करते हुवे पूजा करने व जुलूस निकालने का निर्देश दिया जिला प्रशासन के द्वारा दिया गया है।दोनों समुदाय आपसी प्रेम व सौहार्दपूर्ण तरीके से पर्व को मनाएं।सभी लोग एक दुसरे के त्योहार में सहयोग करें दोनों समुदाय के लोग संविधान के दायरे में रहकर त्योहार को मनाएँ ।असलील गाना बिल्कुल नही बजेगा साथ ही वॉल्यूम लिमिट रहेगा कोई कम या अधिक नही किया जाएगा।अगर इसका पालन नही किया जाएगा तो सम्बंधित लोगों के ऊपर सीधा एफआईआर दर्ज किया जाएगा और जेल भेजे जाएंगे।मौके पर बी डी ओ प्रदीप कुमार दास, पुलिस निरीक्षक शशि रंजन,थाना प्रभारी शुभम कुमार,एसआई-विश्वजीत तिवारी, कैलाश मंडल,रूपेंद्र जायसवाल,समेत काफी संख्या में दोनों समुदाय के लोग मौजूद थे।

# भगवा क्रांति की ओर उसे निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा

**दीपक नौरंगी**

**भागलपुर :** 29 मार्च को रामनवमी को लेकर हर साल की तरह इस बार भी भगवा क्रांति की ओर से घंटा घर चौक से शोभायात्रा निकाली जाएगी इसको लेकर भगवा क्रांति के कई दर्जन सदस्य दो महीने से शोभा यात्रा की तैयारी में लगे हुए थे भगवा क्रांति के कर्ता-धर्ता कुणाल सिंह की बात माने तो इस बार की रामनवमी की शोभायात्रा में अद्भुत बजरंगबली और मां काली के रूप में कलाकार सबसे आगे रहकर रामनवमी शोभा यात्रा की शोभा को बढ़ाने का कार्य करेंगे कुणाल सिंह ने कहा कि मथुरा और बंगाल और यूपी और झारखंड से अलग-अलग कलाकार को बुलाया जा रहा है और इस बार की रामनवमी शोभायात्रा को सबसे ज्यादा भव्य बनाने की पूरी कोशिश की जा रही है। कुणाल सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम भगवान श्रीराम का है इस शोभायात्रा को प्रभु श्रीराम ही सफल बनाएंगे भव्य शोभायात्रा जिस की तैयारी को लेकर इससे दो दिन पहले राधा कृष्ण ठाकुर वाड़ी परिसर में भगवा क्रांति के कार्यालय का उद्घाटन किया गया।

कार्यालय का उद्घाटन सामाजिक कार्यकर्ता निरंजन शाह के हाथों भगवान राम की तस्वीर के सामने धूप दीप जलाकर किया गया इस दौरान भगवा क्रांति के संयोजक कुणाल सिंह, जिलाध्यक्ष विश्वजीत कुमार वह अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे भागलपुर में भगवा क्रांति के द्वारा बड़े पैमाने पर हर साल रामनवमी के एक दिन पहले भव्य तरीके से शोभायात्रा भागलपुर शहरी क्षेत्र से निकलते हुए भीखनपुर चौक पर जाकर समापन होती है इसको लेकर भागलपुर में लोकल स्तर पर पुलिस अधिकारी ने एक बैठक भी की है।

### रामनवमी और रमजान के पवित्र महीने को लेकर पुलिस मुख्यालय अलर्ट

रामनवमी व रमजान को लेकर पूरे बिहार में पुलिस पहले से सख्त दिख रही है। बिहार के डीजीपी आर आर एस भट्टी ने रमजान के पवित्र महीने को ध्यान में रखते हुए बिहार के कई जिले से रामनवमी की शोभायात्रा निकाली जाती है रामनवमी के दिन निकाली गई शोभायात्रा के दिन किसी प्रकार कोई असामाजिक तत्व गड़बड़ी ना करें इसके लिए सिविल भी पुलिस बल तैनात रहेंगे शोभायात्रा इसको लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया शहर के मुख्य चौक चौराहे व सवेंदनशील इलाकों में मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी साथ ही अतिरिक्त पुलिस बल की भी प्रतिनियुक्ति की जाएगी , साथ ही उन्होंने कहा शहर में रामनवमी को लेकर भव्य शोभा यात्रा निकाली जाती है जिसको लेकर सभी जुलूस में पुलिस बलों की तैनाती रहेगी वहीं उन्होंने कहा कि अशलील, जाति विशेष या धर्म विशेष गाना पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा।

### शोभायात्रा निकालने के लिए लेना होगा लाइसेंस

एसएसपी आनंद कुमार ने बताया कि कोई भी रामनवमी के उपलक्ष्य पर शहर में शोभायात्रा निकालते हैं तो उसे लाइसेंस लेना होगा। बिना लाइसेंस शोभायात्रा निकालने वालों पर कारवाई की जाएगी। जिस रूट से शोभायात्रा गुजरेगी उसे भी आवेदन में दर्शना होगा ताकि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। वहीं एसएसपी ने बताया कि रमजान में मुस्लिम समुदाय के लोग बाजारों में खरीदारी को आते हैं। शाम के समय में भीड़ अधिक रहती है। वहां पर विशेष बलों की तैनाती की जाएगी। वहीं शहर में बाइक सवार फोर्स भी गश्ती करते रहेंगे ताकि किसी प्रकार का कोई विवाद न हो।

# हर बच्चे को एक स्नेहपूर्ण परिवार विषयक प्रशिक्षण हुआ संपन्न

**राष्ट्रीय खबर**

**मेदिनीनगर, (पलामू):** राज्य बाल संरक्षण सोसाइटी, महिला, बाल विकास विभाग एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखंड सरकार एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वाधान में ₹हर बच्चे को एक स्नेहपूर्ण परिवार₹ कार्यक्रम विषयक दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हो गया। होटल चंद्रा रेजीडेंसी में आयोजित प्रशिक्षण में प्रमंडल स्तर पर किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य और बाल कल्याण समितियों के अध्यक्षों/ सदस्यों ने भाग लिया। बच्चों के परिवार आधारित और वैकल्पिक देखभाल की दिशा में बदलाव लाने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रशिक्षण में बताया गया कि बच्चों को परिवार या परिवार जैसे माहौल में रखना सर्वोत्तम हित में होता है।

बच्चों की देखभाल करने वाले संस्थानों को अंतिम विकल्प के रूप में देखते हुए परिवार, रिश्तेदारी, फोस्टर केयर, स्पॉन्सरशिप, एडॉप्शन, फॉस्टर केयर जैसे विकल्पों से जोड़ना और उन्हें बेहतर माहौल देने की आवश्यकता है। बच्चों के लिए ऐसे विकल्पों पर विचार करते हुए उनके परिवार से अलगाव की रोकथाम एवं गेटकीपिंग की प्रक्रिया स्थापित करना आवश्यक है, ताकि बच्चों को स्थाई रूप से परिवार में रहना संभव हो सके। यदि किन्हीं कारणों से बच्चे का पालन पोषण उसके घर में सुनिश्चित नहीं हो पा रहा हो तब उसे फोस्टर केयर जैसी सेवाओं से जोड़ने के विकल्पों को देखना आवश्यक हो जाता है। फोस्टर केयर एवं स्पॉन्सरशिप के विषय पर विभिन्न माध्यमों से स्थानीय भाषाओं में प्रचार-प्रसार कर जागरूकता की आवश्यकता है। समितियों एवं बोर्ड द्वारा बच्चे के संबंध में निर्णय लेने हेतु बच्चे की व्यक्तिगत देखरेख योजना और सामाजिक अन्वेषण रिपोर्ट से मिली जानकारी और जांचकर्ता द्वारा सुझाई गई योजना की भूमिका पर बल दिया गया है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों द्वारा जिला स्तर पर परिवार आधारित एवं वैकल्पिक देखभाल सेवाओं को बढ़ावा देने हेतु कार्य योजना बनाकर संबंधित जिले में लागू करने का संकल्प लिया। मौके पर तकनीकी सहायता एवं प्रशिक्षण हेतु मिरेकल फाउंडेशन इंडिया के टीम सदस्य व जिला बाल संरक्षण इकाई, पलामू से कामदेव पासवान प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित थे।

## नक्सली समर्थक को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**राष्ट्रीय खबर**

**छत्तरपुर (पलामू):** छतरपुर थाना कांड सं0-218/ 22 दिनांक 22.10.22 धारा 384/ 385/386/387/34 भा0द0वि0 एवं 17 सीएलए एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त बैजनाथ यादव पिता स्व0 मराछू यादव सा. कुलहईया थाना हरिहरगंज जिला पलामू जो भाकपा माओवादी के लिए लेवी का पैसा उठाने एवं पुलिस की गतिविधि का जानकारी माओवादी तक पहुंचाने का कार्य करते थे। जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

साथ ही छतरपुर थाना कांड सं0-18/23 दिनांक 25.01.23 धारा 306 भादवि के प्राथमिकी अभियुक्त नगीना सिंह पिता स्वर्गीय महेश्वर सिंह ग्राम पिपराही थाना छतरपुर जिला पलामू को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज गया।

## डीजे संचालक अपना डीजे भाड़े पर नहीं लगाएं: प्रशासन

**राष्ट्रीय खबर**

**हरिहरगंज/ पलामू :** पर्व त्योहारों और अन्य समारोहों में डीजे का इस्तेमाल स्वास्थ्य के लिए हमेशा खतरनाक और नुकसानदायक साबित होता है। प्रायः यह देखा जाता है कि पर्व त्यौहारों या किसी भी समारोहों के दौरान डीजे बजाने से हर उम्र के मरीजों , बुजुर्गों यहां तक कि स्वस्थ्य व्यक्तियों के भी दिल की धड़कने तेज हो जाती हैं। जिससे प्रभावित मरीजों को हृदयाघात का खतरा पैदा हो जाता है। बाबजूद इसके डीजे संचालकों और आयोजकों द्वारा डीजे का धड़ल्ले से इस्तेमाल करना जनहित के विरूद्ध है। इसे देखते हुए प्रशासन अब डीजे के इस्तेमाल पर अंकुश लगाने को लेकर इस बार निदेर्शों का कड़ाई से अनुपालन कराने के लिए प्रतिबद्ध दिख रही है। मालुम हो कि कई बार शान्ति समिति की बैठकों में भी डीजे नही बजाने का निर्देश भी दिए जाते रहे हैं। इस संबन्ध में कई गणमान्य व्यक्तियों ने बताया कि डीजे संचालक ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में हर बार निदेर्शों का उलंघन करते रहे हैं। जिसका खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ता है। वे चाहते हैं कि डीजे बजाने पर पुरी तरह रोक लगना चाहिए। उनका कहना था कि इसके पहले पर्व त्यौहारों के अवसर पर परंपरागत ढोल, सिंघा, तरसा के साथ ही लाउड स्पीकर ( ध्वनिविस्तारक यंत्र) और बैंजो बाजा बजाए जाते थे। जिसकी मधुर साउंड सबका मन मोह लिया करता था। जिसके इस्तेमाल से लोगों के स्वास्थ्य पर भी कोई असर नहीं होता था। बहरहाल बीते कई वर्षों से डीजे बजाने की बुरी लत ने एक साथ कई समस्याएं खड़ी कर दी हैं। जिससे निजात पाना अब बहुत जरूरी है। बता दें कि समाज के प्रबुद्ध कहे जाने वाले समाजसेवी और गणमान्य लोगों की इसके प्रति सजगता भी जरुरी है। क्योंकि अब डीजे का इस्तेमाल पर अंकुश लगाने के लिए जारी प्रशासनिक निदेर्शों का उल्लंघन करने वाले दोषियों पर ध्वनि विस्तारक अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही पकड़े जाने पर डीजे को नष्ट भी कर दिया जाएगा।

राम नवमी पूजा को लेकर छतरपुर थाने में हुई शांति समिति की बैठक

## रामनवमी की जुलूस में डीजे बजाने पर पूर्णतः रोक :प्रशासन

**राष्ट्रीय खबर**

**छतरपुर (पलामू) :** रामनवमी पूजा को लेकर छतरपुर थाना परिसर में रविवार को शांति समिति का बैठक किया गया जिसमें सभी अखाड़ा कमेटियों को शांतिपूर्ण तरीके से राम नवमी पूजा मनाने का निर्णय देते हुए डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध की बात कही गई। इस बैठक की अध्यक्षता कर रहे छतरपुर एसडीपीओ अजय कुमार ने बताया कि इस पर्व को आप सभी पौराणिक तरीकों से पुरानी के वाद यंत्र जैसे ढोल वगैरह बजाकर शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं तथा भारी भरकम ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग से बचें क्योंकि वृद्ध तथा दिल के बीमार लोगों पर इसका विपरीत असर पड़ता है साथ ही साथ सभी को इन्होंने रमजान का भी मुबारकबाद दिया।ट

मौके पर उपस्थित छतरपुर नगर पंचायत कार्यपालक दंडाधिकारी कामेश्वर बेदिया ने बताया कि उपायुक्त तथा अनुमंडल पदाधिकारी के निदेर्शों का पालन करते हुए सभी लोग आपस में मिलकर शांति सौहार्द के साथ यह पर्व मनाए साथ ही डीजे के प्रयोग से बचें।

मौके पर उपस्थित छतरपुर अंचलाधिकारी मुदस्सर नजर मंजूरी ने बताया कि हर पर्व त्यौहार का कुछ मकसद होता है और इन त्योहारों पर असल में हमें उन मकसद को समझना अत्यंत जरूरी है आपसी भाईचारा का संदेश देने वाला इस पर्व को आपसी भाईचारगी के साथ मनाएं। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष मोहन जायसवाल, उपाध्यक्ष बुल बाबा थाना प्रभारी शेखर कुमार, पुअनि प्रियरंजन कुमार, पुअनि रमेश चंद हजाम, जेवियर मींज, रीतलाल यादव, अरविंद सिंह अशोक कुमार, बिससूत्री अध्यक्ष गोपाल सिंह समाजसेवी अरविंद गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र कुमार, सुरेश कुमार इंजीनियर, मुस्ताक आलम, नौखेज आलम, पुखराज सिंह, गुड्डू खान, हरेंद्र सिंह,अनुज सिंह सहित बहुत से अखाड़े कमेटियां के सदस्य एवं अध्यक्ष तथा सचिव इत्यादि मौजूद थे।

## न्यूज फटाफट

### सूर्य देव पाठक के निधन अपूर्णीय क्षति

**मेदिनीनगर :** सारभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण सभा की ओर से सदर प्रखंड अंतर्गत जमुने निवासी पंडित सूर्यदेव पाठक के आकस्मिक निधन पर दुख व्यक्त किया है। विदित हो कि सूर्य देव पाठक का निधन 24 मार्च को हो गया है ।उनका अंतिम संस्कार वाराणसी में किया गया। वे अपने पीछे दो पुत्र और दो पुत्रियां छोड़ गए हैं। उनके निधन पर शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर्गीय पाठक सरल स्वभाव के मृदुभाषी व्यक्ति थे। उन्होंने बेहतर शिक्षण कार्य मध्य विद्यालय इटहे लेस्लीगंज में किया था।उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति पहुंची है ।वह समाज के लिए सदैव तत्पर रहते थे ।कर्मकांड के भी वे ज्ञाता थे। दुख व्यक्त करने वालों में विजयानंद पाठक, अर्जुन पाठक, बिंदु पांडेय,राम कुमार पांडेय, गोपाल मिश्रा ,सत्येंद्र पाठक नरेंद्र पाठक, सुनील मिश्रा ,मनोज पाठक समेत दर्जनों लोग हैं।

### वॉलीबॉल खिलाड़ियों का हुआ नीलामी

**गुवा :** आईपीएल की तर्ज पर मेघाहातुबुरु में पहली बार मेघाहातुबुरु प्रीमियर वॉलीबॉल लीग (एमपीएल) का आयोजन 1 से 3 अप्रैल तक मेघाहातुबुरु मैदान में आयोजित किया जाएगा। इस एमपीएल हेतु छः टीमों के फ्रेंचाइजी द्वारा खिलाड़ियों की बोली लगाई गई। खिलाड़ियों के लिए बोली लगाने का कार्यक्रम मेघा क्लब में 26 मार्च की शाम आयोजित की गई। युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने व खेल में रोमांच लाने हेतु यह ऑक्शन का आयोजन किया गया। प्रत्येक फ्रेंचाइजी को अधिकतम 3 हजार रुपये, प्रति खिलाड़ी बोली लगाने का निर्धारण किया गया था। इन 3 हजार में प्रत्येक टीम के फ्रेंचाइजी को 7 खिलाड़ियों पर बोली लगाना था। ऑक्शन में कुल 49 खिलाड़ी शामिल हुए जिसमें से 42 खिलाडियों के लिये बोली लगी। खिलाड़ियों की बोली के लिए न्यूनतम राशि 250 रुपये निर्धारित की गई है। इस प्रतियोगिता की छः टीमों व उसके मालिकों में सारंडा टाइगर्स के मालिक महाप्रबंधक संजय बनर्जी, रॉयल चैलेंजर्स के महाप्रबंधक के बी थापा एवं सहायक महाप्रबंधक मेघाहातुबुरु फाइनेंस टीम के महाप्रबंधक योगेश प्रसाद राम एवं एनके विश्वास बतौर फ्रेंचाइजी बोली में शामिल हुए।

## राइट टू हेल्थ बिल के खिलाफ चिकित्सकों ने ज्ञापन सौंपा

**राष्ट्रीय खबर**

**कोडरमा:** राजस्थान सरकार द्वारा राइट तो हेल्थ कानून लाये जाने के विरोध में सोमवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के आह्वाहन पर पूरे भारत वर्ष के चिकित्सकों ने इस कानून के विरोध में काला बिल्ला लगा कर विरोध दर्ज किया। आई एम ए के आह्वान का झारखंड राज्य स्वास्थ्य सेवा संघ ने भी अपना समर्थन दिया और झारखंड राज्य में भी सभी सरकारी एवं गैर सरकारी चिकित्सको ने काला बिल्ला लगा कर कार्य किया।जिला झासा एवं आई एम ए के प्रतिनिधि मंडल द्वारा उपायुक्त के माध्यम से एक ज्ञापन राजस्थान के मुख्यमंत्री को लिखा गया है जिसमे यह माँग की गई है कि इस बिल को वापस लिया जाए और इस बिल के विरोध में राजस्थान में जब चिकित्सक शांति पूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे तो उन पर लाठी चार्ज किया गया है, जिसमे कई चिकित्सको को गंभीर चोट आई है। इस पूरी मामले की न्यायिक जाँच करवा कर दोषियों के विरुद्ध कारवाई की जाए। ज्ञापन की प्रतिलिपि भारत के प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री, राजस्थान के राज्यपाल एवं स्वास्थ्य मंत्री को भी दिया गया है। आई एम ए उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल के संयुक्त सचिव डॉ रमण कुमार एवं झासा राज्य इकाई के उपाध्यक्ष डॉ शरद कुमार ने बताया कि अगर इस पर कोई ठोस निर्णय नही लिया गया तो जल्द ही राष्ट्रीय स्तर पर संगठन के शीर्ष नेतृत्व द्वारा आगे के आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी। उपायुक्त को ज्ञापन देने वालो में झासा राज्य इकाई के उपाध्यक्ष डॉ शरद कुमार के अलावा आई एम ए कोडरमा के पुर्व सचिव डॉ सुजीत राज, उपाध्यक्ष डॉ राजीवकान्त पांडेय, डॉ सागर मणि सेठ, डॉ सुनील कुमार मोदी, डॉ प्रशांत उपाध्याय, डॉ चेलना जैन, डॉ भारती सिन्हा, डॉ धनंजय कुमार, डॉ संदीप, डॉ आशीष, डॉ प्रमोद कुमार वर्णवाल, डॉ रविकांत सिंह, डॉ मणिकांत गुप्ता एवं अन्य चिकित्सक उपस्थित थे।

# बाबा चौहरमल व दिवंगत केंद्रीय मंत्री रामविलास की प्रतिमा का चिराग करेंगें अनावरण : संदीप

**राष्ट्रीय खबर**

**हरिहरगंज/पलामू :** एनएच 98 किनारे भगत तेंदुआ ग्राम में शिरोमणि वीर बाबा चौहरमल और दिवंगत केन्द्रीय मंत्री लोजपा के संस्थापक रामविलास पासवान के आदमकद प्रतिमा का मई माह में कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि एलजीपी ( रामविलास ) के सुप्रीमों चिराग पासवान के द्वारा किया जाएगा। इसकी जानकारी वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति पलामू जिला अध्यक्ष संदीप पासवान ने पत्रकारों को दी। उन्होंने कहा कि आगामी मई महीने में एलजीपी (आर ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चिराग पासवान के पटना स्थित आवास पर उनसे मुलाकात कर इसके लिए आमंत्रण दिया। उन्होंने अनावरण कार्यक्रम में भाग लेने का आमंत्रण को स्वीकार करते हुए एक सप्ताह में तिथि निर्धारित करने की सहमति दे दी। उन्होंने कहा कि जल्द ही हरिहरगंज के भगत तेंदुआ ग्राम स्थित अनावरण स्थल पर बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय की जाएगी।

बहरहाल इसे लेकर अभी से ही प्रखण्ड , जिला और राज्य स्तर पर इसकी व्यापक तैयारी शुरू कर दी गई है। मौके पर चिराग पासवान से मिलने पहुंचे प्रतिनिधि मंडल में गढ़वा वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष चंदन पासवान, पलामू जिला के पूर्व जिला परिषद सह वर्तमान जिला परिषद अध्यक्ष के प्रतिनिधि नंद कुमार पासवान, महासचिव गढ़वा रामचंद्र पासवान के साथ ही विजय पासवान आदि मौजूद थे।

## शहर ›› अपडेट

### ग्रामीणों ने गुफु का भ्रमण किया

**कोडरमा :** जिला प्रशासन कोडरमा की पहल से सोमवार को कोडरमा जिला के सभी प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांवों के ग्रामीणों ने खूटी जिला के तोरपा प्रखंड के गुफु गांव का भ्रमण किया। जहां ग्रामीणों ने गुफु गांव के किसानों द्वारा किए जा रहे मल्टी फार्मिंग को देखा एवं गुफु गांव के किसानों द्वारा बेहतर खेती करने का अनुभव, संघर्ष एवं चुनौतियों को ग्रामीणों के बीच साझा किया गया।

## सिटी अपडेट्स ››

### हाईवा पलटा, बाल-बाल बचा ड्राइवर

**महेशपुर (पाकुड़) :** प्रखंड के पोखरिया गांव में सोमवार को कोल माइंस का बाईपास सड़क निर्माण कार्य के लिए मिट्टी ढो रहे एक हाईवा पलट गया। इस घटना में चालक एवं खलासी बाल-बाल बच गया। ग्रामीणों के अनुसार पोखरिया में कोल माइंस की ओर से बाईपास सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमे सड़क निर्माण कार्य के लिए मिट्टी ढो रहे एक हाईवा चालक की संतुलित बिगड़ गया। जिससे सड़क के किनारे हाईवा पलट गया।

### ट्रैक्टर जप्त

**महेशपुर :** विगत रविवार शाम 7:00 बजे सीओ रितेश जयसवाल ने अंचल निरीक्षक, थाना प्रभारी एवं अंचल गार्ड महेशपुर के साथ क्षेत्र भ्रमण के दौरान महेशपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गायबथान क्षेत्र से बालू परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर को रोका। ट्रैक्टर को अधिकारियों के द्वारा रोके जाने के साथ ही ट्रैक्टर चालक गाड़ी छोड़कर भाग निकला। चालक के भाग जाने के कारण बालू परिवहन से संबंधित किसी प्रकार के आवश्यक कागजात जैसे चालान एवं ट्रैक्टर से संबंधित कागजात उपलब्ध नहीं हो पाया। उसके बाद सीओ रितेश जयसवाल ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जप्त करते हुए महेशपुर थाने में रखवाया।

## संक्षिप्त ›› अपडेट्स

### चैती छठ पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**पाकुड़ :** चैत्र नवरात्र के दौरान छठवें दिन छठ पूजा, छठ व्रतियों द्वारा किया मनाया जाता है या छठ चैती छठ के नाम से प्रसिद्ध है। इस छठ में भी पूरे विधि विधान के साथ छठ पूजा श्रद्धालु उपवास रहकर करते हैं। नहाए खाए, खरना के बाद आज डूबते सूर्य को अर्घ देते श्रद्धालु विभिन्न पोखर एवं नदियों में साफ सफाई कर इस पूजा को करते हैं जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच कर पूजा को सफल बनाते हैं। पाकुड़ एवं सभी प्रखंडों में पोखर नदी में श्रद्धालु बड़े उत्साह के साथ इस पर्व को मना रहे हैं। वही पाकुड़ के काली भजन पोखर शीतला मंदिर पोखर को भव्य रूप से सजाया गया है लाइटिंग की पूरी व्यवस्था की गई है प्रशासन द्वारा साफ-सफाई का भी पूरा इंतजाम किया गया हैं।

### थाना प्रभारी ने जुलूस मार्ग का किया निरीक्षण

**पाकुड़ :** रामनवमी पर्व को लेकर पाकुड़ पुलिस पूरी तरह से सतर्क है। इसके लिए वे सभी स्थान जहां से रामनवमी का संकीर्तन निकलता है का जायजा ले रही है। तथा कमेटी समिति को आवश्यक दिशा निर्देश भी दे रही है। रामनवमी महोत्सव के अवसर पर रेलवे कॉलोनी पाकुड़ से नगर में निकलने वाले शोभायात्रा का मार्ग तालिका का निरीक्षण पुलिस निरीक्षक सह- नगर थाना प्रभारी मनोज कुमार ने श्री श्री 108 बजरंगबली अखाड़ा समिति रेलवे कॉलोनी पाकुड़ के सदस्यों के साथ किया।निरीक्षक के क्रम में पुलिस निरीक्षक -सह- थाना प्रभारी पाकुड़ ने नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरने वाली शोभायात्रा के सारे रास्ते का जायजा लिया साथ ही उन रास्तों पर आवागमन में विभिन्न असुविधाओं को दुर करने का आश्वासन दिया।

## डोमचांच में 21 मार्च से लापता युवती का शव पत्थर खदान से बरामद

# अपहरण के बाद हुई थी सोनी की हत्या

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** जिले के डोमचांच में 21 मार्च से लापता युवती सोनी कुमारी उर्फ सोनाली (24) का शव बीती रात पत्थर खदान से बरामद कर लिया गया। युवती का अपहरण करने के बाद उसकी हत्या कर शव को बोरे में डालकर पत्थर खदान में फेंक दिया गया था। रविवार को घटना के विरोध में ग्रामीणों ने सड़क जाम कर युवती के शव को बरामद करने की मांग की थी। ग्रामीणों और गोताखोरों की टीम के सहयोग से रात में शव को पत्थर खदान से निकाला गया और सोमवार को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। ज्ञात हो कि घटना के बाद कब्जे में लिए गए सूमो गाड़ी के चालक बसवरिया निवासी रोहित कुमार मेहता के निशानदेही पर उसके कुछ साथियों को हिरासत में लेकर की गई पूछताछ के दौरान युवती की हत्या कर शव को पत्थर के साथ बोरी में भर कर पानी भरे बंद पड़े पत्थर खदान में फेंके जाने की जानकारी मिली। बीते 21 मार्च को युवती के लापता होने के बाद 22 मार्च को परिजनों ने डोमचांच थाना में मामले की जानकारी देते हुए खोजबीन करने के लिए आवेदन देते हुए सनहा दर्ज करवाया था। पुलिस ने शक के आधार पर एक सूमो गाड़ी को जब्त करते हुए उसके चालक सह मालिक को हिरासत में लिया था। जिसके बाद जांच के मिले साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने तीन अन्य युवकों को भी हिरासत में लिया। वहीं घटना के बाद एक आरोपी मुंबई भाग गया जिसे मुंबई में गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस की अबतक की जांच में युवती सोनी की हत्या में सुपारी दिए जाने की बात सामने आयी है। दो दिन पहले शनिवार को मामले में परिजनों के द्वारा 5 लोगों को नामजद करते हुए डोमचांच थाना में एक आवेदन दिया गया था। आवेदन में महथाडीह निवासी दीपक साव पर अपने सहयोगियों के साथ मिलकर पुत्री का अपहरण किए जाने का मामला दर्ज कराया था। बताया गया कि उनकी पुत्री दीपक साव के पास पूर्व में ट्यूशन पढ़ती थी, जिसके कारण उसकी जान पहचान थी और दीपक साव से फोन पर बातचीत होती थी।

### पुलिस पर लग रहा है लापरवाही का आरोप

इस मामले में डोमचांच पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगा है। गत 21 मार्च को युवती के गायब होने के बाद परिजनों ने थाना में आवेदन दिया तो पहले मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया। वही एक आरोपी को थाने में बुलाकर पूछताछ की गई और फिर उसे छोड़ दिया गया। यदि पुलिस गंभीर होती तो मामले का उद्भेदन पहले ही हो सकता था या फिर युवती की जान भी बचाई जा सकती थी। रविवार को इस मामले के सामने आने के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने सड़क जाम किया। वहां पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता और झारखंड आंदोलनकारी अजय कृष्ण भी मौजूद रहे जिन्होंने मामले के उद्भेदन और शव बरामदगी के लिए पुलिस पर दबाव बनाया।

# दो सड़क हादसों में महिला समेत तीन लोग घायल

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** सोमवार को कोडरमा जिले में दो सड़क हादसों में एक महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। पहली घटना में सोमवार की सुबह 9 बजे कोडरमा घाटी स्थित नौवां माइल में छड लोड ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। इससे चालक व उप चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान राजा सिंह (उम्र 25 वर्ष, पिता शशि सिंह, हावड़ा) और शिबू साव (उम्र लगभग 30 वर्ष, पिता विजय साव, बख्तियारपुर) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार ट्रेलर में कोलकाता से छड लोड करके पटना की तरफ जाने के दौरान कोडरमा घाटी में ब्रेक फेल हो जाने से ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना में चालक फंस कर गंभीर रूप से घायल हो गया। कोडरमा थाना प्रभारी दल बल के साथ पहुंचकर और ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को गाड़ी से बाहर निकाला गया और एंबुलेंस की मदद से अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है। दूसरी घटना में डोमचांच बाजार चौक के समीप सोमवार दोपहर 11 बजे वाहन की चपेट में आने से एक बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल की पहचान सुंदरी देवी (उम्र 60 वर्ष पति स्वर्गीय बाबूलाल साव, ग्राम पचगावा, डोमचांच) के रूप मे हुई है।

# निःशुल्क स्वास्थ्य कार्यक्रम का प्रचार जोरों पर

›› 5 अप्रैल से लाईफलाईन एक्सप्रेस पीपराडीह में

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** जिला प्रशासन कोडरमा व इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के सौजन्य से इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन लाईफलाईन एक्सप्रेस प्रोजेक्ट के तहत चंदवारा प्रखंड स्थित पिपराडीह रेलवे स्टेशन में निःशुल्क स्वास्थ्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। निःशुल्क स्वास्थ्य कार्यक्रम 5 अप्रैल से 25 अप्रैल 2023 तक संचालित किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिले के सभी प्रखंडों में स्वास्थ्य विभाग की टीम, आंगनवाड़ी केन्द्रों की कर्मी, जेएसएलपीएस की कर्मियों द्वारा मरीजों का सर्वे किया जा रहा है ताकि उन मरीजों का निःशुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान किया जा सके। साथ ही पंपलेट के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य शिविर के होने वाले ईलाज के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने कोडरमा जिलावासियों से अपील किये हैं कि निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में अधिक से अधिक लोग शामिल हैं और अपना हैल्थ चेकअप करायें। बता दें कि निःशुल्क स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आंख की जांच एवं मोतियाबिंद की सर्जरी 5 अप्रैल से 10 अप्रैल 2023 तक, कान की जांच और कान की सर्जरी 12 अप्रैल से दिनांक 16 अप्रैल तक, मुड़े हुए पैर का परिक्षण एवं सर्जरी 18 अप्रैल से 20 अप्रैल तक, स्तन औ? ग्रीवा कैंसर जागरुकता एवं परिक्षण 5 अप्रैल से 10 अप्रैल तक, दांत की जांच एवं उपचार 20 अप्रैल से 25 अप्रैल तक औ? बीपी व शुगर की जांच 5 अप्रैल से 25 अप्रैल तक किया जायेगा। उपरोक्त स्वास्थ्य जांच हेतु ओपीडी का समय पूर्वाह्न 9 बजे से अपराह्न 4 बजे तक निर्धारित है। किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने हेतु हेल्पलाइन नं. 9820303974 पर संपर्क किया जा सकता है।

# ओपन स्काई स्मार्ट स्कूल में वार्षिक परीक्षा का अंक पत्र जारी

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** ओपन स्काई स्मार्ट स्कूल, पाकुड़ में सत्र 2022-23 के चतुर्थ अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों ने अभिभावकों को हाल में सम्पन्न हुए वार्षिक परीक्षा के परिणाम से अवगत कराया एवं मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाएं दिखाई। शिक्षकों ने अभिभावकों से बच्चों की प्रगति पर विस्तृत चर्चा किया तथा बच्चों के बेहतर विकास के लिये मार्गदर्शन दिया साथ ही उनकी शिकायत एवं सुझावों को सुना। विद्यालय के निदेशक श्री मनोज भगत ने अपने संबोधन में आज की संगोष्ठी में उपस्थित सभी अभिभावकों को धन्यवाद एवं विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया की विद्यालय में सत्र 2023-24 की कक्षाएं 01 अप्रैल से शुरू होगी। अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें। हमेशा विद्यालय के संपर्क में रहें तथा अपनी शिकायतों एवं सुझावों से विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों को अवगत कराते रहें जिससे हम अपनी कमियों एवं त्रुटियों को दूर कर सकें। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने हेतु विद्यालय कृतसंकल्प है तथा इसमें अभिभावकों की भूमिका अहम है। इस संगोष्ठी को सफल बनाने में विद्यालय के चेतन शेरपा, शिखा तिरुआ, निहारिका देवी, दुगार्मीत तमांग , ज्योति बास्की ,ट्वींकल खातून , मीरु मरांडी आदि शिक्षक शिक्षिकाओं सहित सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने अपना योगदान दिया।

## तीन दिवसीय नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ संस्कार महोत्सव आरंभ

# 551 श्रद्धालु महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली

राष्ट्रीय खबर

**महेशपुर:** अखिल विश्व गायत्री परिवार महेशपुर प्रखंड इकाई की ओर से आयोजित तीन दिवसीय नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ संस्कार महोत्सव के प्रथम दिन सोमवार को बुढ़ानाथ शिव मंदिर परिसर से 551 श्रद्धालु महिलाओं एवं कन्याओं ने कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकलकर शहीद भगत सिंह चौक, बाजारपाड़ा, बाबूपाड़ा होते हुए ठाकुरबाड़ी बांसलोई नदी घाट पहुंची।

वहां साहिबगंज से आए पुरोहित डॉ. अशोक कुमार सिंह ने श्रद्धालु महिलाओं एवं कन्याओं को वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश में जल भरवाया तथा संकल्प कराया। वहां से कलश शोभायात्रा तिवारीपाड़ा, दत्तापाड़ा, भगतपाड़ा का भ्रमण करते हुए वापस शिव मंदिर परिसर स्थित यज्ञ स्थल पहुंची। कलश शोभायात्रा के साथ ही तीन दिवसीय नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ संस्कार महोत्सव का शुभारंभ हो गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के पाकुड़ से आए पंकज कुमार वर्मा, मनोज कुमार गुप्ता, कृष्ण कुमार वर्मा, जनार्दन ठाकुर सहित महेशपुर प्रखंड इकाई के अनिल कुमार भगत, बीरबल मंडल, संदीप भगत, मोतीलाल भगत, पंचानन दास, गुड्डू भगत, अनिकेत सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे। कलश शोभायात्रा में भाजपा नेता मिस्त्री सोरेन भी शामिल हुए। कलश शोभायात्रा में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी संतोष कुमार पुलिस बल के साथ सक्रिय दिखे तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में पहले दिन यज्ञ शुभारंभ के साथ-साथ कार्यकर्ता गोष्ठी एवं युग संगीत एवं प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। कलश यात्रा के शुभारंभ के साथ ही उपनगर का वातावरण भक्तिमय हो उठा है।

## उद्घाटन ›› होली फैमिली में कोडरमा के पहले कीमोथेरेपी सेंटर का हुआ उद्घाटन

# टीएमएच मुंबई से प्रशिक्षित डॉक्टर और नर्सों की टीम देगी सेवा

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** कैंसर मरीजों को सहायता प्रदान करने वाली संस्था आवर हैप्पी फैमिली ट्रस्ट की पहल पर होली फैमिली हॉस्पिटल के तत्वाधान में टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल मुंबई के सहयोग से रविवार को होली फैमिली हॉस्पिटल परिसर में जिले का पहला कीमो थेरेपी सेंटर का उद्घाटन किया गया।

मौके पर मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ नीरा यादव एवं उद्घाटनकर्ता टीएमएच मुंबई के मेडिकल ऑकोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. कुमार प्रभास मौजूद थे। मुख्य अतिथि अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कैंसर से पीड़ित लोगों के समूह के द्वारा कैंसर से पीड़ित अन्य दूसरे लोगों की परेशानियों को देखते हुए शुरू किए गए इस कीमोथेरेपी सेंटर से लोगों को मानसिक एवं आर्थिक रूप के परेशानियों से बड़ी राहत मिलेगी। विधायक डॉ नीरा यादव ने कीमोथेरेपी सेंटर के उद्घाटन को कोडरमा जिला के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया। टीएमएच मुंबई के डॉ कुमार प्रभास ने कहा कि हर समस्या का समाधान सरकार नहीं कर सकती है। समाज को और लोगों को आगे आकर समस्याओं के समाधान के प्रति सोचने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज कैंसर होने का एक सबसे बड़ा कारण तंबाकू से बने उत्पाद है।

वर्तमान में 100 में से 50 कैंसर के मामले तंबाकू के उपयोग करने से सामने आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि टीएमएच में उनकी देखभाल में होली फैमिली से चिकित्सक और नर्सों की एक टीम ने कीमोथेरेपी देने का प्रशिक्षण प्राप्त किया है जिससे लोगों को बेहतर लाभ प्राप्त होगा। हॉस्पिटल की सिस्टर जेसी ने बताया कि कोरोना काल में जिस प्रकार से होली फैमिली की टीम ने पूरी तरह से समर्पित होकर महामारी से मुकाबला कर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में एक मिसाल कायम किया, उसी प्रकार कीमोथेरेपी सेंटर में भी यहां की टीम के द्वारा पूरी तरह से समर्पित एवं सेवा भाव से सहयोग दिया जाएगा।

## न्यूज फटाफट

### खिलाड़ी को सीओ, बीडीओ दी शुभकामनाएं

**कुडू:** सोमवार को राष्टीय प्रतियोगिता में समिलित होने जा रहे खिलाड़ी ने लोहरदगा जिला ताइक्वांडो के उप सचिव सह जिला कोच अरविंद यादव के नेतृत्व में कुडू प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार, कुडू अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह एवं पत्रकार अभिषेक कुमार से मुलाकात किया। इस दौरान सभी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देकर रवाना किया। साथ ही कहा कि अच्छा खेल का प्रदर्शन कर प्रखंड, जिले तथा राज्य का नाम रोशन करें। बता दें कि चार दिवसीय 36 वां सब जूनियर नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2023 का आयोजन राजस्थान के कोटा में होने जा रहा है। जो कि 28 मार्च से लेकर 31 मार्च तक होगा। सब जूनियर वर्ग अंडर 38 ह्वॉ में आंकाक्षा कुमारी, एवं अंडर 26 ह्वॉ में अंजली उरांव शामिल होने जा रहे हैं। इस मौके पर कुडू प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार, कुडू अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह, रितेश कुमार साहू, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलगी के प्रधानाचार्य मनोहर साहू, इंपीरियल पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल रेहान अंसारी, ज्योतिष उरांव, दीपक गोप, संदीप यादव,अभय यादव, बुद्धे उरांव सहित अन्य मौजूद थे।

### अंचल अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**कुडू:**भाजपा युवा मोर्चा ने सड़क की सफाई और रामनवमी जुलूस में ड्रोन कैमरा से निगरानी को लेकर अंचल अधिकारी को सौंपा ज्ञापन। भाजपा युवा मोर्चा कुडू मंडल अध्यक्ष सरजु कुमार साहू के नेतृत्व में कार्यकताओं ने अंचलाधिकारी ,प्रखंड विकास पदाधिकारी और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा जिसमें एनएच 75 ढुलवा खुटा कुडू पुल के पास कचरा और झाड़ियों की सफाई को लेकर एवं एनएच 75 देहाती ढाबा से लेकर कोकर गांव तक नेशनल हाईवे पर ईटा, बालू ,पत्थर मिट्टी गिराए जाने के कारण प्रत्येक दिन सड़क दुर्घटना घट रही है जिसका सफाई रामनवमी से पहले कराने का मांग किया साथ ही प्रखंड क्षेत्र में निकलने वाली रामनवमी शोभा यात्रा का निगरानी ड्रोन कैमरा से कराने की मांग किया। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, नंदकिशोर यादव, मंत्री मुन्ना यादव, तपस्वी यादव पप्पू यादव अन्य लोग उपस्थित थे।

### थेलेसिमिया ग्रसित बच्ची को प्रतीक ने किया रक्तदान

**पाकुड़ :** रक्तदान महादान ये बचाए रोगी के प्राण जैसे विचारो के साथ सोमवार को बजरंगदल के पाकुड़ जिला सह संयोजक प्रतीक कुमार ने आज एक आठ साल की बच्ची जो थेलेसिमिया नमक बीमारी से पीड़ित है को रक्तदान किया। थेलेसिमिया एक ऐसी बीमारी है जिसमे शरीर में रक्त बन नही पता है इस बीमारी से जूझ रहे हर मरीज को हर महीने एक से दो यूनिट रक्त की आवश्यकता पड़ जाती है। प्रतीक ने रक्तदान कर पाकुड़ के नागरिकों और खास कर युवाओं से निवेदन किया की वो रक्तदान को लेकर जागरूक हो और किसी भी व्यक्ति को रक्त की जरूरत पड़ने पर बिना संकोच किए रक्तदान करे । रक्तदान के लिए मानव शरीर ही एक जरिया है इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए,इस मौके पर रक्तअधिकोष में बजरंगदल के साहिबगंज विभाग संयोजक संदीप कुमार भी उपस्थित थे।

### 14 को पदयात्रा का कार्यक्रम,तैयारी शुरू

**गुमला :** सरना समिति गुमला जिला के द्वारा सरना स्थल की घेराबंदी एवं जिला में पूर्ण शराब बंद लागू करने की मांग को लेकर गुमला जिले के तीन अनुमंडल क्षेत्र में पदयात्रा का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है इसका शुभारंभ 14 अप्रैल को बांमदा से चैनपुर अनुमंडल कार्यालय तक पदयात्रा के माध्यम से किया जाएगा और सरना स्थल की घेराबंदी एवं पूर्ण शराबबंदी की मांग को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी चैनपुर को ज्ञापन सौंपकर मांग की जाएगी ।इस कार्यक्रम की सफलता के लिए सरना समिति गुमला जिला के अध्यक्ष एवं कांग्रेस पार्टी के चैनपुर प्रखंड के प्रभारी हंदू भगत के नेतृत्व में आयोजन समिति के सदस्य सहदेव मुंडा बाबूलाल मुंडा समीर उरांव भैया मुंडा के स्वर मुंडा एतवा उरांव समेत चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के सरना धर्मावलंबी के द्वारा पद यात्रा की तैयारी शुरू कर दी गई है। समिति के जिला अध्यक्ष हंदु भगत ने कहा कि सरना समुदाय के लोग नशे के गिरफ्त में आकर बबार्दी के कगार पर जा रहे हैं वहीं दूसरे समुदाय के लोग उन्नति की ओर आगे बढ़ रहे हैं लेकिन सरना समाज के लोगों की हालत चिंताजनक है। जिसे ध्यान में रखते हुए पवित्र सरना स्थल की जमीन पर खुलेआम हो रहे अतिक्रमण का विरोध और सरना स्थल की घेराबंदी को लेकर पुरजोर मांग उठाई जाएगी। उन्होंने बताया कि गुमला जिले के तीनों अनुमंडल में पदयात्रा का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है पहले चरण पर चैनपुर उसके बाद में बसिया एवं गुमला अनुमंडल अनुमंडल पर पदयात्रा का कार्यक्रम भी होगा।

### मरीजों के बीच किया गया 46 पोषण किट का वितरण

**गुमला:** सदर अस्पताल में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान निक्षय मित्र पोषण योजना के तहत उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 46 टीबी मरीजों के बीच पोषण किट का वितरण किया गया। मौके पर मौजूद उपायुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि वर्ष 2025 तक पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत को टीबी मुक्त देश बनाने की दिशा में पहल शुरू की है गुमला जिला इस अभियान में शामिल है टीबी की संपूर्ण जांच व इलाज प्रत्येक सरकारी अस्पतालों में निशुल्क करवाया जा रहा है। टीबी मरीजों के लिए निक्षय मित्र पोषण योजना के तहत टीवी मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषण किट सामग्री दी जा रही है जिसमें 2 किलो दाल 1 किलो गुड़ 3 किलो चना 1 किलो परसों तेल सोयाबीन जैसे पौष्टिक आहार शामिल है जो मरीजों के लिए लाभदायक है। उपायुक्त बताया कि बहुत से ऐसे टीबी चैंपियन है जो टीबी बीमारी से ठीक होकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और जागरूकता फैला रहे हैं। उन्होंने बताया कि टीबी मरीजों को सरकार प्रति माह 500 राशि उनके खाते में पौष्टिक अनाज खाने के लिए दी जाती है कुल छह माह में 3000 राशि टीबी मरीजों को जाती है।उपायुक्त ने गुमला जिला को 2024 तक टीबी मुक्त करने की बात कही है और सभी टीबी मरीजो को कोई भी परेशानी होने पर उपायुक्त से सीधी बात करने की बात कही। बताते चले की जिले के विभिन्न प्रखंडों में यक्ष्मा मित्रों द्वारा टीबी के मरीजों को गोद लेकर उन्हें प्रति माह पोषण किट दिया जा रहा है। इसके अलावा टीवी अभियान के तहत नियमित रूप से कैंप के माध्यम से भी टीवी की जांच करते हुए मरीजों का इलाज करवाया जा रहा है। इस दौरान उपायुक्त ने सदर अस्पताल में नव निर्मित एमटीसी सेंटर का भी निरीक्षण किया ,जिसमें बच्चों के लिए हर आवश्यकता सुविधाओं की उपलब्धता की भी जांच की ।

### बांस कारीगरों के लिए प्रशासन कर रही पहल

**गुमाल:** आज सोमवार को प्रखंड घाघरा ग्राम सारंगो के बांस शिल्प कारीगर कला केंद्र में उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में 50 से अधिक बांस कारीगरों के बीच टूल किट का वितरण विशेष केंद्रीय सहायता मद से किया गया ।बांस कारीगरों के आर्थिक स्थिति में उत्थान हेतु जिला प्रशासन द्वारा कई पहल की जा रही है। जिसके तहत बांस शिल्प कारीगर कला केंद्र का निर्माण,बांस कारीगरों के बीच टूल किट का वितरण , प्रशिक्षण आदि दी जा रही है । जिले में 6 बांस शिल्प कारीगरी कला केंद्र का निर्माण किया गया है , जहां बांस कारीगर आकार कारीगरी का कार्य एक ही छत के नीचे मिलकर करते है। समय समय पर बांस कारीगरों की आवश्यकता को देखते हुए उनके बीच टूल किट का वितरण किया जाता है।इस दौरान उपायुक्त ने बांस कला केंद्र का जायजा लिया एवं वहां पर उपस्थित बांस कारीगरों द्वारा बनाए जा रहे विभिन्न प्रकार के बांस की वस्तुओं को भी देखा । उन्होंने ने बांस कारीगरों से भी बात की। वहां उपस्थित कारीगरों ने जिला प्रशासन द्वारा बांस कातिगारों को दिए जाने वाली सहायता हेतु उपायुक्त को धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि पहले वे महीने के केवल 8 से 10 हजार रुपए कमाते थे परंतु प्रशिक्षण मिलने ,सरकार द्वारा टूल किट दिए जाने एवं केंद्र के बन जाने से वे विभिन्न प्रकार के वस्तुओं का निर्माण कर पा रहें है साथ ही जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में भी बदलाव आया एवं अब वे महीने के 20 से 25 हजार रुपए कमा रहें हैं।

## न्यूज फटाफट

### सत्यन छठी बार राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में

**जम्मू** : शीर्ष वरीयता प्राप्त सत्यन ज्ञानशेखरन ने सोमवार को 84वीं सीनियर राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप में मानव ठक्कर को 4-2 से हराकर छठी बार टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली। जम्मू विश्वविद्यालय के जिम्नेजियम हॉल में आयोजित प्रतियोगिता के पुरुष एकल सेमीफाइनल में पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन सत्यन ने मानव को 13-11, 11-7, 9-11, 11-1, 9-11, 11-5 से मात दी। फाइनल में सत्यन का सामना हरमीत देसाई से होगा जो सेमीफाइनल में मानुष शाह को 4-3 से हराकर आ रहे हैं। हरमीत ने इसके बाद हुए रोमांचक सेमीफाइनल में मानुष शाह को 11-6, 3-11, 5-11, 11-8, 11-5, 9-11, 11-6 से परास्त किया। सत्यन सोमवार को होने वाले फाइनल में हरमीत को हराकर दूसरी बार राष्ट्रीय चैंपियन बनना चाहेंगे। इसी बीच, सुतीर्था मुखर्जी ने महिला एकल सेमीफाइनल में आयहिका मुखर्जी को 12-10, 11-7, 11-5, 12-10 से हराकर खिताबी मुकाबले में कदम रखा। श्रीजा अकुला ने दूसरे महिला एकल सेमीफाइनल में अर्चना कामत को 11-9, 11-3, 11-6, 9-11, 5-11, 11-7 से मात दी। सोमवार को होने वाले फाइनल में सुतीर्था अपना तीसरा खिताब जीतने की कोशिश करेंगी, जबकि गत चैंपियन श्रीजा लगातार दूसरी बार स्वर्ण हासिल करना चाहेंगी।

**क्रिकेट**

### अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने

# बीसीसीआई की अपील के बाद इंदौर की पिच रेटिंग में बदलाव

- मैच रेफरी क्रिस ब्रॉड ने होल्कर स्टेडियम की पिच को खराब श्रेणी में रखा था
- इंदौर की पिच की रेटिंग 'खराब' से बदलकर 'औसत से कम' कर दी है
- बीसीसीआई की अपील पर इंदौर टेस्ट की वीडियो फुटेज की समीक्षा की

एजेंसियां

**दुबई** : अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की अपील के बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरे टेस्ट के लिये इस्तेमाल की गयी इंदौर की पिच की रेटिंग 'खराब' से बदलकर 'औसत से कम' कर दी है। गौरतलब है कि इंदौर टेस्ट के तीन दिन में समाप्त होने के बाद मैच रेफरी क्रिस ब्रॉड ने होल्कर स्टेडियम की पिच को खराब श्रेणी में रखा था। आईसीसी ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि परिषद के क्रिकेट महाप्रबंधक वसीम खान और आईसीसी पुरुष क्रिकेट समिति के सदस्य रॉजर हार्पर के पैनल ने बीसीसीआई की अपील पर इंदौर टेस्ट की वीडियो फुटेज की समीक्षा की। पैनल का यह विचार था कि रेफरी ने आईसीसी पिच निगरानी प्रक्रिया के परिशिष्ट-ए का पालन करके निर्णय लिया, लेकिन पिच में इतना अतिरिक्त उछाल नहीं था कि उसे 'खराब' रेटिंग दी जाये। लिहाजा, पैनल ने रेटिंग को खराब से बढ़ाकर 'औसत से नीचे' की श्रेणी में रखने का निर्णय लिया। इस निर्णय के तहत होल्कर स्टेडियम को एक डिमेरिट अंक दिया जायेगा। स्पिनरों के लिये मददगार इंदौर पिच पर पहले दिन 14 विकेट गिरे थे जबकि पूरे मैच में 31 में से 26 विकेट स्पिनरों ने लिये। तीसरे दिन लंच से पहले समाप्त हुए टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने नौ विकेट से जीत दर्ज करके विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में जगह बनायी थी। चौथे टेस्ट के समापन के बाद भारत ने भी डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिये क्वालीफाई कर लिया। दोनों टीमें डब्ल्यूटीसी मेस जीतने के लिये सात जून से इंग्लैंड के ओवल मैदान पर आमने-सामने होंगी।

## खेल जगत अपडेट्स

### धोनी ने चेन्नई के स्टेडियम में कुर्सी पेंट की

**चेन्नई** : चेन्नई सुपर किंग्स की

टीम आईपीएल से पहले प्रैक्टिस के लिए चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम पहुंच चुकी है। फ्रेंचाइजी ने कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के प्रैक्टिस और टीम के साथ मस्ती के कुछ वीडियोज भी शेयर किए हैं। नए वीडियो में धोनी चेपॉक स्टेडियम में फ्लेम टॉर्च से कुर्सियों को पॉलिश करते दिखाई दिए। चेन्नई की टीम 3 मार्च को प्रैक्टिस सेशन के लिए चेपॉक पहुंची। टीम टूर्नामेंट का पहला मैच 31 मार्च को गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलेगी। ये मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। चेपॉक यानी होम ग्राउंड पर चेन्नई का पहला मैच 3 अप्रैल को लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा। सीएसके ने सोमवार को सीट पेंट करने का वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में धोनी फ्लेम से सीट को पॉलिश करते दिखे। उन्होंने हैरान होकर कहा- ये सच में काम कर रहा है। पूरी तरह से यलो हो गया। इससे पहले सीएसके ने धोनी के नेट्स का वीडियो शेयर किया था। इसके अलावा टीम के बस में सफर का भी वीडियो शेयर किया गया, जिसमें धोनी ने ड्वेन ब्रावो को सीटी बजाना सिखाया था।

### थाईलैंड में शीर्ष 13 में रहे कविन, मोहसिन

**बुरिरैम** : कविन किवंटल और मोहसिन परमबम की भारतीय जोड़ी ने एशिया रोड रेसिंग चैंपियनशिप (एआरआरसी) एपी 250 क्लास की दूसरी रेस में शीर्ष 13 में रहकर महत्वपूर्ण अंक हासिल कर लिये हैं। चैंग अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर रविवार को आयोजित रेस में कविन ने 11वें स्थान पर रहकर पांच अंक अर्जित किये, जबकि मोहसिन ने 13वें स्थान पर रहकर तीन अंक हासिल किये। कविन ने ग्रिड पर 17वीं पोजीशन से जोरदार शुरुआत की और पहले ही लैप में एक पोजीशन ऊपर चढ़ गये। उन्होंने धीरे-धीरे अपनी गति बढ़ाई और सातवें लैप के अंत तक 12वें स्थान पर पहुंच गये। आठवें और नौवें लैप में वह एक पायदान पिछड़े लेकिन अंतिम लैप में कविन ने अपनी गति बढ़ा दी और निकटतम जापानी राइडर चिहिरो इशी को पछाड़कर 12वें स्थान पर रेस पूरी की।

## हॉकी इंडिया ने एएफसी में चुने जाने पर सिंह,कौर को सम्मानित किया

एजेंसियां

**नयी दिल्ली** : हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री डॉ. दिलीप टिर्की ने खेल निकाय के महासचिव भोला नाथ सिंह और एथलीट प्रतिनिधि जॉयदीप कौर को एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) में चुने जाने पर सोमवार को सम्मानित किया। दक्षिण कोरिया के मुंगयोंग में पिछले हफ्ते हुए सम्मेलन में सिंह को एएफसी का उपाध्यक्ष चुना गया था, जबकि सुश्री कौर महासंघ की एथलीट प्रतिनिधि नियुक्त हुई थीं। डॉ. टिर्की ने सिंह और सुश्री कौर को पुष्पमाला और मिठाइयां देकर बधाई दी। उन्होंने एएफसी के नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनकी उपलब्धि के लिये सराहना की निशानी भी पेश की। इस अवसर पर हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष शेखर जे मनोहरन, संयुक्त सचिव आरती सिंह, सुनील मलिक एवं हॉकी इंडिया कार्यकारी बोर्ड के अन्य गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।

## आईपीएल में कमेंट्री के सबटाइटल पढ़ सकेंगे दर्शक

एजेंसियां

**मुंबई** : आईपीएल 2023 के आधिकारिक टेलीविजन प्रसारणकर्ता स्टार स्पोर्ट्स ने भारत के खेल प्रसारण में क्रांति लाने के इरादे से सोमवार को बधिर दर्शकों के लिये 'सबटाइटल फीड' लॉन्च की। इस नयी तकनीक की मदद से बधिर दर्शक लाइव मैच के दौरान अपनी टीवी स्क्रीन पर कमेंट्री के सबटाइटल पढ़ सकेंगे। स्टार स्पोर्ट्स के प्रवक्ता ने इस अनूठे फीचर के लॉन्च पर कहा,''दर्शकों के अनुभव में क्रांति लाने के लिये स्टार स्पोर्ट्स हमेशा सबसे आगे रहा है। हमें सबटाइटल फीड जैसी अभूतपूर्व तकनीक पेश करने पर गर्व है। इसका उद्देश्य आईपीएल 2023 के उत्साह को दिव्यांग प्रशंसकों सहित सभी के लिये सुलभ बनाना है। इस नवीनतम तकनीक के साथ हम प्रशंसकों को खेल के करीब ला रहे हैं, जिससे उन्हें आईपीएल के शोर का अनुभव करने का मौका मिल रहा है।'' इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में महेंद्र सिंह धोनी के 15 साल पूरे होने और इस ऐतिहासिक पहल की शुरुआत का जश्न मनाने के लिये स्टार स्पोर्ट्स ने एक विशेष प्रोमो लॉन्च किया। इस प्रोमो में धोनी के प्रशंसकों से खचाखच भरे स्टेडियम में उनका नाम गूंज रहा है। आईपीएल की शुरुआत 31 मार्च को गुजरात जायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मुकाबले के साथ होगी। स्टार स्पोर्ट्स ने आईपीएल के टीवी प्रसारण अधिकार हासिल किये हैं, जबकि जियो टूर्नामेंट को डिजिटल रूप से प्रसारित करेगा।

## श्रीलंका,पाकिस्तान टी20 शृंखला में लैथम करेंगे कप्तानी

एजेंसियां

**क्राइस्टचर्च** : अगले महीने श्रीलंका के खिलाफ होने वाली घरेलू टी20 शृंखला में टॉम लैथम न्यूज़ीलैंड की कप्तानी करेंगे। न्यूज़ीलैंड क्रिकेट (एनज़ेडसी) ने सोमवार को यह जानकारी दी। एनज़ेडसी ने बताया कि करीब दो साल बाद खेल के सबसे छोटे प्रारूप में वापसी कर रहे लैथम पाकिस्तान दौरे पर भी कीवी टीम की कमान संभालेंगे। न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच टी20 सीरीज दो अप्रैल से खेली जायेगी, जबकि न्यूजीलैंड का पाकिस्तान दौरा 14 अप्रैल से शुरू होगा। इस दौरान केन विलियम्सन और टिम साउदी के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में व्यस्त होने के कारण लैथम को ब्लैक कैप्स की कमान सौंपी गयी है। न्यूज़ीलैंड के कोच माइक स्टीड ने कहा, '' हमने इस साल भारत के खिलाफ टॉम की क्षमता और उनका शॉट चयन देखा। वह 2021 में बंगलादेश दौरे पर एक अनुभवहीन टी20 टीम की कमान संभाल चुके हैं और कोविड के दौरान हम उनके कप्तानी कौशल से बेहद प्रभावित हुए थे।'' लैथम की टीम अप्रैल के पहले सप्ताह में ऑकलैंड, डुनेडिन और कीन्सटाउन में श्रीलंका का सामना करेगी, जिसके बाद वे 14 से 24 अप्रैल के बीच लाहौर (तीन) और रावलपिंडी (दो) में पांच टी20 खेलने के लिये पाकिस्तान रवाना होंगे। श्रीलंका और पाकिस्तान टी20 सीरीज के लिये न्यूज़ीलैंड स्कॉड : टॉम लैथम (कप्तान), चाड बोवेस, मार्क चैपमैन, मैट हेनरी, बेन लिस्टर, एडम मिल्ने, डेरिल मिचेल, जिमी नीशम, रचिन रवींद्र, टिम सीफर्ट (सिर्फ श्रीलंका सीरीज), हेनरी शिपले, ईश सोढ़ी, विल यंग। डेन क्लीवर, कोल मैककोन्ची और ब्लेयर टिकनर को सिर्फ पाकिस्तान दौरे के लिये टीम में चुना गया है।

## रामचरण और कियारा आडवाणी की जोड़ी गेम चेंजर में आयेगी नजर

एजेंसियां

**मुंबई** : दक्षिण भारतीय अभिनेता रामचरण और अभिनत्री कियारा आडवाणी की जोड़ी फिल्म गेम चेंजर में नजर आयेगी। रामचरण - कियारा आडवाणी की आने वाली फिल्म का टाइटल टेंटेटिवली आरसी 15 रखा गया था, लेकिन अब इसका नाम रिवील कर दिया गया है। रामचरण ने अपने जन्मदिन पर अपनी अपकमिंग फिल्म के टाइटल की घोषणा कर दी है। इस फिल्म का टाइटल गेम चेंजर रखा गया है। राम चरण ने टाइटल रिवील वीडियो भी अपने ऑफिशियल ट्विटर पर शेयर किया। राम चरण की गेम चेंजर का निर्देशन शंकर ने किया है।

## वीर हनुमान में काम करेंगे खेसारी लाल यादव

एजेंसियां

**मुंबई** : भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता खेसारी लाल यादव फिल्म वीर हनुमान में काम करते नजर आयेंगे। वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स के एमडी-फिल्म निर्माता रत्नाकर कुमार, खेसारी लाल यादव और निर्देशक पराग पाटिल की जोड़ी फिर से साथ काम करने जा रही है। वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स के एमडी-फिल्म निर्माता रत्नाकर कुमार ने खेसारी लाल यादव को लेकर अपनी नई भोजपुरी फिल्म वीर हनुमान को घोषणा की है, जिसका निर्देशन पराग पाटिल करने जा रहे हैं, वही फिल्म की कहानी अरविंद तिवारी की है। वर्ल्डवाइड चैनल जितेंद्र गुलाटी प्रस्तुत वीर हनुमान की शूटिंग जल्द ही शुरू की जाएगी। फिल्म की घोषणा करते हुए निर्माता रत्नाकर कुमार ने एक पोस्टर सांझा किया है। जिसमें वीर हनुमान का आधा भाग नजर आ रहा है। वही पूरा पोस्टर सिंदूर रंग के साथ बनाया गया है।

## रश्मिका मंदाना ने 'सामी सामी' गाना पर फिर किया डांस

एजेंसियां

**मुंबई** : दक्षिण भारतीय अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने एक बार फिर से अपने सुपरहिट गाना 'सामी सामी' पर डांस किया है। रश्मिका मंदाना अब नेशनल क्रश बन चुकी हैं। 'पुष्पा में उनका गाना 'सामी सामी' सुपरहिट रहा। जिसके बाद अवॉर्ड फंक्शन से लेकर इवेंट तक में रश्मिका इस गाने पर थिरकती दिखीं। 'सामी सामी' सुनते ही उनके डांस स्टेप्स याद आने लगते हैं। रश्मिका जब भी इस गाने पर डांस करती हैं पूरा समां बांध देती हैं। रश्मिका ने एक बार फिर 'सामी-सामी' गाना पर डांस किया है। हाल ही में रश्मिका मंदाना जयपुर के एक इवेंट में 'सामी-सामी' पर डांस करती नजर आईं। इस इवेंट की फोटोज सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर फैंस रश्मिका की स्माइल की तारीफ कर रहे हैं। इवेंट के लिए रश्मिका ने रेड कलर का हैवी वर्क वाला शरारा पहना था। इसके साथ ही मैचिंग कलर का दुप्पटा भी पेयर किया। मिनिमल मेकअप, काली बिंदी और हाई पोनीटेल के साथ देसी लुक में रश्मिका खूबसूरत लग रही थी। रश्मिका एक ज्वेलरी ब्रैंड के लॉन्च के लिए जयपुर पहुंची थी।

## ऋतिक रौशन ने मां पिंकी रौशन के साथ किया वर्कआउट

एजेंसियां

**मुंबई** : बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन ने अपनी मां पिंकी रौशन के साथ वर्कआउट किया है। ऋतिक एक्टिंग के अलावा अपनी फिटनेस का ध्यान रखते हैं। ऋतिक की मां पिंकी रोशन भी फिटनेस फ्रीक हैं। पिंकी रौशन ने सोशल मीडिया पर एक वर्कआउट वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह अपने बेटे ऋतिक के साथ एक्सरसाइज करती हुई नजर आ रही हैं। वीडियो में दोनों वर्कआउट के साथ मस्ती करते हुए भी नजर आए। पिंकी रौशन ने अपने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा- मां और बेटा हम हर समय मिलते हैं, लंच, डिनर, फिल्में, छुट्टियां, एक दूसरे के साथ अपने विचार शेयर करते हुए लेकिन सबसे खास समय वह होता है जब हम एक साथ जिम में समय बिताते हैं ।

## प्रदेश ›› अपडेट

**ढाई किलोग्राम अफीम के साथ दो लोग गिरफ्तार**

**फगवाड़ा** : पंजाब की फगवाड़ा पुलिस ने रविवार रात दो लोगों को ढाई किलोग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया।
फगवाड़ा पुलिस अधीक्षक मुख्तियार राय ने सुबह यूनीवार्ता को बताया कि राष्ट्रीय महामार्ग पर जमालपुर गांव नाके पर ट्रक की तलाशी में अफीम का पैकेट मिला, जिसके बाद पुलिस ने हरमिंदर सिंह और अमनदीप कुमार को गिरफ्तार किया और ट्रक भी जब्त कर लिया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स ››

**अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से दो लोग गंभीर**

**मंडला** : मध्यप्रदेश के मंडला जिले में एक अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। पुलिस सूत्रों के अनुसार मंडला जिला मुख्यालय से करीब चालीस किलोमीटर दूर स्थित नेशनल हाई वे मार्ग 30 पर भुआबिछिया में एक अनियंत्रित ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी एक दर्जन से अधिक दो पहिया वाहन को अपनी चपेट में लेकर क्षतिग्रस्त कर दिया। इस घटना में दो लोग गंभीर रुप से घायल हुए है। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गयी है।

**कोविड संक्रमितों की संख्या 10,000 के पार**

**नयी दिल्ली** : देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड संक्रमण के 1805 नए मामले सामने आए हैं और इसके साथ ही कुल संक्रमित व्यक्तियों की संख्या 10 हजार के पार हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड संक्रमितों की संख्या 10,300 हो गयी है और संक्रमण दर 1.33 प्रतिशत दर्ज की गई है। मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटे में 932 व्यक्ति कोविड संक्रमण से उबर गए हैं। स्वस्थ होने की दर 98.79 प्रतिशत है। इसी अवधि में 56551 कोविड संक्रमण परीक्षण किए गए हैं।

## संक्षिप्त ›› अपडेट्स

**वरिष्ठ पत्रकार नाथू शर्मा का निधन**

**अजमेर** : राजस्थान में अजमेर के निकटवर्ती तीर्थराज पुष्कर के लोकप्रिय वरिष्ठ पत्रकार नाथू शर्मा का आज सुबह निधन हो गया। 72 वर्षीय दिवंगत नाथू शर्मा लंबे समय से पुष्कर की पत्रकारिता में न केवल लोकप्रिय रहे बल्कि तीर्थ पुरोहितों, साधु संतों, राजनीतिज्ञों के साथ साथ सार्वजनिक जीवन के लोगों में अपनी पत्रकारिता की छाप छोड़े रहे। उन्होंने चालीस वर्षों तक दैनिक नवज्योति को पत्रकारिता की सेवाएं दी और वे पुष्कर प्रेस क्लब के अध्यक्ष भी रहे। शर्मा के निधन से पत्रकार जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। वे अस्पताल में भर्ती थे और आज सुबह उनका निधन हो गया। बड़ी बस्ती पुष्कर श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया जा रहा है। ब्रह्मा मंदिर के निकट उनके व्यवसायिक प्रतिष्ठान से ही वे पत्रकारिता को संचालित किया करते थे। उनके पुत्र नितिन शर्मा अब उनकी पत्रकारिता को आगे बढ़ाएंगे।

**कार में सवार परिवार पर हमले के आरोपी गिरफ्तार**

**श्रीनगर** : जम्मू कश्मीर पुलिस ने राजधानी श्रीनगर के परिमपोरा इलाके के पास कार में सवार एक परिवार पर कथित तौर पर उत्पीड़न और हमला करने वाले नौ युवकों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में रविवार शाम श्रीनगर के परिमपोरा इलाके में कार में सवार एक परिवार मदद मांगते तथा स्कूटी पर सवार युवकों के समूह द्वारा उनका पीछा और उन पर हमला करते दिखाई दे रहा है। श्रीनगर पुलिस ने ट्वीट में कहा, '' पुलिस ने एक वीडियो का संज्ञान लिया, जिसमें बाइक पर सवार युवकों का एक समूह सड़क पर एक परिवार को परेशान और हमला करता दिख रहा है।

**समझौता** माहौल देख ममता बनर्जी ने अपनी स्टैंड नर्म किया

# कांग्रेस द्वारा बुलायी गयी बैठक में शामिल होंगे टीएमसी के प्रतिनिधि

- पहले ही कर चुकी हैं अकेले चुनाव लड़ने का एलान
- लोकतंत्र बचाओ मुहिम में अलग थलग नहीं होना है
- राहुल पर फैसले की आलोचना भी ममता ने की है

**राष्ट्रीय खबर**

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अपने उस पूर्व एलान से हट रही है, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह कांग्रेस के साथ नहीं रहेंगी। ममता ने लोकसभा चुनाव भी अकेले ही लड़ने का एलान भी कर दिया था। अब राहुल गांधी की सदस्यता खारिज किये जाने के मुद्दे पर उन्होंने अपने तेवर थोड़े ढीले किया हैं। खबर है कि राहुल गांधी के सांसद पद की अस्वीकृति के विरोध में कांग्रेस विपक्ष के साथ गठबंधन करने के लिए तैयार है। उस माहौल में लोकतंत्र की रक्षा की मांग को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खर्ग द्वारा बुलाई गई बैठक में विभिन्न विपक्षी दल अपने प्रतिनिधि भेजेंगे। उस बैठक में राज्य की सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के दो सांसद भी होंगे। कांग्रेस द्वारा बुलाई गई बैठक में तृणमूल ने लोकसभा तृणमूल सांसद प्रसून बनर्जी और राज्यसभा तृणमूल सांसद जहर सरकार को भेजा है।

तृणमूल के इस कदम से साफ है कि राहुल के सांसद पद की अस्वीकृति और कांग्रेस के पाले में आई हल्की हवा के बाद देश भर में बनी भाजपा विरोधी भावना को लेकर तृणमूल खबरों से बाहर नहीं रहना चाहती है। अगर ऐसा है तो यह पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के रणनीतिक दृष्टिकोण से सही नहीं होगा। साथ ही वे दूसरे दर्जे के नेताओं को भेजकर कांग्रेस की बैठक को अतिरिक्त महत्व देने को तैयार नहीं हैं।

पार्टी के एक नेता के शब्दों में, हम देखना चाहते हैं कि कांग्रेस किस रास्ते पर जा रही है। इसलिए उन दो सांसदों को पानी नापने के लिए भेजा गया है। जब वे बैठक से लौटेंगे और पार्टी नेतृत्व को रिपोर्ट करेंगे, तो हम आगे की कार्रवाई के बारे में सोचेंगे। इस बीच ममता बनर्जी ने राहुल के सांसद पद को खारिज करने के लिए केंद्र की आलोचना की। उन्होंने राहुल का नाम न लेते हुए लिखा कि सभी विपक्षी दल अब केंद्र सरकार के निशाने हैं। तृणमूल अखिल भारतीय सचिव अभिषेक बनर्जी ने भी सार्थक ट्वीट किया। आगामी लोकसभा चुनाव के मुद्दे पर ममता यह कह चुकी हैं कि वे किसी भी तरह से कांग्रेस के साथ गठबंधन करने को तैयार नहीं हैं। दरअसल, तृणमूल ने एक कदम आगे बढ़ते हुए कांग्रेस की दादागिरी का जिक्र किया। लोगों के मुताबिक, तृणमूल यह भी संदेश देने की कोशिश कर रही है कि वह लोकतंत्र की रक्षा की मांग पर कांग्रेस से सहमत है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि तृणमूल कांग्रेस के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ने को तैयार नहीं है।

## कार्यकर्ताओं के सहयोग से बनेगा नवीन कार्यालय : शर्मा

**एजेंसियां**

**भोपाल** : भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देशानुसार पार्टी कार्यकर्ताओं के सहयोग से नया कार्यालय बनेगा। शर्मा ने कल कहा कि नड्डा के नेतृत्व में उनके प्रवास के दौरान कोर कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उनका मार्गदर्शन मिला है। उन्होंने कहा कि पार्टी के नवीन कार्यालय के लिए प्रदेश के हर कार्यकर्ता से सहयोग लिया जायेगा। हमारा प्रयास है कि पार्टी के कार्यकर्ता ही भवन निर्माण में सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव की दृष्टि से और प्रभावी रणनीति बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। शर्मा ने कहा कि बूथ विस्तारक अभियान-2 को और मजबूत करने के लिए हमने 31 मार्च तक तिथि बढायी है, जिसमें बूथ अध्यक्ष, महामंत्री और बीएलए सभी मेहनत कर रहे हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की विकासोन्मुखी योजनाओं को हितग्राहियों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। भाजपा ने मध्यप्रदेश में 51 प्रतिशत वोट शेयर हासिल करने का लक्ष्य रखा है, जिसे प्रदेश के कार्यकर्ता मैदान में उतरकर पूरा करेंगे।

## सिंचित क्षेत्र बर्बाद करने लिए कांग्रेस भाजपा जिम्मेदार : शयोपतराम

**एजेंसियां**

**श्रीगंगानगर** : अखिल भारतीय किसान सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य शयोपतराम मेघवाल ने आरोप लगाया है कि श्रीगंगानगर जिले में सिंचित क्षेत्र को बर्बाद करने में कांग्रेस और भाजपा की राज्य सरकारों ने कभी कोई कसर नहीं छोड़ी। मेघवाल रायसिंहनगर की हनुमान मंदिर धर्मशाला में व्यापारियों, प्रबुद्धजनों और गणमान्य नागरिकों के आयोजित स्नेह मिलन कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जनता के बुनियादी अधिकारों के लिए संघर्ष को जारी रखने की बात कही। श्रीगंगानगर जिले के विकास की गति एवं हमारी समृद्धि पूरी तरह सिंचाई परियोजनाओं पर टिकी है लेकिन भाजपा कांग्रेस की नियत इस सिंचाई परियोजना एवं सिंचित क्षेत्र के लिए ठीक नहीं है। मेघवाल ने आरोप लगाया कि कमजोर नेतृत्व व भाजपा कांग्रेस की जन नीतियों के कारण सीमावर्ती क्षेत्र प्रदेश के अन्य हिस्सों से अधिक पिछड़ा हुआ है।हम शिक्षा, चिकित्सा, सड़क, पेयजल और सिचाई पानी के लिए आंदोलन करने को मजबूर हैं। शयोपत मेघवाल ने कहा कि जनता के संघर्ष को सड़क से विधानसभा के सदन तक लेकर जाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

## सुदर्शन क्रिया मानवता के लिए अनुपम सौगात : शिवराज

**एजेंसियां**

**भोपाल** : मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के संस्थापक और आध्यात्मिक गुरू श्री श्री रविशंकर भौतिकता में दग्ध मानवता को न केवल भारत अपितु वैश्विक स्तर पर मार्गदर्शन और सम्बल उपलब्ध करा रहे हैं। वे सम्पूर्ण मानवता के लिए प्रकाश स्तंभ के समान हैं। चौहान श्री श्री रविशंकर के सान्निध्य में इंदौर में आयोजित योग मित्र तथा महारूद्र पूजा कार्यक्रम को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूज्य गुरूदेव द्वारा वैज्ञानिक आधार पर विकसित योग की सुदर्शन क्रिया मानवता के लिए बड़ी सौगात है। इससे हम शारीरिक ही नहीं मानसिक रूप से भी सबल बन सकते हैं। इंदौर नगर निगम द्वारा स्वच्छ इंदौर-स्वस्थ इंदौर के लिए शुरू योग मित्र अभियान अनुपम पहल है। उन्होंने आध्यात्मिक गुरू श्री श्री रविशंकर द्वारा इंदौर के इस आयोजन को सान्निध्य प्रदान करने के लिए उनका आभार माना।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के संबोधन के बाद बाल योग मित्रों द्वारा मंत्रोच्चारण के बीच योग पर आकर्षक प्रस्तुति दी गई। पूर्व मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर देश का स्वच्छतम नगर होने के साथ संस्कार और संस्कृति का भी केंद्र है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने स्वयं इंदौर के स्वाद की सराहना की है। विधायक श्रीमती मालिनी गौड, महापौर इंदौर पुष्यमित्र भार्गव तथा जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## पंजाब कांग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य सुखबीर कुकी भाजपा में शामिल

**एजेंसियां**

**जालंधर** : पंजाब कांग्रेस के कमेटी के पूर्व सदस्यएवंव ब्लॉक आदमपुर के कांग्रेस सचिव सुखबीर सिंह कुकी (मनिहास) सोमवार को अपने समर्थकों सहित भाजपा में शामिल हो गए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संगठन महामंत्री श्रीनिवासुलू की मौजूदगी और जालंधर(ग्रामीण) जिलाध्यक्ष रणजीत सिंह पवार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कुकी और अन्य ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महासचिव जीवन गुप्ता, राजेश बागा तथा सेठ सतपाल मल्ल आदि भी उपस्थित रहे। भाजपा नेताओं ने पार्टी में शामिल हुए कुकी और अन्य कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि ये सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और केंद्र की मोदी सरकार की जनहितैषी नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए हैं। इन सभी को पार्टी में पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। ये सभी अपने-अपने क्षेत्रों में पार्टी के प्रचार-प्रसार के लिए लगन और निष्ठा से काम करेंगे तथा आगामी चुनावों में भाजपा प्रत्याशी को विजेता बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान देंगे।

**रणनीति** राहुल के समर्थन में प्रशांत किशोर ने अटल बिहारी का उल्लेख किया

# छोटे दिमाग से कोई बड़ा आदमी नहीं बन सकता

**राष्ट्रीय खबर**

**नई दिल्ली** : इन दिनों बिहार में अपनी यात्रा कर रहे चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने भी राहुल गांधी को एक मानहानि के मामले में दो साल की सजा दिये जाने का विरोध किया है। प्रशांत किशोर की टिप्पणियों को तब से गंभीरता से लिया जाने लगा है जब उन्होंने पश्चिम बंगाल में भाजपा को दहाई अंकों से आगे की सफलता नहीं मिलने की बात कही थी। उस वक्त मुख्य धारा की मीडिया भाजपा की आंधी चलने की दावेदारी कर रहा था। चुनाव परिणाम घोषित हुए तो प्रशांत किशोर की बात सही निकली। वैसे उसके बाद प्रशांत किशोर, जिन्हें अब पीके कहा जाता है ने कांग्रेस के नेताओं से भी बात की थी पर बात बनी नहीं। अब पीके ने राहुल गांधी की 2019 मोदी पदनाम टिप्पणी के लिए 2 साल की जेल की सजा को अत्यधिक बताकर भाजपा पर जमकर निशाना साधा। 2024 के लोकसभा चुनाव करीब आ रहे हैं तो प्रशांत किशोर की यह टिप्पणी आई। प्रशांत किशोर ने अभी-अभी अपने वतन बिहार से पदयात्रा शुरू की है।

वहां उन्होंने राहुल की हालिया स्थिति के राजनीतिक निहितार्थ पर टिप्पणी की। इस पोलस्टर के अनुसार, सदियों पुरानी पार्टी कांग्रेस यह संदेश देने के लिए सुसज्जित नहीं है कि राहुल के साथ जो हुआ वह देश के हर कोने में अत्यधिक है। प्रशांत किशोर कहते हैं, मैं राजनीतिक विशेषज्ञ नहीं हूं।

लेकिन मैं कानून की प्रक्रिया का सम्मान करता हूं। राहुल को दी गई सजा थोड़ी ज्यादा है। कई लोग चुनाव की गर्मी में कई बातें कहते हैं। यह न तो पहला अध्याय है और न ही अंतिम अध्याय। प्रशांत किशोर कहते हैं, मानहानि के मामले में 2 साल की जेल की सजा थोड़ी ज्यादा लगती है। इस मामले में वे दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की याद दिलाते हैं। प्रशांत किशोर ने कहा, मैं केंद्र सरकार को अटल बिहारी वाजपेयी की याद दिलाना चाहता हूं, उन्होंने कहा, छोटा दिमाग होने से कोई बड़ा नहीं हो सकता। प्रशांत किशोर भाजपा सरकार पर निशाना साध रहे हैं और कह रहे हैं। उन्होंने कहा आज भाजपा सत्ता में है, इस बार बड़ा दिल दिखाने की जिम्मेदारी उनकी थी। उन्हें कुछ दिन इंतजार करना चाहिए था। गौरतलब है कि प्रशांत किशोर पहली बार 2014 में नरेंद्र मोदी के चुनाव विशेषज्ञ के रूप में सुर्खियों में आए थे। उसके बाद वह देश के कई नेताओं के साथ काम कर चुके हैं।

## न्यूज फटाफट

**मेलबोर्न से टोक्यो के बीच उड़ानें फिर से बहाल**

**सिडनी** : ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय विमानन कंपनी क्वांटास ने तीन साल से अधिक समय में पहली बार मेलबोर्न और जापान की राजधानी टोक्यो के बीच सीधी उड़ानें शुरू की हैं। कोरोना महामारी के कारण इन उड़ानों को स्थगित कर दिया गया था। सोमवार को जारी एक बयान के अनुसार, मेलबर्न अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और टोक्यो के हनेडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बीच नॉन-स्टॉप उड़ानें प्रदान करने वाली पहली एयरलाइन होगी। साल भर की उड़ानें एयरबस ए330 विमान से प्रति सप्ताह चार दिन संचालित होंगी। नारिता हवाई अड्डे के पूर्व-महामारी मार्ग की तुलना में नई सेवा से यात्रियों को डाउनटाउन टोक्यो की यात्रा में लगभग दो घंटे की बचत होने की उम्मीद है। कंटास डोमेस्टिक और इंटरनेशनल सीईओ एंड्रयू डेविड ने कहा,''हमें खुशी है कि अब हम अपने ग्राहकों को टोक्यो शहर के केंद्र और तीन प्रमुख पूर्वी तट ऑस्ट्रेलियाई शहरों से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था तक आसानी से पहुंच प्रदान कर सकते हैं।'' उन्होंने कहा,''विक्टोरिया में हमारे ग्राहक जापान में चेरी ब्लॉसम सीजन का आनंद लेने के लिए यात्रियों के वास्ते समय पर उड़ानें शुरू होने के साथ, इस मार्ग की वापसी की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

**जापान सखालिन परियोजनाओं में भागीदारी जारी रखेगा : किशिदा**

**टोक्यो** : जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कहा कि उनका देश सखालिन द्वीप पर ऊर्जा परियोजनाओं में भागीदारी जारी रखेगा। किशिदा ने रूस से ऊर्जा स्वतंत्रता प्राप्त करने के बारे में बात करते हुए सोमवार को संसद के ऊपरी सदन की एक बैठक में कहा कि 2022 की दूसरी छमाही में, जापान ने रूस से तेल आयात में 90 प्रतिशत की कमी की,तथा कोयले के आयात में 60 प्रतिशत की कटौती की गई। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर भविष्य में आवशयकताओं के तहत एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) की मांग बढ़ेगी, सखालिन पर परियोजनाओं हमारे देश की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं, इसलिए हम उनमें एक हिस्सा बनाए रखें। उन्होंने कहा ''ऊर्जा आपूर्ति के मुद्दों पर, हम जी 7 और विश्व समुदाय के देशों के साथ निकट सहयोग में हैं।''

**बिडेन ने मिसिसिपी में की आपातकाल की घोषणा**

**वाशिंगटन** : अमेरिका के राष्ट्रपति जो बिडेन ने मिसिसिपी प्रांत में विनाशकारी तूफान के बाद यहां आपातकाल की घोषणा की है। व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति ने रविवार को मिसिसिपी प्रांत में विनाशकारी तूफान से प्रभावित क्षेत्रों में केंद्रीय सहायता उपलब्ध कराने के आदेश दिये हैं। प्रभावित निवासियों को अस्थायी आवास, गृह पुनर्निर्माण सहित अन्य सहायता उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिये गये हैं। मिसिसिपी आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (एमईएमए) के मुताबिक तूफान से मरने वालों की संख्या 23 हो गई है, जबकि चार लोग लापता हैं जबकि अमेरिकी मीडिया की रविवार को जारी रिपोर्ट में मृतकों की संख्या 24 बतायी गयी है।

**तुर्की के उद्योग को भूकंप से नौ अरब डॉलर का नुकसान**

**इस्तांबुल** : तुर्की के उद्योग और प्रौद्योगिकी मंत्री मुस्तफा वारंक ने कहा कि फरवरी में आए भूकंप ने देश में 5,600 औद्योगिक उद्यमों को प्रभावित किया और देश की अर्थव्यवस्था के सामरिक क्षेत्र को नौ अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। वारंक ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि लगभग 170 अरब तुर्की लीरा (नौ अरब डॉलर) के बुनियादी ढांचे, इमारतों, उपकरणों और शेयरों को नुकसान का अनुमान लगाया गया हैं। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर तुर्की के 34 औद्योगिक क्षेत्रों में लगभग 5,600 उद्यम ज्यादा या मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हो गए। 33,000 अन्य कारखानों का संचालन जारी रहा। उल्लेखनीय है कि 06 फरवरी को 7.7 और 7.6 तीव्रता के दो भूकंपों ने नौ घंटे के अंतराल पर तुर्की के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्रों में हजारों घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। तुर्की के 11 प्रांतों और पड़ोसी देशों में, विशेष रूप से सीरिया में सैकड़ों झटकों के बाद भूमिगत झटके महसूस किए गए। तुर्की में भूकंप से 50,000 से ज्यादा लोगों की मौत हो गयी थी।

**ब्राजील के नाइट क्लब में गोलीबारी,तीन लोगों की मौत**

**साओ पाउलो** : ब्राजील में दक्षिणपूर्वी राज्य साओ पाउलों के साओ कार्लोस शहर के एक नाइट क्लब में हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गयी और दो अन्य घायल हो गये है। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार रात को हुई जब शराब के नशे में क्लब से बाहर निकाला गया एक व्यक्ति बंदूक लेकर लौटा और लोगों पर गोलियां चला दीं। गोलीबारी में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्थानीय पुलिस आयुक्त गिल्बर्टो एकिनो ने कहा कि 36 वर्षीय हमलावर को ड्यूटी पर तैनात दो पुलिस अधिकारियों ने गोली मार दी थी। एकिनो ने बताया कि क्लब से निकाले जाने के बाद हमलावर हेलमेट पहने हुए कार से पार्टी में लौटा और गोलीबारी शुरू कर दी।

**उत्तर कोरिया ने दो बैलिस्टिक मिसाइलें दागी**

**प्योंगयांग** : उत्तर कोरिया ने सोमवार सुबह दो बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया। मिसाइलों ने करीब 350 किलोमीटर की दूरी तय की। जापान के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। जापान कोस्ट गार्ड ने सोमवार को दो चेतावनियां जारी कीं, जिसमें बताया गया कि प्योंगयांग द्वारा दो मिसाइलें दागी गयी। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उत्तर कोरिया ने सोमवार को अपने पश्चिमी तट से दो बैलिस्टिक मिसाइलें दागी। ये दोनों मिसाइलें जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर गिरी। दोनों मिसाइलें 50 किलोमीटर की ऊंचाई तक पहुंचीं और लगभग 350 किलोमीटर की दूरी तय की। दक्षिण कोरियाई योनहाप समाचार एजेंसी ने दक्षिण कोरिया सेना का हवाला देते हुए बताया कि उत्तर कोरिया ने सोमवार को चुनघवा क्षेत्र से कम दूरी की दो बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण किया।

**यूक्रेन के कई क्षेत्रों में हवाई हमले की चेतावनी**

**कीव** : यूक्रेन के उत्तरी और पूर्वी क्षेत्रों में रविवार देर रात हवाई हमले के सायरन बजने लगे। यह जानकारी डिजिटल परिवर्तन मंत्रालय के हवाई हमले के आंकड़ों के अनुसार दी गई है। मंत्रालय के ऑनलाइन नक्शा में दिखाया गया है कि हवाई हमले की चेतावनी सुमी, पोल्टावा, निप्रॉपेट्रोस और चेर्निहाइव के यूक्रेन के क्षेत्रों में आधी रात के तुरंत बाद प्रभावी थी। हवाई हमले के सायरन कीव-नियंत्रित जापोरीजहिया क्षेत्र और दोनेत्स्क पीपुल्स रिपब्लिक (डीपीआर) में भी बजने लगे। यूक्रेन के सैन्य खुफिया विभाग के उप प्रमुख, वादिम स्किबिट्स्की ने इस महीने की शुरुआत में कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि रूसी सेना ने मिसाइल हमलों के लक्ष्यों को बदल दिया है, क्योंकि हाल के हमलों ने यूक्रेन के कई क्षेत्रों में ईंधन ठिकानों को नुकसान पहुंचाया।

## आज का इतिहास

- 1552 : सिक्खों के दूसरे गुरु गुरु अंगद देव का निधन।
- 1795 : पोलैंड का विभाजन।
- 1809 : मेडलिन युद्ध में फ्रांस के हाथों स्पेन की हार।
- 1891 : विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप आयोजित।
- 1917 : प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान महिलाओं की सेना सहायक कोर की स्थापना।
- 1939 : स्पेन में गृहयुद्ध समाप्त।
- 1941 : नेताजी सुभाष चंद्र बोस नजरबंदी से बचकर बर्लिन पहुँचे।
- 1963 : रूस और अमेरिका के बीच शीत युद्ध हुआ।
- 1965 : भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिज्ञ बिश्वेश्वर टुडू का जन्म।
- 1969 : अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति आइजनहावर का निधन।
- 1977 : मोरारजी देसाई ने भारत में सरकार बनायी।
- 1995 : राजस्थान के भूतपूर्व सातवें मुख्यमंत्री हरि देव जोशी का निधन।
- 2000 : वेस्टइंडीज के कोर्टनी वाल्स ने 435 विकेट लेकर कपिल देव का रिकार्ड तोड़ा।
- 2005 : इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप में शक्तिशाली भूकम्प से भारी तबाही।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
प्रथम पृष्ठ 2
रांची मंगलवार 12
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com
28:03:2023

## डॉ काजल बने रांची आईएमए के अध्यक्ष

रांचीः इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) का द्विवार्षिक चुनाव 2023-25 की परिणामों की घोषणा हो गयी। रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक हुए मतदान में कुल 773 वोटरों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवार चुनावी मैदान में थे। इनमें निवर्तमान अध्यक्ष डॉ शंभू प्रसाद सिंह और आईएमए के पूर्व महासचिव रहे डॉ शेखर चौधरी काजल थे।

**फैसला** भवनों में अब टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर की सुविधा देना अनिवार्य

# राज्य मे 605 करोड़ की लागत से खरीदी जाएगी 224 सिटी बस

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई सोमवार को प्रोजेक्ट भवन में झारखंड कैबिनेट की हुई बैठक में 44 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद कैबिनेट की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने बताया कि शहरी स्थानीय निकाय कर्मियों के लिए सातवें वेतन आयोग के आलोक में सरकार का वित्तीय भार 2027- 28 तक होगा, पहले यह सिर्फ 2022- 23 तक था। वहीं नगर विकास विभाग रांची नगर निगम में 605.45 करोड़ की लागत से 224 सिटी बसों की खरीद करेगी। इन बसों में नॉन एसी की 220 और एसी इलेक्ट्रिक बस 24 होगी। इससे राजधानी में बेहतर शहरी परिवहन व्यवस्था हो सकेगी।झारखंड के भवनों में अब कॉमन टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर की स्थापना अनिवार्य होगा। नगर विकास विभाग के बिल्डिंग बायलॉज 2016 में संशोधन किया गया इससे टेलीकॉम कंपनी जो सर्विस प्रोवाइडर इन आसानी से डिजिटल सुविधा पहुंचा सकेगी। बैठक में झारखंड श्रम प्रवर्तक भर्ती नियमावली (संशोधन) 2023 के साथ ही झारखंड औद्योगिक प्रशिक्षण सेवा संवर्ग संशोधित नियमावली 2023 की गठन की स्वीकृति दी गयी।

### कैबिनेट के अहम फैसले

- कल्याण विभाग अंतर्गत चल रहे एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय को गैर शैक्षणिक संस्थान द्वारा चलाने की अवधि विस्तार की स्वीकृति।
- शहरी स्थानीय निकायों की कर्मियों को दिए जा रहे सातवें वेतन पुनरीक्षण का भार अब सरकार द्वारा वहन करने की मिली स्वीकृति।
- एनसीसी की गतिविधियां अब स्कूली शिक्षा एवं सहकारिता विभाग के जिम्मे चलाने की मिली स्वीकृति, पहले खेलकूद विभाग द्वारा होता था संचालित।
- रांची में ट्रांसपोर्ट नगर निर्माण फेज 2 के लिए 57.82 करोड़ रुपए खर्च करने की स्वीकृति।
- झारखंड श्रम प्रवर्तक भर्ती नियमावली (संशोधन) 2023 के गठन की स्वीकृति
- झारखंड औद्योगिक प्रशिक्षण सेवा संवर्ग संशोधित नियमावली 2023 की गठन की स्वीकृति।
- वित्तीय वर्ष 2022- 23 में इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराने के लिए सिमडेगा व खूंटी के सभी प्रखंड मुख्यालय और दुमका प्रखंड में 84 करोड़ की खर्च करने की स्वीकृति
- झारखंड उत्पाद सिपाही सेवा (संशोधित) नियमवाली 2023 के गठन के संबंध में
- राज्य राज्य सेवा आपूर्ति नियमावली 2023 के गठन की स्वीकृति।
- राजधानी स्थित भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कार्यालय में अब कनिष्ठ स्तर के अधिकारी की भी होगी नियुक्ति।

किराए के मकान में चल रहा था नशे का कारोबार

## पुलिस ने 70 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ तस्कर मां बेटी को किया गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** पुलिस ने दो महिला तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी पंडरा ओपी से हुई है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पंडरा ओपी इलाके के बाजरा से इन महिला तस्करों को पकड़ा है। इनके पास से 70 पुड़िया ब्राउन शुगर भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार महिला तस्कर रिश्ते में मां बेटी हैं। यह लोग पंडरा ओपी इलाके के बाजरा में किराए के मकान में रहते थे। यहीं से दोनों नशे का कारोबार चलाते थे।पुलिस को जब इसकी सूचना मिली तो त्वरित कार्रवाई करते हुए मां और बेटी को गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद ब्राउन शुगर की 70 पुड़िया भी बरामद की गई, जिसकी बाजार में लगभग पांच लाख रुपये कीमत बताई जा रही है। पुलिस फिलहाल दोनों से पूछताछ कर रही है और यह जानने की कोशिश कर रही है कि इस धंधे में और कौन-कौन से लोग शामिल हैं। रांची पुलिस नशे के कारोबार को रोकने में पूरे जोर-शोर से जुटी हुई है। पिछले कुछ दिनों से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के लिए बड़ी चुनौती भी सामने आई है, लेकिन पुलिस पूरी तत्परता से जुटी है। नशे के कारोबारी अलग-अलग तरीके अपनाकर धंधे का विस्तार करते रहते हैं, लेकिन पुलिस भी अपनी गुप्त सूचना और सतर्कता के कारण उनके मंसूबे सफल नहीं होने दे रही है। गिरफ्तारी के बाद रांची एसएसपी ने कहा कि जो भी नशे के सौदागर हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस गिरफ्तार तस्कर महिलाओं से पूछताछ कर रही है।

## दुकान की शीट काट कर पैसे और सामान ले उड़े चोर

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** हाल के दिनों में रांची मे चोरों का आतंक कुछ ज्यादा ही देखने को मिल रहा है। ऐसी ही एक चोरी की वारदात रांची के नामकुम थाना क्षेत्र से सामने आई है, जहां सीसीटीवी फुटेज में चोरी की पूरी वारदात कैद हो गई। बीती रात चोरों ने थाना क्षेत्र के चायबगान में अंडा के होलसेल दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इस वारदात में चोरों ने लगभग 25 हजार नगद और अन्य सामान पर हाथ साफ किया। दुकान संचालक ज्ञानेश सिंह के अनुसार, ऊपर का शीट काट कर चोर दुकान में घुसे थे। सीसीटीवी फुटेज में भी ये साफ नजर आ रहा है कि चोर दुकान की शीट काट दुकान में दाखिल हुआ। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है। साथ ही साथ जिस इलाके में चोरी की वारदातें बढ़ी हैं, उस इलाके में पीसीआर की गश्त बढ़ाने का निर्देश भी दिया गया है।

## हाई कोर्ट ने सीबीआई को पार्टी बनाने का दिया निर्देश

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** हजारीबाग में एनटीपीसी द्वारा जमीन अधिग्रहण मामले के दौरान हुए 3000 करोड़ के भूमि-मुआवजा घोटाला में दायर जनहित याचिका पर आज हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने सीबीआई को प्रतिवादी बनाने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की बेंच ने मंटू सोनी द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई की। मंटू सोनी की ओर से अधिवक्ता अभिषेक कृष्ण गुप्ता और मदन कुमार ने पक्ष रखा। अदालत अब दो सप्ताह बाद इस जनहित याचिका पर सुनवाई करेगी। हजारीबाग में भूमि-मुआवजा से संबंधित गड़बड़ियों के सामने आने के बाद वर्ष 2016 में तत्कालीन उपायुक्त मुकेश कुमार की अनुसंशा पर, राज्य सरकार ने रिटायर्ड आईएएस अधिकारी देवाशीष गुप्ता की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय एसआईटी टीम गठित की थी। एसआईटी की टीम ने राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट में 3000 करोड़ के भूमि मुआवजा घोटाले किए जाने और 300 करोड़ मुआवजा बांट दिए जाने की जानकारी दी थी। प्रार्थी के अनुसार राज्य सरकार द्वारा कार्रवाई के नाम पर अब तक सिर्फ एनटीपीसी के प्रबंध निदेशक और हजारीबाग उपायुक्त को पत्राचार किया गया है। वहीं देवाशीष गुप्ता की अध्यक्षता वाली एसआईटी की रिपोर्ट फिलहाल सार्वजनिक नहीं की गई है। जानकारी के अनुसार, रिपोर्ट में कई रसूखदारों द्वारा सरकारी गैर मजरुआ खास-आम भूमि, सार्वजनिक उपयोग की जाने वाली जमीन, श्मशान घाट, स्कूल और मैदान आदि जमीनों का भी फर्जी कागजात बनाकर मुआवजे का बंदरबांट किया गया था।

## राजीव कुमार और अमित अग्रवाल की डिस्चार्ज पिटीशन पर आदेश सुरक्षित

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी वकील राजीव कुमार एवं कारोबारी अमित अग्रवाल की ओर दाखिल डिस्चार्ज अर्जी पर शनिवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई ।कोर्ट ने मामले में आदेश के लिए 6 अप्रैल की तिथि निर्धारित की है। दोनों ने आरोप गठन से पूर्व मामले में खुद को निर्दोष बताते हुए अदालत से आरोप मुक्त करने की अर्जी दाखिल की है। बता दें कि ईडी ने 13 अक्टूबर 2022 को राजीव कुमार एवं अमित अग्रवाल के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। मामले में अब उनके खिलाफ आरोप गठन होना है।कोलकाता पुलिस के एआरएस विभाग ने हैरिसन स्ट्रीट में अवस्थित व्यावसायिक परिसर से बीते 31 जुलाई 2022 की रात को 50 लाख नकद के साथ अधिवक्ता राजीव कुमार को गिरफ्तार किया था। बाद में उनके खिलाफ ईडी ने मनी लाउंड्रिंग का मामला दर्ज किया था। जिसमें अमित अग्रवाल को भी आरोपी बनाया गया। अमित अग्रवाल और राजीव कुमार फिलहाल जमानत पर जेल से बाहर है।

## डीसी हाईकोर्ट में हुए हाजिर

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** रतन हाईट्स बिल्डिंग सोसाइटी की याचिका पर सुनवाई करते हुए सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में रांची डीसी कोर्ट में हाजिर हुए। कोर्ट के आदेश के आलोक डीसी ने जवाब दाखिल किया। डीसी ने कोर्ट में बताया है कि 20 अप्रैल के बाद रिटेनिंग वॉल कैसा होना चाहिए इसका डिजाइन बीआईटी मेसरा दे सकता है। बीआईटी अभी शैक्षणिक एक्टिविटीज में बिजी है। इस पर कोर्ट ने मेकॉन के अधिवक्ता को मौखिक कहा कि वह मेकॉन से इंस्ट्रक्शन ले कि वह रिटेनिंग वॉल की जांच करेगा या नहीं। अगर रिटेनिंग वॉल सही नहीं है तो डिजाइन में कितना खर्चा लगेगा, इसका इस्टीमेट दे। कोर्ट को बताया गया कि रिटेनिंग वॉल का जो खर्चा होगा वह डीसी की ओर से वहन किया जाएगा। कोर्ट ने मौखिक कहा कि मेकॉन वेरीफाई कर बताये रिटेनिंग वॉल सही है या नहीं ? कोर्ट ने मामले की सुनवाई 29 मार्च निर्धारित की।पिछली सुनवाई में कोर्ट ने डीसी को कहा था कि वह रिटेनिंग वॉल के संदर्भ में बीआईटी मेसरा से वेरीफाई कर बताएं कि वहां के निवासियों की सेफ्टी के लिए यह ठीक है या नहीं।

## श्री महावीर मंडल के अखाड़ाधारियों के साथ प्रशासन की बैठक

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** श्री महावीर मंडल रांची महानगर, रांची के सभी अखाड़ों एवं श्रृंगार समिति का बैठक चैंबर भवन में किया गया। जिसमें महानगर के विभिन्न आखाड़ा धारियों के अध्यक्ष एवं उनके प्रतिनिधियों ने खुलकर रांची प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के समक्ष अपने बातों को रखा। जिसमें समय से जुलूस का लाइसेंस देना। नई लाइसेंस का व्यवस्था करना जुलूस के मार्गो को जहां-जहां गढ़े हैं उसको अतिशीघ्र भर देना, बिजली पानी की व्यवस्था करना, लौटते हुए जुलूस के मार्गो में लाइट की व्यवस्था करना इत्यादि मांग शामिल हैं। बैठक में उपयुक्त, एसएसपी, सिटी एसपी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। महानगर के अध्यक्ष कुणाल अजमानी, महामंत्री मुनचुन राय, डॉ दिलीप सोनी, रमेश बाली, शेखर शरण, बादल सिंह ने संयुक्त रूप से मंडल की ओर से अंगवस्त्र, तलवार एवं स्मृति चिन्ह दे कर सबको सम्मानित किया। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कुणाल अजमानी एवं स्वागत भाषण मंत्री मुनचुन राय, संचालन रविन्द्र वर्मा एवं रोहित शरदा ने किया। जिसमें पूरे शहर से 105 आखाड़ा एवं 19 श्रृंगार समिति के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से विधायक सीपी सिंह, मुकेश अग्रवाल, दिपक अग्रवाल, विक्रांत विश्कर्मा, राजन वर्मा, कौशल चौधरी, अंकित सरकार, राहुल सोनी, समीर कुमार एवं अमन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

**निर्देश** कोर्ट ने कहा जवाब नहीं आया तो दस्तावेज के आधार पर अदालत आदेश पारित करेगी

## नगर निगम में फोर्थ ग्रेड कर्मियों के प्रमोशन मामले में डीएमए ने जवाब के लिए मांगा समय

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** रांची नगर निगम (आरएमसी) में फोर्थ ग्रेड में नियुक्त कर्मियों के थर्ड ग्रेड में प्रमोशन से संबंधित अवमानना याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान डायरेक्टरेट ऑफ म्युनिसिपल एडमिनिस्ट्रेशन (डीएमए) ने प्रार्थी की हस्तक्षेप याचिका (आईए) पर जवाब दाखिल करने के लिए 4 सप्ताह के समय की मांग की, जिस पर कोर्ट ने डीएमए को एक सप्ताह का समय प्रदान करते हुए जवाब दाखिल करने को कहा। कोर्ट ने कहा कि जवाब दाखिल नहीं होता है तो जितने संबंधित दस्तावेज हैं उसके आधार पर कोर्ट आदेश पारित करेगी। प्रार्थी की ओर से आईए दायर कर रांची नगर निगम कर्मचारी संघ के दो कर्मियों को डायरेक्टरेट ऑफ म्युनिसिपल एडमिनिस्ट्रेशन (डीएमए) के द्वारा सो काउज नोटिस जारी करने एवं उनपर विभागीय कार्रवाई शुरू करने के आदेश पर सवाल उठाया गया है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति दीपक रोशन की कोर्ट ने की। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता प्रेम पुजारी ने पैरवी की। दरअसल , प्रार्थी फोर्थ ग्रेड कर्मियों की ओर से वर्ष 2013 में हाई कोर्ट में रिट दाखिल की गई थी। जिस पर हाईकोर्ट की एकल पीठ ने वर्ष 2020 में मामले को निष्पादित करते हुए आदेश दिया था कि रांची नगर निगम की बोर्ड ने जब निर्णय लिया है कि ये कर्मी उच्च पद पर काम कर रहे हैं और वे थर्ड ग्रेड के पद के लिए एलिजिबल है इसलिए उन्हें प्रमोट कर देंगे , तो रांची नगर निगम की बोर्ड अपने इस निर्णय को लागू करें ।लेकिन निगम की ओर से कोर्ट के इस आदेश का पालन नहीं किया गया। जिसके बाद प्रार्थी रांची नगर निगम कर्मचारी संघ की ओर से हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की गई।